




# दैनिक अर्थ प्रकाश

उत्तर भारत का अनूठा अखबार, प्रादेशिक व लोकल खबरों का एकमुश्त उपहार


**आयुर्वेदिक टिप्स** # 412 by Veddhama Foundation

**मुँहासें के लिए घरेलू इलाज**

10–15 नीम के पत्ते, 1 छोटा चम्मच चंदन का पाउडर और 1/4 चम्मच हल्दी का पाउडर एक साथ मिला लें। नीम के पत्तों को अच्छी तरह से साफ कर लें फिर नीम के पत्तो के साथ चन्दन पाउडर व हल्दी को मिलाकर इनको पीसकर अच्छे से इनका पेस्ट बनाकर चेहरे पर मास्क की तरह आधे घण्टें तक लगाकर रखे फिर चेहरे को सादे पानी से अच्छे से धो ले। यह पेस्ट रोज दो हफ्तों तक लगाने से मुँहासे खत्म हो जाते हैं।

Dr. (Vaidya) Vivek Ahuja (Ayurveda & Nadi Expert)
www.drvivekahuja.in


वर्ष 37 | अंक 266 | मूल्य 3:00 रुपये | पृष्ठ संख्या : 12 | चंडीगढ़, सोमवार, 26 सितंबर, 2022 | अश्विन शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रमी संवत-2079 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV


## 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा ऐलान, कहा-

# चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखा जाएगा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** 'मन की बात' के 93वें एपिसोड में पीएम नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखा जाएगा। यह फैसला भगत सिंह की जयंती के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए लिया गया है। उनकी जयंती 28 सितंबर को मनाई जाएगी। पीएम ने कहा कि भगत सिंह जी की जयंती के ठीक पहले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह तय किया गया है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम अब शहीद भगत सिंह जी के नाम पर रखा जाएगा। इसकी लम्बे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। मैं चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और देश के सभी लोगों को इस निर्णय की बहुत-बहुत बधाई देता हूं।




पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज 25 सितंबर को देश के प्रखर मानवतावादी, चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया जा रहा है। उनके विचारों की खूबी यही रही है उन्होंने अपने जीवन में विश्व की बड़ी उथल-पुथल को देखा था। वे विचारधाराओं के संघर्षों के साक्षी बने।

पीएम ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान हम आत्मनिर्भर भारत का भी लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, जो सही मायने में आजादी के दीवानों को एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आप से निवेदन है कि खादी, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट के प्रोडक्ट खरीदने में सारे रिकॉर्ड तोड़ दें।

### पीएम के ऐलान से हर पंजाबी का सपना पूरा हुआः सीएम मान



मोहाली हवाई अड्डे का नाम शहीद- ए- आजम भगत सिंह के नाम पर रखने के फैसले का स्वागत करते हुये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह राज्य सरकार की तरफ से अथक कोशिशों का नतीजा है। मान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से अपने प्रोग्राम ' मन की बात' में इस हवाई अड्डे का नाम महान शहीद के नाम पर रखने के किये ऐलान से समूचे देश में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि यह उनके और हर पंजाबी के लिए सपना साकार होने के बराबर है।


# पानीपत का गांव बाबरपुर बना श्री गुरुनानकपुर

## इतिहास की गलतियां ठीक कर रहेः सीएम मनोहरलाल

■ यूपी के बाद अब हरियाणा में भी शुरू हुई शहरों-कस्बों के नामों की बदली

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पानीपत।** उत्तर प्रदेश के बाद अब हरियाणा में भी शहरों-कस्बों की नाम बदली शुरू हो गई है। हरियाणा सरकार ने पानीपत के गांव बाबरपुर का नाम बदल दिया है। इसका नाम अब श्री गुरुनानक पुर होगा। सीएम मनोहर लाल ने रविवार को पानीपत दौरे के दौरान इसका ऐलान किया। सीएम ने कहा कि इतिहास में जो गलतियां हुई हैं, उसे ठीक करना हमारा काम है। इसलिए यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांव का नाम बदलकर श्री गुरु नानकपुर रखने की सिफारिश की थी, जिसे मान्यता दे दी गई है। नाम बदलने का काम अच्छा है। इतिहास में जो भी गलतियां हुई हैं, उन्हें ठीक करना हर सरकार का काम होता है। लोगों की भावना के अनुसार काम किया जाता है, इसलिए यह प्रस्ताव पारित किया गया है।



**दो हिस्सों में बंटा है बाबरपुरः** बाबरपुर गांव दो हिस्सों में बंटा है। एक हिस्से में बाबरपुर मंडी है तो दूसरे हिस्से में बाबरपुर गांव। बाबरपुर मंडी की आबादी 6500 से 7 हजार के बीच है। यहां 18 सौ से दो हजार वोटर हैं। बाबरपुर गांव की आबादी 25 सौ से 3 हजार है और यहां साढ़े 15 सौ से 16 सौ वोट हैं।

**नगर निगम ने भेजा था सरकार को प्रस्तावः** पानीपत शहरी सीट से बीजेपी विधायक प्रमोद विज ने बताया कि बाबरपुर का नाम श्री गुरु नानकपुर करने के प्रस्ताव पर सभी पार्षदों, मेयर और विधायकों के बीच सहमति बन गई थी। इसके बाद ही नाम बदलने का प्रस्ताव पानीपत नगर निगम की हाउस मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर सरकार को भेजा गया। अब राज्य सरकार ने इसकी इजाजत दे दी है।

# पंजाब विस का सेशन कल से, गवर्नर ने दी मंजूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित ने 2 बार की तकरार के बाद आखिरकार पंजाब सरकार के 27 के लिए विधानसभा सेशन को मंजूरी दे ही दी। गवर्नर हाउस की तरफ से इसके ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं। ऑर्डर में गवर्नर ने भारतीय संविधान के आर्टिकल (1) की धारा 174 का जिक्र करते हुए मंजूरी दी है। पंजाब सरकार ने गवर्नर से 27 सितंबर को बुलाने की मांग की थी।

गौरतलब हैकि पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित पंजाब विधानसभा का 22 सितंबर को बुलाया गया स्पेशल सेशन रद्द कर चुके हैं। उस समय राज्यपाल और मुख्यमंत्री में तकरार हुई थी। इसके बाद उन्होंने सीएम भगवंत मान को संविधान का पाठ पढ़ाया। उन्होंने उन्हें बताया कि गवर्नर और सीएम का काम क्या होता है? सीएम यह समझ सकें कि स्पेशल सेशन रद्द क्यों किया गया और संविधान के अनुसार सेशन बुलाने की सही प्रक्रिया क्या होती है। इसके बाद दूसरी बार मंजूरी मांगने पर प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।



### गवर्नर की मंजूरी महज औपचारिकताः सीएम मान

सीएम भगवंत मान गवर्नर के संविधान के पाठ पर कड़ी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। मान कह चुके हैं कि विधानसभा के किसी भी सेशन से पहले गवर्नर या राष्ट्रपति की सहमति एक औपचारिकता है। 75 वर्ष में किसी भी राष्ट्रपति या गवर्नर ने सत्र बुलाने से पहले कभी विधायी कार्यों की सूची नहीं मांगी। विधायी कार्य बिजनेस एडवाइजरी कमेटी और स्पीकर द्वारा तय किया जाता है। अब बहुत हो गया।

# सोनाली फोगाट की बहन लड़ेगी आदमपुर उपचुनाव

■ रुकेश पूनिया ने 23 अक्टूबर को समर्थकों की बुलाई मीटिंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले की आदमपुर विधानसभा के उपचुनाव में कुलदीप बिश्नोई के लिए नई चुनौती खड़ी हो गई है। यहां से सोनाली फोगाट की बहन रुकेश पूनिया चुनाव मैदान में उतर रही हैं। सोनाली की मौत के बाद उनकी राजनीतिक विरासत रुकेश पूनिया को ही सौंपी गई है। जिसके बाद रुकेश ने आदमपुर उप चुनाव लड़ने की तैयारी भी शुरू कर दी है। इसके लिए 23 अक्टूबर को उन्होंने सोनाली समर्थकों की मीटिंग बुला ली है।

**पार्टी तय नहीं लेकिन चुनाव जरूर लड़ेंगेः** रुकेश पूनिया के पति अमन पूनिया ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि किस पार्टी की टिकट पर रुकेश चुनाव लड़ेंगे, इसका फैसला अभी नहीं हुआ है। इतना तय है कि आदमपुर उपचुनाव सोनाली की बहन रुकेश जरूर उतरेगी।

### टैंशन ख़ल्लास





देखें किसकी तैरे नाव
हिमाचल में होने वाले, जल्द
अब चुनाव, देखें किसकी
नैया दुबे, किसकी तैरे नाव।

- अर्थ प्रकाश

### वीड़ियो बनाने के चक्कर में गई युवक की जान, युवती घायल

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में रविवार को सड़क हादसे में युवक की मौत जान चली गई, जबकि युवती घायल हो गई। हादसा टोल प्लाजा के पास हुआ। यहां चलती बाइक पर रील्स बना रहे युवक-युवती आगे चल रही गाड़ी से जा टकराए। जिससे दोनों जमीन पर गिर गए। हादसे के बाद कार चालक ने गाड़ी को साइड में रोका और दोनों को अपनी क्षतिग्रस्त कार में लेकर सिविल अस्पताल पहुंचा। जहां चेकअप के दौरान डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि चेकअप के दौरान सामने आया कि लड़की की दोनों आंखें नहीं थी। डॉक्टरों का अनुमान है कि उसकी आंखें भीतर की ओर धंस गई हैं। उसका प्राथमिक उपचार कर उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।बुलेंस में घायल ल?की खुशबू।



## सम्पादकीय

# बारिश ने जीना किया मुहाल

इस बार का मानसून ऐसी यादें छोडकर जाएगा, जोकि बेशक एक समय बाद दिमागों से ओझल हो जाएं, लेकिन उनके निशान हमेशा बाकी रहेंगे। चाहे वह दक्षिण हो या उत्तर। पूर्व हो या पश्चिम पूरे देश में आसमानी आफत ने जनजीवन को मुश्किल हालात में डाला हुआ है। पहाड़ दरक रहे हैं, नदियों-नालों में और पानी समाने की जगह नहीं रही। जमीन धंस रही है, खेत और खलिहान डूब चुके हैं। गंगा जी ने इस बार अपने किनारों से कहीं आगे बढ़ते हुए ऐसा रौद्र रूप दिखाया है, जोकि पिछले अनेक वर्षों में नहीं दिखा। पंजाब और हरियाणा में पिछले तीन-चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है, हालात जल प्रलय जैसे हो गए हैं। हरियाणा की आर्थिक राजधानी गुरुग्राम में तो सडक गायब हो चुकी हैं, उन पर गाडियां नहीं किश्तियां चल रही हैं। उत्तर प्रदेश हो या राजस्थान या मध्यप्रदेश हर जगह ऐसी आफत मची है कि उससे बच पाना मुश्किल हो रहा है। देश की राजधानी नई दिल्ली में बीते कई दिनों सराबोर है। देश के अनेक राज्यों में बाढ़ का संकट है। उत्तर प्रदेश के अनेक जिले बाढ़ की चपेट में हैं, इसी प्रकार राजस्थान और मध्यप्रदेश में भी बाढ़ आई हुई है। यह सब काफी चिंताजनक है, लेकिन विवशता ऐसी है कि इसे रोका नहीं जा सकता। केवल इसके बारे में चर्चा ही की जा सकती है।


उत्तर पूर्वी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के आसपास के हिस्सों पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। ट्रफ रेखा पूर्वोत्तर राजस्थान, उत्तर प्रदेश से होते हुए मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, ओडिशा से बंगाल की उत्तर पश्चिमी खाड़ी तक जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में अभी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। राजधानी दिल्ली में बेशक कुछ राहत मिलने के आसार हैं। हालांकि, पूरी तरह से मौसम अगले हफ्ते मंगलवार के बाद ही साफ होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने कई राज्यों में अलर्ट भी जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस लगातार बारिश की वजह उत्तर पूर्वी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के आसपास के हिस्सों पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनना एक वजह है। मौसम विभाग का यह भी कहना है कि निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर की ओर आगे बढ़ेगा, जिस कारण उत्तरी हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और पश्चिमी उत्तर भारत में बारिश की रफ्तार बढ़ेगी। इस बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सोमवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। राज्य में अलीगढ़, हाथरस, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद आदि में यह बारिश होगी। प्रदेश के अधिकतर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**राजधानी दिल्ली में बेशक कुछ राहत मिलने के आसार हैं। हालांकि, पूरी तरह से मौसम अगले हफ्ते मंगलवार के बाद ही साफ होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने कई राज्यों में अलर्ट भी जारी किया है।**

मानसून के विदा होने से पहले पहाड़ों पर मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। लगातार बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। शिमला, सिरमौर, कांगड़ा, चंबा और मंडी जिला के कुछ क्षेत्रों में रविवार को बाढ़ के हालात बने रहे, हिमाचल में 28 सितंबर तक मौसम खराब बना रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। इसी प्रकार उत्तराखंड में भी लगातार बारिश हो रही है। यहां अनेक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मौसम वैज्ञानिक भी पहाड़ से लेकर मैदान तक तीन दिन तक बारिश की संभावना जता रहे हैं। बहुत भारी बारिश की संभावनाओं को देखते हुए सरकार, शासन और जिला प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा गया है। वैज्ञानिकों ने भारी बारिश के साथ ही बिजली गिरने की भी संभावना जताई है। उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार में बहुत भारी बारिश की आशंका है। इस बीच पंजाब के 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन स्थानों पर बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं चलेंगी और साथ ही हल्की बारिश भी जारी रहेगी। राज्य में माझा के पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, दोआबा के होशियारपुर, नवांशहर, कपूरथला व जालंधर, मालवा के लुधियाना, बरनाला, मानसा, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला व एसएएस नगर में जमकर बारिश हो रही है।

हरियाणा के संदर्भ में बात करें तो राज्य में आसमानी आफत से हजारों एकड़ में खड़ी धान, बाजरा और ज्वार की फसल तबाह हो चुकी है। राज्य सरकार ने पहली अक्तूबर से धान की फसल की खरीद शुरू करने की घोषणा की हुई है। हालांकि किसान संगठनों ने समय से पहले फसल खरीद शुरू करने की मांग की थी, इसके लिए धरना-प्रदर्शन करते हुए रोड जाम किया गया। जिसके बाद सरकार और किसानों में सहमति बनी। यह भी गौर करने लायक है कि प्रदेश के अनेक जिले हैं, जहां पर हमेशा बरसाती पानी जमा रहता है, इसकी वजह से किसानों को नुकसान हो रहा है। अब इस बारिश के बाद हालात और खराब हो जाएंगे। अब किसान सरकार से गिरदावरी करवा कर मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। विपक्ष की ओर से सरकार पर आरोप लगाया जा रहा है कि वह किसान के हितों की सुरक्षा नहीं कर रही। किसानों की उम्मीद वह फसल होती है, जोकि उसके खेत में पकती है और उसे बेचकर वह बेटी की शादी करता है, घर बनाता है, बच्चों की शिक्षा पर खर्च करता है और तमाम अन्य खर्चों को पूरा करता है। अगर ऐसी मुश्किल घड़ी में सरकार भी उसके साथ खड़ी नहीं होगी तो यह निराशाजनक ही होगा। हरियाणा सरकार को गुरुग्राम पर भी काम करने की जरूरत है। हर मानसून में यह शहर बारिश के पानी में डूब रहा है। यहां करोड़ों रुपये के आलीशान भवन बने हैं, वैश्विक कंपनियों के मुख्यालय हैं। अगर महाराष्ट्र में मुंबई है, कर्नाटक में बेंगलुरु है, वैसे ही हरियाणा में गुरुग्राम है। यह चिंता की बात है कि यहां बारिश का पानी जमा होकर ऐसी तबाही क्यों ला देता है। वैसे सरकार की ओर से करोड़ों रुपये इस कार्य के लिए रखे गए हैं। अब विपक्ष यही सवाल पूछ रहा है कि वह पैसा जा कहां रहा है। बारिश की रोकथाम संभव नहीं है लेकिन इसका निस्तारण और पानी का संरक्षण करके जहां भविष्य के लिए पानी की जरूरत पूरी की जा सकती है, वहीं अपने शहरों को बाढ़ ग्रसित होने से बचाया जा सकता है। बढ़ते कंक्रीट के जंगल के बीच बारिश के पानी के निस्तारण की योजना प्रमुखता से बिल्डिंग प्लान में बननी जरूरी है।

# मोदी को इनसे कोई खतरा नहीं



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**देश में अपने बाप या माँ के दम पर जो भी नेता बने हैं, उनका अहंकार रावण को भी मात करता है। कांग्रेस का भी असली रोग यही है। गहलोत इस रोग से मुक्त हैं।**

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

हआज के दिन तीन बड़ी खबरें हैं। ये तीनों अलग-अलग दिखाई पड़ रही हैं लेकिन तीनों आपस में एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। पहली खबर यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष कौन बनेगा? दूसरी खबर यह कि देश के लगभग सभी प्रमुख विरोधी दल मिलकर भाजपा-विरोधी मोर्चा खड़ा कर रहे हैं। तीसरी खबर यह कि यदि अशोक गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष बनना पड़ गया तो राजस्थान का मुख्यमंत्री कौन बनेगा? यदि अशोक गहलोत का बस चलेगा तो सचिन पायलट को वे अपना स्थान क्यों लेने देंगे? जिस व्यक्ति ने उनकी कुर्सी हिलाने के लिए जमीन-आसमान एक कर दिए थे और जिसे मुख्यमंत्री ने निकम्मा तक कह दिया था, उसका मुख्यमंत्री बन जाना गहलोत की इकन्नी हो जाना है। इसका अर्थ यह भी हुआ कि गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने का कोई अर्थ नहीं है। जिसे प्रियंका और राहुल जो चाहें, सो बना दें तो फिर आप चाहे प्रधानमंत्री बन जाएं या कांग्रेस अध्यक्ष बन जाएं, आप रबर के ठप्पे से ज्यादा कुछ नहीं होंगे। यों भी गहलोत चाहते थे कि वे मुख्यमंत्री और पार्टी-अध्यक्ष, दोनों बने रहें लेकिन राहुल ने एक व्यक्ति, एक पद का बयान खुले-आम देकर गहलोत की मन्शा पर पानी फेर दिया। वैसे गहलोत की यह इच्छा गलत नहीं थी, क्योंकि जब एक व्यक्ति प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष दोनों बने रह सकता है तो वह मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष क्यों नहीं बना रह सकता है? इसमें शक नहीं कि आज कांग्रेस की जो दुर्दशा है, उसके मूल में बापकमाई का असली मसला है। देश में अपने बाप या माँ के दम पर जो भी नेता बने हैं, उनका अहंकार रावण को भी मात करता है। कांग्रेस का भी असली रोग यही है। गहलोत इस रोग से मुक्त हैं। वे खुद-मुख्तार हैं। जमीनी नेता हैं। विनम्र और मिलनसार हैं। वे नए और पुराने सभी कांग्रेसियों को जोड़ने में सफल हो सकते हैं लेकिन असली सवाल यह है कि प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनी इस कांग्रेस में उनकी हैसियत क्या होगी? यदि उनकी हैसियत सिर्फ एक मुनीम की होगी, मालिक की नहीं तो वे रबर का ठप्पा बनकर रह जाएंगे। कांग्रेस की हालत आज जो है, उससे भी बदतर होती चली जाएगी। जहां तक चौधरी देवीलाल के जन्म दिन पर देश के विपक्षी दलों के एक होने का प्रश्न है, उसके मार्ग में कई रोड़े हैं। पहला तो यह कि विपक्ष का एकछत्र नेता कौन बनेगा? क्या कांग्रेस किसी अन्य को अपना नेता मान लेगी? दूसरा, विपक्ष के पास मुद्दा क्या है? सिर्फ मोदी हटाओ। मोदी ने क्या आपात्काल जैसी कोई भयंकर भूल कर दी है या पिछली कांग्रेस सरकार की तरह वह भ्रष्टाचार में डूब गई है? तीसरा, हमारे विपक्ष के पास नेता तो है ही नहीं, उसके पास कोई वैकल्पिक नीति भी नहीं है। कोई नक्शा या सपना भी नहीं है। अगले चुनाव के पहले यदि मोदी से कोई भयंकर भूल हो जाए तो और बात है, वरना 2014 में भी मोदी के लिए कोई गंभीर चुनौती आज तो दिखाई नहीं पड़ रही।

## बोल ब्यूटीफुल

**अखिलेश शर्मा**



आतंकवाद, नक्सलवाद और कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ कार्रवाई में पिछले कुछ महीनों में अचानक तेजी आई है और इसका सीधा सकारात्मक असर आतंरिक सुरक्षा पर दिलाने लगा है। देश विरोधी ताकतों को इसी तरह कुचलने और जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता है।

**चित्रा त्रिपाठी**

ब्रिटेन की संसद में स्वतंत्र भारत के 75 साल पूरे होने के मौके पर बोलने का अवसर मिला। तब मैने यही कहा कि आप इतने रोशन इसीलिए है, क्योंकि हमारे कई कोहिनूर आपके पास है। आप जब अइाए थे तब दुनिया के उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 24.5 प्रतिशत थी, डेढ़ सदी बाद जब आए गए, तब यह घटकर 1.7 प्रतिशत हो गई थी।

# समाजवाद के प्रणेता महाजा अग्रसेन

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



अग्रसेन जयंति पर विशेष

अग्रकुल प्रवर्तक, समाजवाद के प्रणेता, वैश्य शिरोमणी, अहिंसा के पुजारी, शांतिदूत महाराजा अग्रसेन का जन्म प्रतापनगर के राजा बल्लभ के यहां अश्विनी शुल्क प्रतिपक्ष को लगभग 5176 वर्ष पूर्व हुआ था। वे उनके सबसे बड़े पुत्र थे। इसी खुशी में महाराजा बल्लभ ने यमुना नदी के किनारे एक नए नगर की स्थापना की, जिसका नाम अग्रपुर रखा गया, जो बाद में आगरा नाम से प्रसिद्ध हआ। अग्रसेन का लालन-पालन बड़े लाड़-चाव के वातावरण में हुआ। वे बचपन से ही बड़े प्रतिभाशाली थे। बड़े होने पर प्राचीन शिक्षा प्रणाली के अनुसार उनकी शिक्षा का प्रबंध किया गया। अग्रसेन ने बचपन में ही वेद शास्त्र, अस्त्र शास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र का ज्ञान प्राप्त किया। वे सभी विद्याओं में पारंगत थे। सब प्रकार से सुयोग्य होने पर महाराजा अग्रसेन का विवाह हुआ। एक समय नागलोक से नागों का राजा कुमुद अपनी कन्या माधवी को लेकर भूलोक में आया। इन्द्र ने उसे चाहा और उसने नागराज से वह कन्या मांगी, परन्तु नागराज ने सब प्रकार से अग्रसेन को सुयोग्य जानकर उसका विवाह अग्रसेन से कर दिया। महाराजा अग्रसेन का विवाह एक महान वैभवशाली नागवंश में अत्यंत ही रूपवान, गुणशील कन्या के साथ हुआ। इस वैवाहिक संबंध के कारण महाराजा अग्रसेन और देवराज इंद्र के मध्य शत्रुता हो गई। यह विवाह दो संस्कृतियों का मिलन था। अग्रसेन सूर्यवंशी और माधवी नागवंशी थे। इस पर महाराजा अग्रसेन ने इन्द्र पर चढ़ाई कर दी। महाराजा अग्रसेन के पास जो नैतिक बल था, उसके सामने इंद्र की सेना टिक नहीं पाई और वह घबराकर युद्ध से भाग गया। ऐसी अवस्था में इन्द्र ने देवर्षि नारद को महाराजा अग्रसेन के पास संधि करने भेजा। नारद जी ने महाराजा अग्रसेन और इन्द्र के बीच संधि करवाई। इस बीच अग्रसेन के मन में अनेक विचार पैदा हुए। उनके मन में यह विचार सबसे अधिक उथल-पुथल मचा रहा था कि इन झगड़ों से हमेशा के लिए कैसे बचा जाए। उन्होंने काशी जाकर भगवान शिव की आराधना प्रारम्भ की। उनकी कठिन तपस्या से प्रभावित होकर भगवान शंकर ने दर्शन दिए। भगवान शंकर के आदेशानुसार महाराजा अग्रसेन ने महालक्ष्मी की आराधना प्रारम्भ की। महालक्ष्मी ने उन्हें दर्शन दिए और उनकी तपस्या से प्रभावित होकर महाप्रतापी होने का आशिर्वाद दिया। साथ ही महालक्ष्मी ने यह भी कहा कि वे क्षत्रिय वर्ण त्याग कर वैश्य वर्ण अपनाएं। महालक्ष्मी ने उन्हें आशिर्वाद दिया और कहा कि वे हमेशा उनके वंशजों के साथ रहेगी। महालक्ष्मी ने अग्रसेन को यह भी कहा कि वे अपना अलग राज्य स्थापित करें। महालक्ष्मी के आशिर्वाद का कवच पहनकर अग्रसेन ने पूरे भारत की यात्रा की। एक बार वे यात्रा कर रहें थे। इस यात्रा में एक स्थान पर उन्होंने देखा कि एक सिंहनी प्रसव कर रही थी, अग्रसेन जी के लाव-लश्कर से उसके प्रसव में बाधा पडी। सिंह के क्रुद्ध बच्चे ने जन्म लेते ही राजा के हाथी पर प्रहार किया और अकल्पनातीत शौर्य को प्रदर्शित किया। यह देखकर राजा को बहुत आश्चर्य हुआ। महारानी माधवी और अग्रसेन ने सोचा यह भूमिवीर प्रसूता है। उन्होंने वही पर अपना नया राज्य बनाने का निश्चय किया। वहां पर बसाये गए नये नगर का नाम ही अग्रोहा रखा गया। अग्रोहा के सुनियोजित विकास से अग्रोहा की तरफ लोगों का आकर्षण बढ़ा और देखते ही देखते यह राज्य का सबसे समृद्धशाली नगर बन गया। व्यापार, कृषि और उद्योग के विकास से महाराजा अग्रसेन की कीर्ति चारों और फैलने लगी। महाराजा अग्रसेन ने शासन की बागडोर संभालते ही न्याय, समानता व समय की आवश्यकता को देखते हुए निर्णय लिया कि अपने अनुज भ्राता शूरसेन जी को पृथक राज्य का शासक बनाते हुए अग्रजनपद में एक पृथक राज्य स्थापित किया। श्री शूरसेन को समान अधिकार प्रदान करते हुए राजा के पद से सुशोभित किया गया तथा उनकी राजधानी वर्तमान आगरा (अग्रनगर) शहर को बनाया। महाराजा ने 18 यज्ञ आयोजित किए। उस युग में यज्ञ करना और उसमें सफलता प्राप्त करना, सम्पन्नता का प्रतीक माना जाता था। एक यज्ञ के समय महाराजा अग्रसेन ने देखा कि बलि के लिए लाए जा रहे घोड़े बलि स्थान की ओर बढने की बजाय पीछे हटना चाह रहें थे। महाराजा अग्रसेन के मन में घोडों के प्रति करूणा का भाव पैदा हुआ और उन्होंने सोचा कि इन मूक पशुओं की बलि से क्या मेरा कल्याण हो सकता है। इस भावना से उनके मन में अहिंसा का एक तुफान उठा और उन्होंने अपने मंत्रिमंडल से इस बारें में विचार-विमर्श किया अधिकत्तर लोगों का मानना था कि हिंसा बंद कराने से पड़ोसी राज्यों पर असर पड़ेगा और वो कहीं अग्रोहा पर हमला नहीं कर बैठें। इस पर महाराजा अग्रसेन ने कहा कि समाज में व्याप्त विषमता को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। लेकिन हिंसा बंद करवाने का यह अर्थ नहीं कि हम अपने राज्य की भी रक्षा नहीं कर सकेंगे। उस यज्ञ में उन्होंने पशु बलि नहीं दी और अपने राज्य में हिंसा रोकने का आदेश दिया। साथ ही यह व्यवस्था दी कि अग्रोहा में से नए साधनहीन प्रत्येक व्यक्ति को अग्रोहावासियों द्वारा एक रूपया और एक ईट भेंट स्वरूप दी जाएगी। ताकि नवांगुतक अपना घर बसाकर उदर-पूर्ति हेतू व्यवस्था कर उपार्जन कर सकें। इस प्रकार का साम्यवाद व विश्वबंधुत्व का सही तथा प्रत्यक्ष उदाहरण सर्वप्रथम महाराज श्री अग्रसेन जी ने ही प्रतिपादीत किया। यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि महाराज अग्रसेन विश्व में सहकारिता एवं समाजवाद के प्रणेता एवं जनक थे। अग्रोहा राज्य को 18 जनपदों में विभाजित कर अपने पुत्रों को एक-एक जनपद का अधिशाषी बनाया। यज्ञों को 18 राजकुमारों के साथ बैठे गुरूओं के नाम पर गोत्रों की स्थापना की। यही गोत्र आज अग्रवंश को गीता के 18 अध्याय की भांति अलग-अलग होकर भी एक-दूसरे से जुड़े हुए है। इस व्यवस्था से अग्रोहा का चहुंमुखी विकास हुआ। अपने जीवन के उत्तरार्ध में 133 वर्ष की आयु में (कलयुग सम्वत् 108) महाराजा अग्रसेन ने अपने बड़े पुत्र को राजगद्दी सौंपकर स्वयं वानप्रस्थ को चले गए और 193 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गए। लेखक अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष भी है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले का दिन

# दिल्ली व पंजाब में पूर्ण बंद: हिसार में भी कफ्यू, चंडीगढ़ कर्फ्यू में नारेबाजी

**चंडीगढ़। आरक्षण के विरोध में आंदोलनाकरियों के विरोध में आंदोलनकारियों द्वारा दिल्ली बंद आज लगभग सफल रहा तथा पूरी दिल्ली बंद रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ बसें तथा निजी वाहन चले जबकि छात्रों द्वारा हिंसा की वारदातों का भी सामचार है। दिल्ली प्रशासन ने ऐतिआत है तौर पर टी.टी.सी. की बसें बंद रखी। पुलिस की कई जगह बल प्रयोग करना पड़ा**

**हरियाणा में भी आरक्षण विरोधियों द्वारा तोड़फोड़ की घटनाओं का समाचार है जबकि हिसार में भी हिंसा की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। प्रदेश भर में सेना की गश्त जारी है। इस बीच हिसार में एक छात्र द्वारा शहर खाकर आत्महत्या कर भी समाचार आया है।**

**आरक्षण विरोधियों की पंजाब शाखा द्वारा आज पंजाब बंद के ऐलान का मिला जुला असर हुआ तथा पूरे पंजाब में लगभग पूर्ण बंद रहा। पटियाला में सभी कार्यालय तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। आरक्षण विरोधी छात्रों ने रैली की।**

**मोगा में आंदोलन कारियों की भीड़ को तित-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। लुधियाना में रेल गाड़ियों को रोका गया और एक मरा एक घायल पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया है। इसी प्रकार की बंद की खबरें प्रदेश के अन्य जिलों से भी आ रही है।**

## विविध

अजब दुनिया-गजब खबरें

# औरतें साल में पांच दिनों तक नहीं पहनती हैं कपड़े, सालों से चल रही है परंपरा

दुनिया में ऐसी कई परंपराएं निभाई जाती हैं, जिन्हें जानकर आप हैरान हो जाएंगे। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जहां की शादीशुदा महिलाएं पांच दिनों तक कपड़े नहीं पहनती हैं। सुनने में भले ही आपको अजीब लगे, लेकिन इन पांच दिनों में वो बिना कपड़ों के ही रहती हैं। ऐसा सालों से चलता आ रहा है और वो इसे अभी भी निभा रही हैं।

ये परंपरा हिमाचल प्रदेश के मणिकर्ण घाटी में पीणी गांव में निभाई जाती है। इस गांव में साल में 5 दिन औरतें कपड़े नहीं पहनतीं। इस परंपरा की खास बात यह हैं कि, वह इस समय पुरुषों के सामने नहीं आती हैं।



सावन के महीने में इस परंपरा को अपनाया जाता है। पूर्वजों के समय से ही यह परंपरा चली आ रही है। मान्यताओं के अनुसार अगर इस गांव में आज कोई भी स्त्री इस परंपरा को नहीं निभाती तो उसके घर में अशुभ हो जाता है। इसी कारण इस परंपरा को निभाया जाता है।

कुछ लोगों का मानना यह भी है कि कुछ सालों पहले यहां एक राक्षस सुन्दर कपड़े पहनने वाली औरतों को उठा ले जाता था, जिसका अंत इस गांव में देवताओं ने किया। इसलिए इन 5 दिनों तक लोग हंसना बंद करते देते हैं और महिलाएं खुद को सांसारिक दुनिया से अलग कर लेती हैं।हांलाकि, अब नई पीढ़ी इस परंपरा को थोड़ा अलग ढ़ंग से निभाती है। आज की महिलाएं इन 5 दिनों में कपड़े नहीं बदलती हैं और काफी पतले कपड़ें पहनती हैं।

## इतिहास के झरोखे में आज का दिन



1087 विलियम द्वितीय इंग्लैंड के सम्राट बने।

1777 अमेरिकी क्रांति- ब्रिटिश सैनिकों का फिलाडेल्फिया पर कब्जा।

1820 प्रसिद्ध भारतीय समाज सुधारक ईश्वरचंद विद्यासागर का जन्म।

1872 न्यूयॉर्क सिटी में पहला मंदिर बना।

1888 नोबेल पुरस्कार विजेता अमेरिकन-अंग्रेजी लेखक टी.एस. इलियट का जन्म।

1923 हिंदी फिल्म अभिनेता देवानंद का जन्म।

1932 पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्म।

1950 संयुक्त राष्ट्र सैनिकों ने उत्तर कोरिया के सैनिकों से सोल को अपने कब्जे में लिया। 1950 - इंडोनेशिया ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की।

1959 जापान के इतिहास में सबसे शक्तिशाली तूफान 'वेरा' से 4580 लोगों की मौत और 16 लाख लोग बेघर हुए।

1960 अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दो उम्मीदवारों जॉन एफ केनेडी और रिचर्ड निक्सन के बीच बहस का पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण।

1984 यूनाईटेड किंगडम हांगकांग को चीन के हवाले करने के लिए सहमत हुआ।

1998 सचिन तेंदुलकर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट मैच में 18वां शतक लगाकर डेसमंड हेन्स का विश्व रिकार्ड तोड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराजा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम दो अक्टूबर को



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** भवन चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर विशाल एवं कार्यक्रम का आयोजन दो अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर आठ में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को भवन में मीटिंग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान शम्मी बंसल ने की। पदाधिकारियों ने भव्य और सफल आयोजन के लिए अपने सुझाव दिए। इस मौके पर प्रधान शम्मी बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा स्पीकर माननीय श्री ओम बिरला जी शिरकत करेंगे। साथ में मंत्री कमल गुप्ता, सांसद संजय भाटिया, मेयर रेणु बाला गुप्ता, चेयरमैन शिवानी, हेप्पी लक गुप्ता, रोमी सिंगला व विरेंद्र बंसल विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलते हुए अग्रवाल समाज देश दुनिया में सेवा कार्य कर रहा है। समाज सेवा के बल पर अग्रवाल समाज ने विशेष पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि पांच हजार साल पहले महाराजा अग्रसेन ने अग्रोहा से समाजवाद की अलख जगाने की शुरुआत की थी। उन्होंने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। वंचितों की मदद करने का संदेश अग्रवाल समाज को दिया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज पर मां लक्ष्मी की बहुत कृपा है। इसीलिए समाजसेवा के कार्यों में धन की कमी कभी आड़े नहीं आती। समाज के सम्पन्न लोगों को जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर प्रवीण बंसल, आरएल बंसल, बृजलाल गर्ग, देसराज गुप्ता, भूषण गोयल, डा. पीके जैन, हरीश अग्रवाल, पंकज गोयल, जगमाल गुप्ता, संजय गुप्ता, अंकुर गुप्ता, प्रदीप बंसल, अजय गुप्ता, दीपक गुप्ता व विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कुव्यवस्था के बीच लोगों ने किया अमावस्या पर पिंडदान

**पिहोवा (अप्रस/पौलस्त्य)।** भारी कुव्यवस्था के बीच एक लाख से भी अधिक लोगों ने अमावस पर्व पर सरस्वती तीर्थ में स्नान करके अपने पित्रो के प्रति पिंडदान किया। वैसे तो श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही प्रतिदिन सैकडो यात्री सरस्वती तीर्थ पर श्राद्ध व पिंडदान करने के लिए आ रहे थे परन्तु पिछले तीन दिनो में इनकी संख्या में भारी वृद्धि हुई। इन तीन दिनो में ही दो लाख से भी अधिक यात्रियो ने भारी बरसात के बीच सरस्वती पर आकर पिंडदान किया। लोगो की आस्था को भारी बरसात भी न रोक सकी। भारी बरसात के कारण सरस्वती तीर्थ पर जाने वाले सभी मार्गो पर जल भराव हो गया। तीर्थ यात्रियो ने सडको पर ही आडे तिरछे वाहन खडे कर दिए। जिससे मार्ग अवरूध हो गया। प्रशासन द्वारा कोई प्रबंध न किए जाने के कारण तीर्थ यात्री अति परेशान रहे। पुलिस कर्मचारी तो दूर कोई होमगार्ड का कर्मचारी भी दिखाई न दिया। जिस कारण जेब कतरो ने यात्रियो की जेबे काटी। वहीं बरसात के चलते कस्बे में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। पूरे शहर में सीवरेज व्यवस्था ठप होने के कारण लोग अति परेशान रहे।

### आर्गेनाइजेशन ऑफ डिजास्टर मैनेजर संस्था सम्मानित

**पिहोवा (अप्रस)।** सामाजिक क्षेत्र में लोगों की जान माल व कोरोना काल मे मरीजों को ऑक्सीजन व ओक्सीमीटर उपलब्ध करने जैसे बेहतरीन कार्यो के लिये आर्गेनाइजेशन आफ डिजास्टर मैनेजर संस्था को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में एजुकेशन डायरेक्टर हिमांशु गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट सैशन जज नरोतम कौशल ,जज कुमारी आरती,जज विक्रांत शर्मा, व्यापार व कर विभाग के कमिश्नर अवनीश कुमार, आईपीएस प्रदीप भारद्वाज ने सभी प्रदेशों के इंचार्ज को शिल्ड देकर सम्मानित किया। समारोह में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि कोरोना काल के दौरान राष्ट्र पर एक विपति का दौर था। जब आम लोग खतरनाक वायरस से बचने के लिये घरों में कैद थे उस संकट के समय संस्था से जुडे कार्यकताओ ने अपना सच्चा राष्ट्र धर्म निभाया। यूपी बिहार के अनेक प्रवासी मजदूरो को भोजन उपलब्ध करवाया। अनेक स्थानों पर सनेटाइजर, मास्क बांटे गये। इन सब सामाजिक कार्यो के लिये इन वारियर्स को सम्मानित करना हम सब का कर्तव्य बनता है। ताकि समाज मे अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा ले सके।मौके पर ओडीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद भारद्वाज, उपाध्यक्ष व हरियाणा के इंचार्ज सुरेश राणा, डिप्टी चीफ परितोष बक्शी नई दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट के ओडीएम इंचार्ज राहुल,आशु,दलबीर महिला विंग की इंचार्ज प्रिंसिपल गुलशन,प्रेरणा सिंह, युवा विंग के इंचार्ज अक्षय भारद्वाज,आकाश राणा, मौजूद थे।

### आढ़तियों का धरना सातवें दिन में प्रवेश



**कालांवाली (अप्रस/विनोद अरोड़ा)।** सरकार द्वारा आढ़तियों की मांगे न मानने के चलते कालांवाली अनाज मंडी के सभी आढ़ती मार्कीट कमेटी के समक्ष 19 सितम्बर से सुबह 11 बजे से 2 बजे तक धरना दिया जा रहा है जो आज रविवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया ओर धरना लगातार जारी है पिछले सात दिनों से अनाज मंडी में किसी भी फसल की कोई खरीद बेच नहीं हो रही है और सभी आढ़तियों द्वारा अपनी अपनी दुकानें बंद रख कर सरकार के खिलाफ रोष जाहिर किया जा रहा है। रविवार को सिरसा से जिला प्रधान सुरिंद्र मिचनावादी,विजय चौधरी, नरेंद्र ढींगरा,गुरदीप कामरा, सुनील रहेजा कालांवाली में पहुंचे ओर धरने पर बैठे आढतियों का हौसला बढाया। उन्होंने कहा कि सरकार हठधर्मिता अपना रही है उसे जल्द से जल्द आढ़तियों की मांगों को मान कर इस मसले को हल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को हठ छोडकर आढतियों की मांग को तुरंत पूरा करना चाहिए, क्योंकि हडताल की वजह से किसानों को भी परेशानी हो रही है। इसके अलावा मजदूर भी बेरोजगार हो रहें है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि इस दिशा में जरूरी कदम उठाए। इस अवसर पर प्रधान राकेश नीटा, कविश गर्ग, नामी महेश्वरी, रवि दानेवालिया, कौर चंद, शैल गुप्ता, अरुण गर्ग, राज कुमार कालझरानी, हरीश सिंगला, मोहित गर्ग, पंकज महेश्वरी, भोला कुरंगावाली, नरेश लाला, गोल्डी पवन बागडी, संदीप अरोडा सहित अनेक मौजूद थे

### शिविर में 65 मरीजों की जांच

**कालांवाली (अप्रस)।** श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल ट्रस्ट द्वारा रविवार को श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री बालाजी अस्पताल के सहयोग से निशुल्क ईएनटी जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में करीब 65 मरीजों की जांच की गई। ट्रस्ट के सदस्य नवीन गर्ग ने बताया कि अस्पताल के चिकित्सक डॉ सुदीप मुंजाल ने टीम के साथ आंख, कान व गले के करीब 65 मरीजों की जांच की व उन्हें उपाए बताए। इस अवसर पर लक्की गर्ग, जगदीश राय, ओमप्रकाश लुहानी, सुरेंद्र गोयल, अमरजीत बांसल, रणजीत सोनी, चिराग गर्ग आदि सदस्य मौजूद रहे।

### जनता कॉलेज कौल के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज कौल के वालीबॉल खिलाडियों ने 5वीं राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रतियोगिता हाल ही में डीएवी (पीजी) कॉलेज करनाल में संपन्न हुई। महाविद्यालय की वालीबॉल पुरुष टीम ने राजकीय महाविद्यालय, नारनौल व राजकीय महाविद्यालय, नारायणगढ़ की टीमों को पराजित करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में संघर्ष पूर्ण मैच में 3-2 से हार कर कांस्य पदक के लिए जीएम राजकीय महाविद्यालय, मंडी आदमपुर को 3-0 से पराजित करके कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रिंसिपल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी महाविद्यालयों से लगभग टीमों ने भाग लिया। टीम के कोच बलकार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी अजय, राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रवीण कुमार, सुमित कुमार, रमन कुमार, लविश अंशुल, रोहित, साहिल व बबलू ने बहुत अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। यह टीम के बलकार सिंह की देखरेख में खेल रही थी। महाविद्यालय की वालीबॉल टीम की इस विशेष उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बलकार सिंह टीम कोच वह सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# हरियाणा में जल्द की जाएगी 18 हजार शिक्षकों की भर्ती : मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने कहा- शिक्षा दान-महादान, हम स्वयं भी शिक्षा लें और जो कमजोर है, उसे भी पढ़ाए

■ मुख्यमंत्री ने रोहतक में आयोजित एक कार्यक्रम में की शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोहतक, 25 सितंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में जल्द 18 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसमें 11 हजार रेगुलर शिक्षक और 7 हजार शिक्षकों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भर्ती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के नाते विद्यार्थियों की पूरी चिंता करती है। मुख्यमंत्री रविवार को रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्कूली शिक्षा अच्छी हो, इसके लिए हरियाणा सरकार लगातार कार्य कर रही है। 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों को 5 लाख टैबलेट दिए जा चुके हैं वहीं ढाई लाख टैबलेट जल्द ही विद्यार्थियों को दिए जाएंगे। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। अब दूसरे राज्य ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग सरकार के इस कदम से प्रभावित हो रहे हैं और वह भी इस तरह की योजनाएं बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार एक अभियान की तरह स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, ड्यूअल डेस्क, स्कूलों की बिल्डिंग, स्कूलों के रास्ते और साफ शौचालय की व्यवस्था करने के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार द्वारा प्रथम चरण में हर जिले के दो ब्लॉक का चयन करके कार्य किया जा रहा है, इनका कार्य पूरा हो जाने के बाद अन्य ब्लॉक का कार्य शुरू किया जाएगा। इसमें सबसे मुख्य बात यह है कि स्कूलों में यह कार्य वहीं की स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) द्वारा ही करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी बनाई है, जिससे कोई भी शिक्षक अपनी वरिष्ठता के हिसाब से ट्रांसफर ले सकता है।

### छात्रवृत्ति और सम्मान, छात्र के जीवन में करते हैं खाद और पानी का काम

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि जैसे किसी बीज को बढ़ने के लिए खाद और पानी दिया जाता है, तब वह पेड़ बनकर फल देता है उसी तरह छात्र के लिए अच्छा विद्यालय, छात्रवृति और सम्मान उनके जीवन में खाद और पानी का काम करते हैं। इससे प्रेरित होकर छात्र आगे बढ़ते हैं और जीवन में सफल होकर समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने अपने छात्र जीवन में मिली ऋण छात्रवृति योजना का जिक्र किया, जिसके तहत उन्हें कुछ आर्थिक मदद मिली थी, जिससे वे अपना शैक्षणिक कार्य आगे बढ़ा सके थे।

इस अवसर पर रोहतक के सांसद श्री अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री श्री मनीष ग्रोवर, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. राजबीर सिंह, भिवानी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह, जिला उपायुक्त श्री यशपाल व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### 4 हजार आंगनबाड़ी को बनाया प्ले-वे स्कूल

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने 4 हजार आंगनवाड़ी को प्ले-वे स्कूल में बदलने का काम किया है, ताकि खेल-खेल के माध्यम से बच्चे शिक्षा ले सकें। इसके अतिरिक्त कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए 500 मॉडल क्रैच खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने विद्यार्थियों के लिए सुपर-100 कार्यक्रम की भी शुरूआत की है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 4 स्कूल हैं, जिनमें से 2 स्कूल शुरू हो चुके हैं और 2 इस वर्ष शुरू हो जाएंगे। सुपर-100 कार्यक्रम के तहत खुले 2 स्कूलों के नतीजे भी आने शुरू हो गए हैं, इनसे पास होने वाले छात्र नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल आ रहे हैं।

### शिक्षा दान-महादान, हम स्वयं भी शिक्षा लें और जो कमजोर है, उसे भी पढ़ाए

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि शिक्षा दान-महादान है। हमें स्वयं शिक्षा लेनी चाहिए और जो पढ़ाई में कमजोर हैं, उसे भी पढ़ाना चाहिए। इसके लिए सरकार रिटायर्ड शिक्षकों, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी व अन्य इच्छुक लोगों को जोड़ने का कार्य कर रही है। इसमें सरकार ईच वन-टीच वन अर्थात सभी पढ़ें और कम से कम एक बच्चे को जरुर पढ़ाए के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 5 से 18 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को स्कूली शिक्षा मिले। इस आयु वर्ग में कोई भी ड्रॉप आउट न हो। हर बच्चा शिक्षा ग्रहण करे।

### सरकार ने शुरू किया केजी-टू-पीजी कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत केजी-टू-पीजी कार्यक्रम शुरू किया है। प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में यह कार्यक्रम शुरू हो चुका है, अन्य विश्वविद्यालयों में भी यह कार्यक्रम जल्द शुरू किया जाएगा।

## विधायक लीला राम ने किया ब्रह्मभट्ट चौपाल का शिलान्यास

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 25 सितंबर।** विधायक लीलाराम व सुरेश गर्ग नौच ने माता गेट पर ब्रह्मभट्ट चौपाल का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का आयोजकों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। विधायक लीलाराम ने कहा कि ब्रह्मभट्ट चौपाल की ग्रांट के लिए जो आज शिलान्यास किया गया है उनको थोड़े ही समय में पूरा करवा दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि ब्रहम भट्ट समाज का मेरे ऊपर बहुत बड़ा ऋण है और मैं इस ऋण को उतारने का प्रयास करूंगा। विधायक लीला राम ने कहा कि ब्रहम भट्ट समुदाय ने विधानसभा और नगर परिषद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भरपूर समर्थन देकर जितवाने का काम किया है और अब बारी सरकार की है कि इन सब की सभी समस्याओं का समाधान करके जो इनकी मांगे हैं उनको पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश और प्रदेश में एक समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। विधायक लीलाराम ने ब्रह्मभट्ट चौपाल के लिए पहले 10 लाख रुपए की ग्रांट दी हुई है और आगे भी 11 लाख रुपए ग्रांट देने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि ब्रह्मभट्ट चौपाल पर जितना भी पैसा लगेगा सरकार उसे पूरा करवाने का काम करेगी । उन्होंने कहा कि ब्रह्मभट्ट चौपाल को आधुनिक तरीके से बना कर समाज के लोगों को सौंपा जाएगा। इस मौके पर उनके साथ सुरेश गर्ग नौच, हरपाल शर्मा, रामकुमार नैन, पूर्व पार्षद भाग सिंह खनोदा, सतीश कुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा, सुशील शर्मा, नरेश भारद्वाज, संजय शर्मा, संजय भट्ट, विनोद राय, मदन मोहन राय, रमेश बरोट, कुशल पाल सैन, साहिल राणा, राजेंद्र ठाकुर, जग्गा सैनी, लीलू सैनी व अन्य मौजूद रहे।

## कैथल में जुटे हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी

### सरकार की तरफ राइस मिलर्स का 80 करोड़ का बोनस बकाया: अमरजीत छाबड़ा

■ मिलर्स ने सीएम से मिलकर की समस्या के समाधान की मांग

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 25 सितंबर।** कोयल काम्पलेक्स में हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा की अगुवाई में राइस मिलर्स के दोनों संगठनों हरियाणा राइस मिलर्स एवं डीलर्स एसोसिएशन व हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक हुई। इसमें आने वाले धान के सीजन को देखते हुए हरियाणा के मिलर्स की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मंच संचालन सचिव राजेंद्र सिंह ने किया। अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि इस बैठक में खुशी की बात है कि दोनों ही संगठनों की संयुक्त बैठक हुई है। राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हंसराज सिंगला किसी कारणवश बैठक में नहीं पहुंच पाए हैं। बाकि कई साथी बैठक में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मिलर्स द्वारा मिलिंग का काम पूरा किए हुए चार से पांच माह बीत चुके हैं। अभी तक भी सरकार ने लगभग 80 करोड़ रुपये का बोनस नहीं दिया है। जिस कारण मिलर्स में रोष है। बुधवार तक यदि मिलर्स को उनका बोनस नहीं दिया गया तो मिलर्स कोई भी फैसला ले सकते हैं। ऐसी स्थिति में मिलर्स के हड़ताल पर जाने के प्रश्न पर छाबड़ा ने कहा कि मिलर्स जब काम करने में सक्षम ही नहीं होंगे तो कोई भी निर्णय ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि एफसीआई ने वर्ष 2019 व 2020 के लिए मिलर्स को दिया गया मालभाड़ा वापस मांगा है। लगभग पंद्रह करोड़ रुपये का मिलर्स पर यह भार डाला जा रहा है। इस संबंध में मिलर्स ने सीएम से मिलकर समस्या के समाधान की मांग की थी। जिस पर सीएम ने एफसीआई के जीएम से भी बात की थी। छाबड़ा ने कहा कि मिलर्स की मांग है कि मिलर्स की लोडिंग-अनलोडिंग सहित तमाम तरह के भुगतान का एक ही तरह का बिल बनाकर करवाया जाए। इसके लिए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि मिलर्स को अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें। अब एक अक्तूबर को धान की खरीद होनी है। सरकार आगामी 28 सितंबर तक पैडी पॉलिसी जारी करने की बात कर रही है। आढ़तियों की हड़ताल के कारण किसानों की मौजूदा समस्या पर उन्होंने कहा ईशारे में कहा कि यदि कृषि कानून लागू होते तो आज किसान को कोई परेशानी नहीं होती। छाबड़ा ने कहा कि मिलर्स अपने हकों के लिए हर संभव संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश के वरिष्ठ उपप्रधान विनोद गोयल, प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मोंटू अरोड़ा, राज्य सचिव राजेंद्र मोंगा, पिहोवा एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश सैनी, सौरभ गुप्ता, बालकिशन लांबा सहित अनेकों राइस मिलर्स एवं डीलर्स मौजूद थे।

> मांग पत्र में मांग की गई है कि धान का कस 64 किलो और टुकड़े की मात्रा 35 प्रतिशत करना, सरकार से पुराना बोनस लेना और नए बोनस के लिए पूरा प्रयास करना, पोलिश के लिए सॉल्वेंट संचालकों से बारदाना कट और तेल कट न कटवाने के लिए पूरा संघर्ष करना, चावल की ट्रांसपोर्ट को सही करवाना, हर चावल की गाड़ी का किराया लगभग 5000 बनता है लेकिन वह सिर्फ 1000 दिया जाता है। धान की अनलोडिंग और स्टैकिंग के चार्जेज पंजाब की तर्ज पर 4.96 प्रति कट्टा हरियाणा में भी देना आदि शामिल हैं।

## बरसात व हवा ने की धान की फसल बरबाद



अर्थ प्रकाश/पौलस्त्य

**पिहोवा, 25 सितंबर।** गत तीन दिनो से हो रही बरसात ने धान की फसल को बरबादी के कगार पर ला कर खडा कर दिया। गत रात्री आई तेज हवा व बरसात के कारण खेतो मे खडी धान की फसल नीचे गिर गई। जिसने रही सही कसर पूरी कर दी । किसान खेतो में अपनी गिरी हुई धान की फसल को देखकर रो रहे है। बरसात के कारण हुए धान की फसल के नुक्सान बारे उपमंडल कृषि अधिकारी मनीष वत्स ने बताया कि बरसात व हवा के कारण 15 से 20 प्रतिशत धान की फसल को नुक्सान हुआ है। सबसे अधिक नुक्सान धान की उस फसल को हुआ है जो कटने के कगार पर खडी थी। उन्होने बताया कि फसलो के नुक्सान का सही आकंलन बरसात के रूकने व धूप के निकलने पर ही निकाला जाएगा। दो दिन बाद ही पता चलेगा की धान की फसल को कितना नुक्सान हुआ है। वहीं किसान हरकिेस राणा ,जगीर सिंह ,सुरेश ,राजकुमार ,हरि सिंह ने बताया कि बरसात व हवा के कारण धान की फसल को भारी नुक्सान हुआ है। कटने की कगार पर खडी धान की फसल पुरी तरह बरबाद हो गई। आल इडिया खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राकुमार सारसा ने बताया कि बारिश से हजारो एकड की धान , बाजरा व सब्जियो की फसल नष्ट हुई है।

### नन्दकरण माजरा के पूर्व सरपंच की 18वीं पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ आयोजित

**कैथल (अप्रस)।** गांव नन्दकरण माजरा के शिव मंदिर में पूर्व सरपंच मास्टर मनोहर लाल की 18वीं पुण्यतिथि पर हवन करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हवन की पूर्ण आहूति पूर्व मंत्री रामपाल माजरा ने दी। योगेश कौशिक ने बताया कि मनोहर लाल को सन 2000 में सर्वसम्मति से गांव का सरपंच चुना गया था। उन्होंने अपने कार्यकाल में शहीद भगत सिंह पार्क का निर्माण, अंगिरा ऋषि तीर्थ का सुधार, गांव की गलियों को पक्का करवाना, गीता पब्लिक स्कूल की स्थापना करके बहुत से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल किया था। उनकी माता कृष्णा देवी के नाम पर संचालित कृष्णा आयुर्वेदिक चिकित्सालय चीका, कृष्णा मेडिकल स्टोर सीवन और गांव नन्द करण माजरा में स्थित गीता मनोहर पब्लिक स्कूल इनके दिखाए नेक कदमों पर चलकर समाज में उनकी नीतियों का प्रचार कर रहा है।

## किसानों की आय को दोगुना करने व बागवानी के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए चलाई अनेक योजनाएं : बिल्लू

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 25 सितंबर।** बागवानी विभाग के उप-निदेशक डा. बिल्लू यादव ने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने और उन्हें बागवानी के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बागवानी विभाग के माध्यम से अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा बागवानी बीमा योजना चलाई जा रही है। इन योजनाओं जिनमें, एमआईडीएच, आईडीएच, एससीएसपी स्कीम के अंतर्गत किसानों को लाभ लेने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल फसल.हरियाणा.जीओवी.इन व विभागीय बागवानी पोर्टल हॉर्टनेट.जीओवी.इन पर ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है।

उप-निदेशक डा. बिल्लू यादव ने बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बागों के लिए विशेष अनुदान योजना के तहत किसानों को 50 से 70 फीसदी तक की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मिशन फॉर इंटरग्रेटिड डेवेलपमेंट होर्टिकल्चर (एमआईडीएच) स्कीम के तहत नए बागों का विस्तार के लिए 50 से 70 फीसदी, बागों के प्रथम वर्ष का रख-रखाव व बागों के द्वितीय वर्ष का रख-रखाव के लिए 20 फीसदी, एरोमैटिक पौधों की खेती, मशरुम उत्पादन यूनिट, कम्पोस्ट मेकिंग यूनिट के लिए 40 फीसदी, नेट हाउस, पैक हाउस व प्याज भंडारण गृह निर्माण स्थापित करने के लिए 50 फीसदी, कोल्ड स्टोरेज के लिए 35 फीसदी और मशीनरी मद जिसमें ट्रैक्टर, 20 पीटीओ पॉवर, पॉवर टिलर, पौटेटो प्लांटर/डीगर व स्प्रे पंप के लिए 25 से 50 फीसदी तक का अनुदान प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि इंटरग्रेटिड डेवेलपमेंट होर्टिकल्चर (आईडीएच) स्कीम के तहत सब्जी कास्त, सब्जियों में बांस स्टैंकिग, सब्जियों में आयरन स्टैंकिग, प्लास्टिक मलचिंग, प्लास्टिक टनल, घुलनशील खाद, ढिंगरी व मिल्की मशरुम ट्रे उत्पादन पर 50 फीसदी, नेट हाउस शीट रिपलेसमैंट, व्यक्तिगत तालाब पर 70 फीसदी, सोलर पॉवर एलईडी लाइट ट्रैप, फेरामैन ट्रैप, स्टीकी ट्रैप, सीजनल मशरुम शैड पर 75 फीसदी और बी बॉक्स/बी कॉलोनी पर 85 फीसदी तक का अनुदान प्रदान किया जाता है।

## महिला विकास निगम के ऋणी उपभोक्ताओं को दिया कर्ज मुक्त होने का अवसर : शांतनु

अर्थ प्रकाश/अरविंद

**कुरुक्षेत्र, 25 सितंबर।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के उपभोक्ताओं को ऋण मुक्त होने का अवसर दिया है। वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत 1 दिसंबर 2022 तक एकमुश्त या 6 किस्तों में बकाया ऋण की राशि जमा करवाई जा सकती है। इसके तहत ब्याज की राशि में सौ प्रतिशत छूट का लाभ लिया जा सकता है।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि इस योजना के तहत उन महिला ऋणी को कवर किया गया है जिनका 31 मार्च 2019 तक निगम को ऋण भुगतान के लिए देय था। यह योजना 31 मार्च 2019 तक के डिफॉल्ट रूप से मूलधन की राशि पर लागू होगी और इसके पश्चात भुगतान की गई मूलधन की राशि इस योजना में शामिल नहीं होगी। छूट का लाभ ऋणी को बकाया मूलधन की अंतिम किस्त के भुगतान के बाद ही दिया जाएगा और योजना के लाभार्थी कम से कम एक वर्ष के अंतराल के बाद ही भविष्य में एक और ऋण लेने के पात्र हो सकेंगे। प्रदेश सरकार की यह योजना केवल 1 दिसंबर 2022 तक ही लागू रहेगी इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। इस योजना से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के मुख्यालय के दूरभाष नंबर 0172-2564720, जिला प्रबंधक हरियाणा महिला विकास निगम 465/5 मदानो वाली गली अग्रसेन चौक मोहन नगर के दूरभाष नंबर 01744-223658 पर संपर्क किया जा सकता है।

**सेवा पखवाड़ा** सहकारिता मंत्री ने कहा-2047 विजन पर है पीएम का पूरा फोकस

## पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मना रहे सेवा पखवाड़ा : डा. बनवारी लाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 सितंबर।** आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत रेवाड़ी जिला में विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को सार्थक संदेश दिया गया। बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव पनवाज में सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के साथ ही पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश दिया।

सहकारिता मंत्री कहा कि अब प्रधानमंत्री-2047 विजन पर सकारात्मक कदम उठा रहे हैं और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जनसेवा को समर्पित होकर देश आजादी की स्वर्ण जयंती पर दुनिया में अपना वर्चस्व कायम करेगा। पर्यावरण की शुद्धता के लिए पेड़ लगाकर उनका संरक्षण करना और हर घर नल योजना में जल बचाने से हर व्यक्ति जल एवं पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनेगा। इसका मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के नल से शुद्ध पेयजल व स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध करवाना है।

सहकारिता मंत्री ने रविवार को पनवाड़ गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 93वें एपिसोड को ग्रामीणों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने शहीद भगत सिंह जी की जयंती से ठीक पहले चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह रखने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया कि वे देश के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले अमर शहीद के नाम से एयरपोर्ट का नाम रखना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

### बरसात से खराब हुई बाजरे की फसल की विशेष गिरदावरी

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि जिला में पिछले करीब तीन दिन में हुई भारी बरसात के कारण किसानों की बाजरे की फसल का जो नुकसान हुआ है उसकी विशेष गिरदावरी कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार हर विपरीत परिस्थितियों में आमजन व किसानों के साथ है, किसान को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। किसानों को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो इसके लिए हर स्तर पर किसान हितैषी कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर लाभान्वित किया जा रहा है। किसान परंपरागत कृषि के साथ-साथ औषधीय पौधों की खेती, पशुपालन, डेयरी व्यवसाय, मत्स्य पालन जैसे व्यवसाय अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं।

### पं.दीनदयाल उपाध्याय ने की बौद्धिक चेतना जागृत

सहकारिता मंत्री डा.बनवारी लाल ने कहा कि देश के प्रखर मानवतावादी, चिन्तक और महान सपूत दीनदयाल उपाध्याय ने आजादी के बाद हीन भावना से मुक्ति दिलाने के लिए बौद्धिक चेतना जागृत की। उन्होंने एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय का एक विचार देश के सामने रखा जो पूरी तरह भारतीय था। आधुनिक, सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय दर्शन कैसे दुनिया का मार्गदर्शन कर सकता है, यह दीनदयाल जी ने हमें सिखाया। उनके विचार पूरे समाज के लिए प्रासंगिक एवं प्रेरणा स्रोत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दून भाजपा किसान मोर्चा का 27 को साई में सम्मेलन



**बरोटीवाला (अप्रस)।** भाजपा दूंन मंडल किसान मोर्चा का सम्मेलन 27 सितम्बर मंगलवार को साई में होगा किसान मोर्चा मण्डल के अध्यक्ष प्रेम चंद ठाकुर ने बताया कि सम्मेलन सुबह दस बजे शुरू होगा। जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, विधायक परमजीत सिंह,पूर्व विधायक विनोद चंदेल, जलप्रबंधन बोर्ड वाईस चेयरमैन दर्शन सैनी,गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा,जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठाकुर व बीडीसी धर्मपुर की चेयरमैन जमुना ठाकुर विशेष रूप से हाजिर होंगे। प्रेम चंद ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है।

### श्री सत्या साईं सेवा समिति के शिविर में 200 ने कराई स्वास्थ्य जांच



**मंडी (राजन पुंछी)।** श्री सत्या साईं सेवा समिति मंडी की तरफ से सीनियर सेकेंडरी स्कूल बग्गी तुंगल में मुफत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 200 के लगभग लोगों की जांच की गई। साईं सेवा समिति मंडी के प्रवक्ता योगेंद्रपाल सरोच ने बताया कि इस मुफ्त चिकित्सा शिविर में डॉक्टर जीवा नंद चौहान सेवानिवृत मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल विशेषज्ञ डॉक्टर रोशन, शिशु विशेषज्ञ कथाल्निक डॉक्टर विशाल जंमवाल व डॉक्टर चंद्रशेखर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीरेंद्र नेगी,चरम रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष, आपथलमिक अधिकारी योगिंद्र पाल सरोच, महेश शर्मा,व अन्य टीम के सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी।

### आंगनबाड़ी हेल्पर ने खुद को लगाई आग, गंभीर हालत

**डाडासीबा (अप्रस)।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आती कनोल पंचायत में रविवार सुबह आंगनबाड़ी हेल्पर के पद पर कार्यरत एक महिला ने खुद को आग लगा ली। बताया जा रहा है कि महिला का 80 फीसदी शरीर जल चुका है। महिला को गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया है। महिला की पहचान रानो दवी (48) पत्नी सुरेश कुमार निवासी कनोल पंचायत के तौर पर हुई है। उक्त महिला ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया अभी इसका खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। महिला के पति ने बताया कि रविवार सुबह रानो देवी ने हमें चाय बनाकर दी और उसके तुरंत बाद कमरे के अंदर चली गई। इसके बाद हमने आग की लपटें निकलती देखीं और चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर हम सभी मिलकर कमरे की तरफ गए लेकिन कमरा बंद था। काफी मशक्कत के बाद हमने कमरे को खोला और देखा तो रानो देवी आग की लपटों से घिरी थी। इसके बाद तुरंत हमने आग को बुझाया और 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे सिविल अस्पताल डाडा सीबा पहुंचाया । यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया। रानो देवी के पति की बात मानें तो यह महिला बीते कुछ दिनों से लगातार मानसिक तौर से परेशान चल रही थी। उक्त महिला के तीन बच्चे हैं जिनमें एक लड़का दो लड़कियों हैं जिनकी शादी हो चुकी है। महिला आंगनवाड़ी में हेल्पर के पद पर कार्यरत है और पंचायत कनोल में ही अपनी सेवाएं दे रही है। खबर लिखे जाने तक डाडा सीबा पुलिस हॉस्पिटल डाडा सीबा में पहुंची थी मामले की छानबीन की जा रही है। उधर, घटना के संबंध में डीएसपी देहरा विशाल वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया महिला को टांडा रेफर किया गया है पुलिस जांच कर रही है। महिला स्टेटमेंट देने की हालत में नहीं है।



### बिलासपुर में चयन आयोग की लाइनमैन की भर्ती का पेपर लीक

**बिलासपुर (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर की ओर से आयोजित विद्युत बोर्ड के लाइनमैन पद की परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। मामले में पति और पत्नी को पुलिस ने पकड़ा है। परीक्षा केंद्र में पति मोबाइल लेकर वाट्सएप के जरिए पत्नी को प्रश्न पत्र की शीट भेज रहा था कि वहां केंद्र में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी की नजर उस पर पड़ गई और सारे मामले का भंडाफोड़ हो गया है। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई और पुलिस ने पति और पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर उक्त दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामला डिग्री कालेज बिलासपुर का है। रविवार को परीक्षा केंद्र बिलासपुर से उन्हें इस मामले की जानकारी मिली थी और उसके बाद पुलिस चौकी की टीम कालेज में पहुंची और सारे मामले की छानबीन शुरू की है। पुलिस ने बताया कि डिग्री कालेज बिलासपुर में रविवार को सुबह लाइनमैन की परीक्षा के लिए करीब 250 बच्चे पहुंचे थे। परीक्षा केंद्र में सुबह 9.30 पर बच्चों को प्रवेश दिया गया। उसके बाद 9.55 पर परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र वितरित किए गए। परीक्षा में बैठे सभी अभ्यार्थियों को 10 बजे से पहले प्रश्न पत्र न खोलने के लिए भी कहा गया था। पेपर आवंटित होने के बाद जैसे ही थोड़ा सा समय बीता तो एक अभ्यर्थी पर निरीक्षक की नजर पड़ी। उस छात्र की हरकतें संदिग्ध लग रही थी तो सेंटर में मौजूद कर्मी ने उसे खड़ा कर उसकी तलाशी ली। अभ्यर्थी की पेंट से एक मोबाइल फोन मिला। मोबाइल फोन पर उन्होंने प्रश्न पत्र भेजा हुआ देखा। परीक्षा केंद्र से छात्र को उठाया गया और उसका प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका सहित मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया।



# धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए : महेन्द्र ठाकुर

■ सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा व पेयजल जैसी सभी सुविधाएं लोगों को घर-द्वार पर उपलब्ध करवाई गई

अर्थ प्रकाश/राजन पुंछी




**मंडी, 25 सितंबर।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा व पेयजल जैसी सभी आधारभूत सुविधाएं लोगों को घर-द्वार पर उपलब्ध करवाई गई है । यह विचार जल शक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह ठाकुर ने आज धर्मपुर विधान सभा क्षेत्र के सरी में 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले जल गुणवत्ता परीक्षण केन्द्र का भूमि पूजन तथा दबरोट में 28 लाख रुपये से निर्मित जल उपभोक्ता समिति कक्ष का उदघाटन करने के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होंने छुईघाट, तयोल, फिहड, सनौर, कपाही,बनहडू, मरैटी, घरेलका,सरी, बटेहड़ बिंगा, बलयाणा, दबरोट तथा चाम्बी गांवों में लोगों की समस्याएं भी सुनी तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया ।

महेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पौने पांच वर्ष से अधिक के कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश में सर्वांगीण विकास किया है। सरकार ने लोगों के कल्याण को सर्वोच्च अधिमान देते हुए बिना किसी भेदभाव के अनेकों योजनाएं धरातल में लाई हैं जिनका सीधा लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँच रहा है।

विकास पथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन तथा केन्द्र सरकार के सहयोग से हिमाचल प्रदेश ने अपनी अलग पहचान बनाई है तथा प्रदेश विकास के नए शिखर छू रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सुदृढ़ नेतृत्व तथा मजबूत संगठन के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आज न केवल भारत देश के बल्कि समूचे विश्व के नेता हैं। उन्होंने कहा कि देश में मोदी सरकार व हिमाचल प्रदेश में जय राम सरकार के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में दोगुनी रफ्तार से विकास हुआ है तथा प्रदेशवासियों ने डबल इंजन की ताकत का अनुभव किया है।

जल शक्ति मंत्री ने कहा कि धर्मपुर अब शिक्षा का भी हब बन रहा है। असंख्य सरकारी स्कूलों,महाविद्यालयों,तकनीकी संस्थानों के अतिरिक्त संधोल और धर्मपुर में दो केंद्रीय विद्यालय खोले गए, वहीं विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थय सुविधाओं में लगातार विस्तार किया है । इसके अतिरिक्त मढ़ी में 55 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले प्रदेश के पहले अटल आदर्श विद्यालय बन कर तैयार है। प्रदेश में पानी की गुणवत्ता जांचने हेतु सिद्धपुर में प्रयोगशाला लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सरी-गरली सड़क शीघ्र बनकर तैयार हो जायेगी। उन्होंने बताया कि आज सरी पंचायत में ही लगभग नौ पुल तथा सडकें बनाई गई है।

#### जरूरतमंदों के लिए समर्पित रहा सरकार का वर्तमान कार्यकाल

जल शक्ति मंत्री ने कहा कि सरकार का वर्तमान कार्यकाल असहाय, गरीब व जरूरतमंदों लोगों के सामाजिक व आर्थिक के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बिना आय सीमा के वृद्धावस्था पेंशन के लिए आयु सीमा 70 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष व पेंशन राशि में भी बढ़ोतरी की है। साथ ही मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत एक और अतिरिक्त निःशुल्क सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है।

## ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में होगी कस्तूरी मृग, भूरा भालू और ब्लूशीप की गणना



अर्थ प्रकाश/ ताराचंद थर्माणी

**कुल्लू, 25 सितंबर।** जैव विविधता के संरक्षण के साथ वन्य प्राणियों के लिए जीवन रक्षक बने ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में जल्द ही दुर्लभ प्रजातियों में शुमार कस्तूरी मृग की गणना की जाएगी। भूरा भालू के साथ ब्लूशीप की गणना होगी। पार्क में इन दुर्लभ प्रजातियों के वन्य प्राणियों की मौजूदगी के आंकड़े साल के अंत तक सामने आ जाएंगे। दशहरा के बाद कस्तूरी मृग, ब्लूशीप (नीली भेड़) और भूरा भालू की गिनती आरंभ की जाएगी। इसके लिए करीब 15 से 20 टीमों का गठन किया जाएगा।

वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पार्क प्रबंधक स्वयं सेवियों की मद्द लेगा। बताया जा रहा है कि इन इन तीनों वन्य जीवों का ठिकाना ऊंचाई वाले इलाकों में होता है। इसमें ब्लूशीप करीब 3,500 मीटर, कस्तरी मृग 3,000 मीटर तथा भूरा भालू की मौजूदगी समुद्रतल से लगभग 2,500 से 2,800 मीटर की ऊंचाई पर होती है।

तीनों की गणना के अलग-अलग मापदंड रखे गए हैं और इन्हीं मापदंडों के आधार पर गणना की जाएगी। हालांकि पार्क प्रबंधक ने कई साल पहले भी गणना की थी, लेकिन उपरोक्त वन्य जीवों की मौजूदगी के पुख्ता आंकड़े नहीं हैं। पार्क के भीतर कस्तूरी मृग के करीब दस से 12 ठिकाने पाए गए, जहां करीब दो दशक पूर्व औसतन संख्या घनत्व प्रति किलोमीटर दो थी, जो 2019 में बढ़कर 10 से 11 तक पाई गई है। वर्तमान में कस्तूरी मृग की उपस्थिति का खुलासा अब गणना के बाद सामने आएगा। इसके लिए पार्क प्रबंधक ने तैयारियां शुरू कर दी है। पार्क में कस्तूरी मृग सहित किसी भी वन्यप्राणी का शिकार करना अवैध है। इसके लिए पार्क प्रबंधन ने संवेदनशील जगहों पर करीब 35 ट्रैप कैमरों को लगाया गया है।

## 80 लाख फर्जी ऋण में तीन पर केस, ऊना में बैंक मैनेजर व दो सहयोगियों पर गंभीर आरोप

अर्थ प्रकाश/अग्रवाल



**ऊना, 25 सितंबर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊना में 80 लाख के फर्जी ऋण मामले में तत्कालीन बैंक मैनेजर सहित तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। कांगड़ा केंद्रीय सहाकारी बैंक सीमित के सहायक महाप्रबंधक विनोद कुमार ने विजिलेंस को दी शिकायत में आरोप लगाए थे कि बैंक शाखा ऊना में एक परिवार के चार सदस्यों, जो कि फतेहपुर जिला कांगड़ा के स्थायी निवासी हैं, उनके नाम पर बिना उनकी जानकारी के 20-20 लाख के चार ऋण जाली दस्तावेज तैयार करके तत्कालीन बैंक मैनेजर व उनके दो सहयोगियों ने मिलकर स्वीकृत किए और धोखाधड़ी से इस राशि का गबन किया गया। मामले की शिकायत विजिलेंस ऊना से की गई थी, जिस पर विजिलेंस ऊना की टीम ने जांच की, तो शिकायत में लगाए गए आरोपों को सही करार दिया गया। विजिलेंस ने तत्कालीन बैंक मैनेजर व इनके दो सहयोगियों पर भ्रष्टाचार व धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। डीएसपी विजिलेंस अनिल मेहता ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विजिलेंस ने इस मामले में शिकायत पर तमाम तथ्यों की जांच पड़ताल की है। जिसमें शिकायत में लगे आरोप सही पाए गए हैं। मामले में तत्कालीन बैंक मैनेजर सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अच्छा स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : आर्लेकर

■ राज्यपाल ने तीसरी हॉफ मैराथन-2022 को हरी झंडी दिखाई

अर्थ प्रकाश/संदीप उपाध्याय



**शिमला, 25 सितम्बर।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, जो यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया वाईएचएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने रविवार को नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया और सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड-कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीसरी हॉफ मैराथन-2022 के दौरान 5 किलोमीटर की दौड़ को हरी झण्डी दिखाई। हॉफ मैराथन के दौरान 21, 10 और 5 किलोमीटर के तीन वर्गों में करवाई गई दौड़ स्पर्धाओं में लगभग 2,000 महिला और पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को खराब मौसम के बावजूद मैराथन में भाग लेने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में सभी प्रतिभागी विजेता होते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है और इसके लिए शारीरिक फिटनेस सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रोजमर्रा के जीवन में शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान में समाज इस दिशा में जागरूक हो रहा है। उन्होंने हाफ मैराथन में सभी आयुवर्ग के प्रतिभागियों के भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर राज्यपाल ने 21 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रहने वाले विजेता को 10,000 रुपये, द्वितीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 7,000 रुपये और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 5,000 रुपये के नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने 10 किलोमीटर लंबी दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेताओं को क्रमशः 7,000 रुपये, 5,000 रुपये और 3,000 रुपये के नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। पांच किलोमीटर लंबी दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5,000 रुपये, 3,000 रुपये और 2,000 रुपये के नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। इससे पहले यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूपेश पांडे ने राज्यपाल, अन्य अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड की अध्यक्ष रश्मि चौधरी, यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेंकट नारायण और एसोसिएशन के अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## 'मुख्यमंत्री एक बीघा योजना' महिलाओं के जीवन में लाई खुशहाली

■ 17,292 लाभार्थियों ने उठाया योजना का लाभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 25 सितम्बर।** महिलाएं समाज का अभिन्न अंग है। महिलाओं के विकास के बिना समाज के विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती। महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक उत्थान सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। महिलाएं इन योजनाओं का बढ़-चढ़ कर लाभ उठा रही है। इन योजनाओं के फलस्वरूप महिला सशक्तिकरण में हिमाचल देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनकर उभरा है।

ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उनकी आर्थिकी सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री एक बीघा योजना शुरू की गई है।

इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश में मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन का अनुसरण कर ग्रामीणों को किचन गार्डनिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं किचन गार्डन को विकसित कर पोषणयुक्त सब्जियों और फलों का उत्पादन कर खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ उत्पादित उत्पादों को खुले बाजार में बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रही है।

मुख्यमंत्री एक बीघा योजना के तहत प्रदेश में भूमि सुधार, नर्सरी उत्पादन, फलदार वृक्षारोपण, केंचुआ खाद गड्ढा निर्माण, अजोला पिट निर्माण, सिंचाई और जल संचयन संरचना निर्माण और गौशाला निर्माण जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

प्रदेश में इस योजना के अन्तर्गत अब तक 17292 लोगों को लाभान्वित किया गया है। प्रदेश में अब तक इस योजना के तहत 41 करोड़ 87 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं। बिलासपुर जिला में 309 लोगों को 37.34 लाख रुपये, चम्बा जिला में 355 लोगों को 118.43 लाख रुपये, हमीरपुर जिला में 928 लोगों को 146.37 लाख रुपये, कांगड़ा जिला में 1792 लोगों को 304.10 लाख रुपये, किन्नौर जिला में 41 लोगों को 4.44 लाख रुपये, कुल्लू जिला में 1,123 लोगों को 114.21 लाख रुपये, लाहौल-स्पीति जिला में 5 लोगों को 3.68 लाख रुपये, मण्डी जिला में 3,124 लोगों को 882.44 लाख रुपये, शिमला जिला में 5,856 लोगों को 1452.09 लाख रुपये, सिरमौर जिला में 2,066 लोगों को 830.21 लाख रुपये, सोलन जिला में 1218 लोगों को 181.93 लाख रुपये और ऊना जिला में 475 लोगों को 112.25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान कर लाभान्वित किया गया है।

मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना का लाभ उठाकर महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं। जिला ऊना के हरोली खण्ड की ग्राम पंचायत लोअर पंजावर के स्वयं सहायता समूह पीहू की सुदेश कुमारी इस योजना के माध्यम से प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा प्रदान कर रही है। उन्होंने वर्ष 2019 में इस योजना के लिए आवेदन किया था। उन्हें इस योजना के अन्तर्गत 83 हजार 740 रुपये की सहायता राशि स्वीकृत हुई। इस राशि का उपयोग कर उन्होंने आम के 18 पौधे लगाए और उनकी बाड़बंदी भी की। इसके अतिरिक्त उन्होंने किचन गार्डन मॉडल का उपयोग करके प्राकृतिक खेती से लौकी, कद्दू इत्यादि सब्जियां भी उगाई। उनका कहना है कि वह खेती में गोबर की खाद और नीम अस्त्र जैसे पारंपरिक तौर तरीकों का उपयोग करती हैं। उनके उत्पाद जहरीले रसायनों से भी बच रहे हैं और खेती की लागत में भी कमी आई है। मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री एक बीघा जमीन से उन्होंने खेती को विस्तार प्रदान किया है। प्राकृतिक खेती के माध्यम से बढ़ती उत्पादकता को देखकर अन्य महिलाएं भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित हो रही है। सुदेश जैसे कई उदाहरण इस बात का प्रतीक है कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आ रही है।।कर्ताः

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि की भेंट

■ प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम भी सुना

अर्थ प्रकाश/संदीप उपाध्याय



**शिमला, 25 सितंबर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, सह चुनाव प्रभारी देविंद्र सिंह राणा, संगठन महामंत्री पवन राणा और प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा। कश्यप ने कहा की यह कार्यक्रम हमें जीवन में इस दिशा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें भारत के सभी राज्यों और क्षेत्रों के बारे में पता चलता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जन्मजयंती पर भाजपा मुख्यालय दीपकमल में पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, सह चुनाव प्रभारी देविंद्र सिंह राणा, संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, कोषाध्यक्ष संजय सूद, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, सचिव प्यार सिंह कंवर और सह मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने भाजपा संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वी जन्मजयंती पर भाजपा मुख्यालय दीपकमल में पुष्पांजलि अर्पित की। सुरेश कश्यप ने कहा की भाजपा की कार्यशैली पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन प्रणाली पर आधारित है।

इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर एक पत्र का उद्बोधन भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव कश्यप द्वारा पड़ा गया। कश्यप ने कहा भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 1916 में आज ही के दिन यानी 25 सितंबर को हुआ था।

कश्यप ने कहा एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जन्म जयंती पर शत-शत नमन, उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार देशवासियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना जीवन समर्पित कर दिया , उनके विचार देशवासियों और प्रदेशवासियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

**सहयोग** | जयराम सरकार में हुए महिलाओं के उत्थान हेतु सबसे अधिक प्रयास

## उद्योग मंत्री ने नंगल चौक में 27 महिला मंडलों को बांटा सामान

■ कहा-महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए सरकार ने किए गंभीर प्रयास

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**देहरा 25 सितम्बर।** प्रदेश के इतिहास में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उत्थान हेतु यदि सबसे अधिक प्रयास किसी सरकार ने किए तो वह वर्तमान सरकार ने किए। महिलाओं को संबल प्रदान करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य से प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं का संचालन प्रदेश में किया जा रहा है। नंगल चौक में महिला मंडलों के सम्मान मे आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने यह शब्द कहे। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में महिला यात्रियों को 50 प्रतिशत रियायत देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारी कुल आबादी का 50 प्रतिशत है और महिलाओं के समग्र विकास और उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना विकसित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार ने निगम की बसों में बस किराए में 50 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया।

उद्योग मंत्री ने क्षेत्र के 27 महिला मंडलों को आवश्यक सामान भेंट करते हुए उन्हें सम्मानित किया। जिसमें शिव शक्ति महिला मंडल डाडासीबा,वार्ड नंबर 3 महिला मंडल डाडासीबा,वार्ड नंबर 1 महिला मंडल डाडासीबा,आदर्श महिला मंडल कलेहड,हरिजन महिला मंडल कलेहड,शिव शक्ती महिला मंडल बतबाड,वार्ड नंबर 4 महिला मंडल बतबाड,डोला वस्ती महिला मंडल बतबाड,महिला मंडल जदामन वार्ड नंबर 2,महिला मंडल पदियाल,महिला मंडल अप्पर गुरनवाड, महिला मंडल वार्ड नंबर 4, सामुदायिक महिला मंडल पड़यार बस्ती, प्रगतिशील नारी कल्याण महिला मंडल गुरनबाड, महिला मंडल पदाह सुदयाल वार्ड नंबर 3, महिला मंडल राजपूत बस्ती वार्ड नंबर 4, महिला मंडल अप्पर न्याड वार्ड नंबर 3, महिला मंडल बडयाल बस्ती वार्ड नंबर 1, महिला मंडल न्याड वार्ड नंबर 2, महिला मंडल मस्तयाल वार्ड नंबर 5, महिला मंडल जलेरा, महिला मंडल ब्राह्मण बस्ती, महिला मंडल अप्पर बठरा, महिला मंडल लोअर बठरा,शिव शक्ती महिला मंडल अप्पर भलवाल, महिला मंडल गुरगालाहड, राधे राधे महिला मंडल खुदियाणा को आवश्यक सामान भेंट किया।

जिनमें महिला मंडलों की मांग के अनुसार गद्दे, कुर्सियां, पेटियां, मैट, दरियां, बर्तन, पंखे आदि जरूरत की तमाम वस्तुएं बांटी गई। उद्योग मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समाजिक और अन्य सामूहिक कार्यक्रमों के आयोजन में महिला मंडलों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस हेतु जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र में उनके द्वारा महिला मंडलों को यह सामान वितरित किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में होने वाले सामाजिक कार्यक्रम एवं किसी गरीब के घर में होने वाले किसी समारोह में इस सामान का उपयोग हो सके।

कार्यक्रम से पूर्व उद्योग मंत्री ने नंगल चौक में स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

#### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा , महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष अनिता सेपहिया, महिला मोर्चा मंडलाध्यक्ष सत्या सूद, उपाध्यक्ष सुदेश कुमारी, महामंत्री रुपिंदर डैनी,प्रधान ग्राम पंचायत नंगल चौक अनिता सहित भारी संख्या में विभिन्न महिला मंडलों की सदस्य उपस्थित रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी )।** थाना-26 पुलिस ने हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन में नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के जिला मोहाली के रहने वाले 31 वर्षीय मदन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित शिकायतकर्ता बापू धाम कॉलोनी सेक्टर 26 के रहने वाले योगेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। उसका कुछ समय पहले आरोपी से संपर्क 16 फरवरी 2021 को हुआ था। आरोपी ने पीड़ित शिकायतकर्ता को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उसे हरियाणा स्थित हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन में नौकरी दिलवा देगा। शिकायतकर्ता उसके झांसे में आ गया। उसने पीड़ित शिकायतकर्ता से नौकरी दिलवाने के नाम पर 3.5 लाख रुपए ले लिया। पीड़ित ने जब कुछ दिन बीत जाने के बाद आरोपी से संपर्क किया तो उसने शिकायतकर्ता को एक फेक अपॉइंटमेंट लेटर दे दिया। जब पीड़ित को दिया गया फेक अप्वाइंटमेंट लेटर हरियाणा स्थित पंचकूला सेक्टर 2 में एचएसएससी के कार्यालय में लेटर लेकर गया तो उन्होंने बोला कि यह अप्वाइंटमेंट लेटर फेक है। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी के खिलाफ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में मामला दर्ज किया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज की मांगने पर पति के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़।** वूमेन पुलिस स्टेशन थाना 17 पुलिस ने दहेज की मांग करने वाले आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित शिकायतकर्ता सेक्टर 16 की रहने वाली पी?ता महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति दहेज की मांग को लेकर लगातार उसे परेशान कर रहा था। जिसके चलते पीड़िता महिला ने मामले की शिकायत वूमेन पुलिस स्टेशन को दी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति हरियाणा के पंचकुला के रहने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशीले पाउडर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**बनूड़ (मनिंदर मनौली)।** स्थानीय पुलिस ने कार सवार दो युवकों को 90 ग्राम नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर करमजीत सिंह ने बताया कि एएसआई बलविंदर सिंह ने पुलिस पार्टी सहित बनूड़ से राजपुरा तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सवाईट कॉलेज के सामने नाका लगाया हुआ था। चेकिंग के दौरान उन्होंने एक संदिग्ध स्कोडा कार को रोका और कार सवार दोनों युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से 90 ग्राम नशीला सफेद पाउडर बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों को मौके पर ही गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष करमजीत सिंह ने बताया कि आरोपी युवकों की पहचान बिक्रम सिंह पुत्र सरबजीत सिंह वार्ड नंबर 4 मोहल्ला सैनीवाला बनूड़ व मनजिंदर सिंह पुत्र उपकार सिंह निवासी वार्ड नंबर 7 मोहल्ला अहलूवालिया वाला बनूड़ के रूप में हुई है।

# बारिश बनी आफत, सड़कें बनी तालाब

■ ट्रैफिक जाम से लोगों को हुई भारी परेशानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** शहर में पिछले 4 दिन से हो रही लगातार बारिश अब आफत बनने लगी है। बारिश होने से जहां ठंड का आगमन हो गया है, वहीं बारिश से शहर में कई जगह सड़कों और गलियों में पानी खड़ा हो गया है। चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर लोगों को ट्रैफिक जाम और ट्रैफिक डायवर्ट करने की जानकारियां दे रही है।

बारिश के दौरान शहर की प्रमुख सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। पेड़ गिरने से भी लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। इंडस्ट्रियल एरिया, फेज 1 की सीटीयू वर्कशॉप के पास जलभराव की स्थिति बनी। आईएसबीटी-43 के पिछली तरफ काफी जलभराव हो गया। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को कहा है कि वह वैकल्पिक रुट अपनाएं और सतर्क रहें।

**शहर में कई जगह गिरे पेड़:** शहर में कई जगह पेड़ गिरने की घटनाएं भी हुई हैं। पेड़ गिरने से सड़कों पर ब्लॉकेज हो रही है। सेक्टर 45/50 की डिवाइडिंग रोड पर सेक्टर-50 की तरफ पेड़ गिर गया। उसे काफी मशक्कत के बाद हॉर्टीकल्चर विभाग ने हटाया। इससे सड़क पर जाम की स्थिति



बनी हुई थी। जीएमएसएच-16 के सामने और सेक्टर-16 के स्मॉल चौक के पास भी पेड़ गिर गए। सेक्टर-4/5/8/9 चौक के पास साइकिल ट्रैक और सेक्टर-15/16 लाइट पॉइंट के पास भी पेड़ गिर गया था। सेक्टर-44/51 की स्लिप रोड पर भी सुबह एक पेड़ गिर गया था

### बारिश के कारण रामलीला मंचन का स्थान बदला तो डंडिया का कार्यक्रम हुआ रद्द

**मनीमाजरा( करमजीत परवाना)।** बे मौसम हो रही बारिश के कारण जहां आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नवरात्रों को लेकर आयोजन किए गए अलग अलग कार्यक्रम भी रद्द करने पड़ गए। ऐसे में बारिश के कारण इलाके में रामलीला का मंचन करने के लिए क्लबों ने रामलीला का मंचन करने के स्थान बदलना पड़ा। हालांकि क्लब के प्रयास से राम लीला का मंचन तो हुआ परंतु रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकारों को अपना किरदार केवल क्लब के सदस्य के सामने ही करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि शहर भर में 24 सितंबर को राम लीला के मंचन शुरू होने थे। परंतु शुक्रवार सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण शहर भर में हो रही रामलीला के मंचन को रामलीला पंडाल के बजाय दूसरी जगह पर करना पड़ा। राम लीला क्लब द आजाद ड्रामाटिक क्लब के प्रेस सचिव गौरव शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह से मूसलाधार बारिश होने के कारण रामलीला का पंडाल में बने मंच पर मंचन करना असंभव हो गया था। रामलीला का मंचन शुरू होने पर कभी भी रामलीला मंचन को बीच में नहीं छोड़ सकते । ऐसे में क्लब के प्रधान मदन लाल आर्चाय और महासचिव नवदीप कौशिक द्वारा यह फैसला लिया गया कि शुक्रवार को रामलीला का मंचन गंगा देवी धर्मशाला किया गया। जहां पर श्री राम और माता जन्म का दृश्य दिखाया गया। रविवार को भी इस धर्मशाला में ही तडका वध का दृश्य दिखाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण नार्थ जोन कल्चर सेंटर द्वारा नवरात्रों में ट्राईसिटी के लोगों के लिए डांडिया का आयोजन करने जा रहा था। परंतु पिछले दो दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण जहां कलाग्राम के मैदान में चारों ओर कीचड़ फैल गया । वहीं तेज बारिश और हवा के कारण डांडिया के लिए लगाए

### शारदीय नवरात्रि का आज से आरंभ

## श्रद्धालुओं के लिए मनसा देवी के लिए चलाई जाएंगे स्पेशल बसें!

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ /पंचकूला।** शारदीय नवरात्रि 26 सितंबर से शुरू हो रहे हैं और 4 अक्तूबर तक चलेंगे। इसके लिए पंचकूला स्थित माता मनसा देवी को सजाया गया है। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालु यहां ठहर सकते हैं, जिसके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। दर्शन और पूजा करने की भी विशेष व्यवस्था है। मंदिर आने के लिए चंडीगढ़ बस स्टैंड, पंचकूला बस स्टैंड और जीरकपुर से विशेष बसें चलाई जाएंगी। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए बसें उपलब्ध करवाई जाएंगी। माता मनसा देवी मंदिर में गऊशाला के पास अस्थायी बस स्टैंड बनाया जाता है, जहां तक सीधी बसें आएंगी। दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती श्रद्धालुओं के लिए ई-रिक्शा का प्रबंध किया गया है। मंदिर परिसर में एटीएम की सुविधा भी है। श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के चीफ एग्जीक्यूटिव अफसर अशोक कुमार बंसल ने बताया कि लक्ष्मी धर्मशाला और लाजवंती गेस्ट हाउस में ठहरने की सुविधा है। मंदिर भंडारा समिति की तरफ से परिसर में 3 जगह भंडारा लगाया गया है। यहां पर तीनों समय भक्तों को प्रसाद उपलब्ध करवाया जाएगा।

**डॉक्टरों की विशेष टीम मौजूद रहेगी:** नवरात्रि के दौरान लाखों भक्त मां मनसा देवी मंदिर में आते हैं। इनमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग, बच्चे आदि होते हैं। ऐसे में उनकी तबियत खराब होने की संभावना भी बनी रहती है। इसलिए मंदिर में डॉक्टरों की विशेष टीम मौजूद रहेगी। एक स्थायी डिस्पेंसरी भी मंदिर में काम करती है। एंबुलेंस मौजूद रहेगी। पंचकूला के डीसीपी की देखरेख में सुरक्षा रहेगी। सीसीटीवी कैमरों के जरिए पुलिस और मंदिर सिक्योरिटी असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखेगी।

**सज गई दुकानें:** दूसरी ओर माता मनसा देवी में प्रसाद, धार्मिक सामग्री और खिलौनों आदि की दुकानें सज चुकी हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार नवरात्रि में अच्छी सेल होने की उम्मीद है। कोरोना काल में अच्छी सेल नहीं हुई थी। मंदिर प्रशासन ने भी अच्छे प्रबंध किए हैं। वहीं एक मांग की गई है कि दुकानदारों को नवरात्रि में विशेष स्टॉल लगाने की मंजूरी दी जाए। इसके लिए वह पे करने को भी तैयार हैं।

#### भक्तों को कई सुविधाएं ऑनलाइन मिलेंगी

भक्तों को ऑनलाइन प्रसाद, चोला, चोला सामग्री की भी सुविधा दी गई है। रूम बुकिंग के लिए भी ऑनलाइन संपर्क किया जा सकता है। 100 रुपए में ई-टोकन की सुविधा भी मिलेगी। गर्भ गृह द्वार 3 से यह टोकन लेने वाले भक्तों की एंट्री करवाई जाएगी।

### यूटी कैडर शिक्षकों की अनदेखी पर चंडीगढ़ युवा दल ने लिखा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र

## सालों से डेपुटेशन पर जमे हैं अन्य राज्यों के शिक्षक : सुनील यादव

अर्थ प्रकाश/ करमजीत परवाना।

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा से चंडीगढ़ में डेपुटेशन पर आये शिक्षकों के कारण यूटी कैडर के शिक्षकों को पदोन्नति के पर्याप्त अवसर न मिलने के कारण उनमें भारी रोष है। विभाग प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) के नियमों का ठीक से पालन नहीं कर रहा है। जिसे खफा हो के चंडीगढ़ युवा दल के प्रधान विनायक बंगीआ और संयोजक सुनील यादव ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिख मामले पर यूटी प्रशासक के अधिकारियों को जल्द समस्या के समाधान के निर्देश देने की बात कही है।

युवा दल के प्रधान विनायक बांगिया के अनुसार पंजाब-हरियाणा के सैंकड़ों शिक्षक चंडीगढ़ में प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं। शुरू में प्रतिनियुक्ति एक साल के लिए की जाती है लेकिन इसे आचरण व कार्य संतोषजनक होने पर अधिकतम 5 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अनेक शिक्षक दस साल से भी अधिक समय से डेपुटेशन पर लगे हैं। इसका असर यूटी कैडर के शिक्षकों पर पड़ रहा है। उन्हें पदोन्नति का पूरे अवसर नहीं मिल पाते।

संयोजक सुनील यादव के अनुसार यूटी कैडर के शिक्षक दो-दो दशक से अनुबंध पर कार्यरत हैं। विभाग इन्हें पक्का करने के लिए गंभीर नजर नहीं आता। उन्होंने बताया कि प्रतिनियुक्ति पर आने वाले शिक्षकों के पद उनके मूल राज्य में भरे हुए दिखाए जाते हैं। इनके कारण यूटी में भी पद भर जाता है। यानी एक शिक्षक के कारण दो-दो जगह पद भरे माने जाते हैं। यदि प्रतिनियुक्ति पर आये शिक्षकों को निर्धारित अवधि के बाद वापस मूल राज्य भेज दिया जाए तो यूटी में भी पद खाली हो जायेंगे। इन खाली पदों पर अनुबंधित शिक्षकों को नियमित किया जा सकता है।

## सीनियर महिला कांस्टेबल ने जीती 21 किमी की रेस, मिला गोल्ड



अर्थ प्रकाश/ रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुलिस की महिला सीनियर कॉन्स्टेबल ने 21 किलोमीटर की रेस में पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा कर चंडीगढ़ पुलिस विभाग और परिवार का नाम रोशन किया। रविवार को टेफमैन चंडीगढ़ हाफ मैराथन द्वारा करवाई गई। यह रेस सुबह 5.30 बजे शुरू की गई। जिसका शुभारंभ चंडीगढ़ के महापौर सरबजीत कौर ने किया। इस टेफमैन चंडीगढ़ हाफ मैराथन में शामिल होने के लिए भारत के अलग-अलग राज्यों से करीब 3 हजार खिलाड़ियों ने पार्टिसिपेट किया था। चंडीगढ़ पुलिस की महिला सीनियर कॉन्स्टेबल मनीषा थाना आईटी पार्क में कार्यरत है। जिसने चंडीगढ़ पुलिस विभाग और अपने परिवार का नाम रोशन करते हुए 21 किलोमीटर की रेस को एक घंटा 46 मिनट 18 सेकेंड में कर दिखाया और गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। जिसको देखते हुए चंडीगढ़ की महापौर सरबजीत कौर ने शुभकामनाएं दी। बता दें कि कि महिला सीनियर कॉन्स्टेबल मनीषा ने 2019 में भी इसी तरह 21 किलोमीटर की रेस में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीता था। सीनियर कॉन्स्टेबल मनीषा पहले भी कई मेडल जीत चुकी है। चंडीगढ़ पुलिस विभाग का लगातार नाम रोशन करते आ रही है।

### पीएचडी चैंबर ने कर्मचारी भविष्य निधि पर किया सेमिनार

## 'पीएफ के लिए कर्मचारियों का डाटा देते समय पारदर्शिता व सावधानी जरूरी'

अर्थ प्रकाश /करमजीत परवाना।





**चंडीगढ़।** किसी भी संस्थान में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि बेहद महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन प्रणाली में डाटा दर्ज करते समय बेहद सावधानी की जरूरत है। कर्मचारियों का डाटा पीएफ के लिए देने हेतु जरूरी है कि उनका केवाईसी तथा परिवार नोमिनेशन बेहद ध्यान से भरा जाना चाहिए। उक्त विचार अतिरिक्त केंद्रीय पीएफ आयुक्त रोहित कुमार ने पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा स्थानीय सेक्टर-31 स्थित कार्यालय में पीएफ के क्षेत्र में हुए बदलाव तथा चुनौतियों को समझने के लिए आयोजित एक दिवसीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि दस्तावेजों को तैयार करने तथा ऑनलाइन डाटा देने में जितनी पारदर्शिता होगी उतना ही कर्मचारियों तथा उद्योग प्रबंधकों को लाभ मिलेगा। इससे पहले पीएचडीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक खन्ना ने अधिकारियों तथा उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां कोई भी वरिष्ठ ईपीएफओ अधिकारियों की उपस्थिति में भविष्य निधि से संबंधित मुद्दों और चुनौतियों को समझ और स्पष्ट कर सकता है जो प्रतिभागियों के सुझावों को उनके संबंधित संशोधनों में लागू कर सकते हैं।

पीएचडीसीसीआई मानव संसाधन एवं आईआर समिति के को-चेयर आशीष मोहन विग ने चैंबर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) सदस्यता और उसके फंड के मामले में दुनिया के सबसे बड़े संगठनों में से एक है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों और नियोक्ताओं के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने के लिए सत्र का आयोजन किया गया है।

पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री पंजाब कमेटी के चेयर आर.एस.सचदेवा ने कहा कि इज ऑफ डुइंग बिजनेस रैंकिंग 2018 में भारत ने कर भुगतान श्रेणी के तहत 53 पदों की विशाल छलांग लगाई है, जिसका मुख्य कारण है ईपीएफ के इलैक्ट्रॉनिक भुगतान के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मौजूदा ईपीएफओ खाताधारकों में एक मिलियन से अधिक लोगों को जोड़ा गया। चंडीगढ़ के भविष्य निधि आयुक्त-2 अर्जुन ठुकराल ने ईपीएफओ, ईपीएफओ अधिनियम, ईपीएफ योजनाओं, ईपीएफओ के दायरे और कवरेज, कर्मचारियों को लाभ, पेंशनभोगियों के लिए पहल, दावा निपटान पर जानकारी दी।

चंडीगढ़ के भविष्य निधि आयुक्त पीपीएस मैंगी और राकेश कुमार पंवार क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त हिमाचल प्रदेश के साथ प्रतिभागियों को सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन जारी करने,केवाईसी अनुपालन, एकाधिक यूएएन, परिवार नामांकन, एबीवाई योजना आदि के बारे में जानकरी दी। इस अवसर पर पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री पंजाब के को-चेयर संजीव सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## न्यूज ब्रीफ

### युगपुरूष देवीलाल को किया नमन



**सोनीपत (अप्रस)।** पूर्व उप-प्रधानमंत्री जननायक चौ0 देवीलाल की 109वीं जयंती के मौके पर जननायक जनता पार्टी (जजपा) के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पदम दहिया के नेतृत्व में सभी जजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण विधि-विधान के साथ बस अड्डा चौक पर स्थापित जननायक देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा की। युगपुरूष की जयंती के मौके पर हवन यज्ञ किया गया, जिसमें जजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आहुति डालते हुए जननायक की जय-जयकार के नारे लगाये। जिलाध्यक्ष दहिया ने कहा कि चौधरी देवीलाल की जयंती की उपलक्ष्य में आज पूरे प्रदेश में जजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर व अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में मुरथल रोड़ स्थित कैफे केव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### एसडीएम ने लिया गांवों में जलभराव की स्थिति का जायजा



**टोहाना (अप्रस/सुरेश)।** उपमंडलाधीश प्रतीक हुड्डा ने रविवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बारिश के कारण हुए जलभराव एवं पानी की निकासी के लिए किए जा रहे प्रबंधों का अधिकारियों के साथ जायजा लिया। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बीडीपीओ नरेंद्र सिंह के साथ धारसूल, रसूलपुर व कानीखेड़ी सहित अन्य गांवों का दौरा कर बरसाती पानी से हुए जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने ग्राम वासियों से बात करते हुए क्षेत्र में जलभराव की जानकारी ली व ग्राम वासियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन के द्वारा पानी की निकासी के लिए उचित प्रबंध किए जा रहे। बरसात के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए जल निकासी व्यवस्था में प्रशासन मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी वाले क्षेत्रों व खेतों में जलभराव से निपटने के लिए व्यापक उपकरणों के साथ व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जलभराव की समस्या के समाधान के लिए सिंचाई, जन स्वास्थ्य, व बिजली निगम के अधिकारी पूरी सजगता के साथ आपसी तालमेल बनाकर व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है। बारिश से क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुए जलभराव की निकासी के लिए किए गए प्रबंधों का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश से कहीं पर भी जलभराव की स्थिति पैदा न हो और बरसाती पानी की निकासी तेज गति के साथ करवाई जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि पानी निकासी के लिए सभी आवश्यक उपकरणों की अतिरिक्त व्यवस्था भी रखी जाए ताकि जल निकासी तेजी के साथ हो सके। अधिकारी जल निकासी कार्यों को प्राथमिकता के साथ करें।

### रक्तदान सबसे पुण्य का कामः रणबीर छिक्कारा



**सोनीपत/गन्नौर (अप्रस)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रणबीर छिक्कारा ने टेहा गांव में रविवार को रोटरी क्लब गन्नौर सेंट्रल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। रणबीर छिक्कारा ने रक्त दाताओं की हौसला अफजाई करते हुवे रक्तदान प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जीवन बचाने के लिए आज दो चीजों की बहुत जरूरत है एक रक्तदान और दूसरा पौधारोपण। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग ले और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं ताकि आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके और पृथ्वी को और मनुष्य जीवन को बचाया जा सके। इस अवसर पर शिवकुमार त्यागी, सतपाल त्यागी, सतपाल शर्मा, डॉक्टर मनोज, इशांत गोयल, अमित त्यागी, अशोक वर्मा, सतीश चौधरी, तुषार त्यागी, पवन जिंदल, रोहित, हरिओम आदि मौजूद रहे।

### शहीद भगत सिंह जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर

**सोनीपत (अप्रस)।** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर चौधरी छोटूराम धर्मशाला में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि रविवार को रक्तदान शिविर में 66 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रणवीर सिंह ने 54वी. बार, विजय सरोहा ने 39वी. बार सचिन खत्री ने 30वी. बार रक्तदान किया।शिविर में 66 यूनिट रक्त इक्ट्ठा हुआ। उन्होंने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। शिविर में कई युवाओं, महिलाओं ने रक्तदान किया। महिलाओं ने रक्तदान कर कहां की हर किसी को रक्तदान करना चाहिए।इस अवसर पर मास्टर दिलबाग सिंह,बिंदु चौहान,दिनेश देशवाल, पार्षद प्रदीप डागर,संदीप लंबू, इनर व्हील कल्ब की प्रधान संतोष गिरधर,सचिव सुषमा दहिया,शकुंतला देवी,सुदेश जग्गा,परवीन नैन,रविंद्र हुड्डा, विकी छिकारा,राजपाल छिकारा,कोच राजेश मलिक,ईशु रेढाव,मंजीत फरमान,पहलवान हवासिंह अंतिल,संजीव खत्री,अजय कुंडू,सचिन,सुमित शर्मा,अखलिश,राहुल, नंदा वर्मा,शिवपाल,दिनेश छिकारा,दिग्विजय दहिया,देवंदर गौतम,विकास दहिया, नील दहिया आदि मौजूद रहें।

# भाजपा की नीति में सत्ता नहीं जनसेवा व राष्ट्र निर्माण सर्वोपरि : ओपी धनखड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 सितंबर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा की नीति में सत्ता नहीं जनसेवा और राष्ट्र निर्माण सर्वोपरि है। एकात्म मानववाद दर्शन के जनक प. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर उन्होंने यह बात झज्जर जिला के गांव सुबाना के बूथ पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। धनखड़ ने कहा कि हरियाणा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में आज इस पावन अवसर पर हर बूथ पर वृक्षारोपण किया है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की मुहिम को साकार करने के लिए एक लाख से अधिक खुले नलों पर टोंटी लगाई गई। पीएम मोदी द्वारा शुरू की गई गरीब कल्याण की योजनाओं के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन के शुभकामना पत्र प्रेषित किए और पीएम मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सुना और प.दीनदयाल उपाध्याय जी को नमन करते हुए उनके जीवन दर्शन पर कार्यकर्ताओं संग विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

धनखड़ ने कहा कि भाजपा सरकार और संगठन अंत्योदय की भावना से सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटे हुए हैं। मोदी के सशक्त नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत की साख दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। धनखड़ ने कहा कि प. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद यानि मानव जीवन व संपूर्ण सृष्टि के एकमात्र संबंध का दर्शन है। मनुष्य के मूल्यों व उत्थान पर ध्यान देना ही मानववाद है। पीएम मोदी ने युवाओं का कौशल निखाकर उनको उत्थान के रास्ते पर ले जाने के लिए अंत्योदय योजना का आरंभ वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनते ही कर दिया था।

धनखड़ ने कहा कि कार्यकर्ता सामाजिक सरोकारों से जुड़कर मोदी-मनोहर सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनें। उन्होंने कहा कि आज जो पौधे रोपित किए हैं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ता लें और जल संरक्षण के संकल्प को भी आगे बढ़ाएं। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने सेवा पखवाड़ा के तहत किए जा रहे सामाजिक सरोकारों के कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहे कार्यकर्ताओं को साधुवाद का पात्र बताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संदीप हसनपुर, सोमबीर कोडान, सुभाष देशवाल, सरपंच महासिंह, बलराम नंबरदार, भंवर सिंह न्यौला, सतीश तुंबाहेड़ी, बीरेंद्र डावला, उमेद बाबेपुर, सहित बूथ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा मना रही है। रविवार को भाजपा ने पूरे प्रदेश में पांच बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, सांसद, मंत्री व विधायकों सहित सभी नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में चलाए जा रहे सेवा कार्यों के तहत पूरे हरियाणा में पर्यावरण की दृष्टि से एक लाख पौधे लगाए गए। इसके अलावा अपने-अपने बूथों पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनीं। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर बहते जल को रोकने के लिए नलों पर टोंटियां लगाई और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री के नाम एक लाख धन्यवाद पत्र लिखवाए गए।

# चौधरी देवीलाल की 109वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



अर्थ प्रकाश/आदेश

**सोनीपत/गन्नौर, 25 सितंबर।** पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 109 वीं जयंती पर गन्नौर के देवीलाल चौक पर जजपा नेताओं ने हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी के नेतृत्व में स्वर्गीय चौ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि चौधरी देवीलाल एक युग पुरुष थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जीवन भर किसानों व कमेरे वर्ग के लिए आवाज उठाई और संघर्ष किया। अनिल त्यागी ने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल का मानना था कि जब तक हमारा किसान, कमेरा व मजदूर वर्ग सुखी नहीं है तब तक देश विकास के रास्ते पर आगे नहीं जा सकता। इसी धारणा को आगे बढाते हुए उन्होंने अपने जीवन में किसान, कमेरे व मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए, जिसके कारण उन्हें मसीहा की उपाधि दी गई। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को भी उनकी नीतियों पर चलते हुए सामाजिक सेवा के लिए कार्य करना चाहिए।कहा कि चौधरी देवीलाल एक वयक्ति नहीं बल्कि संस्था थे जिन्होंने हर वर्ग के लिए काम किया और देश में पहली बार हरियाणा में बुढ़ापा पेंशन लागू की। आज हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना है।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव सियानंद त्यागी, रणधीर मलिक, भानेराम, हल्का महिला अध्यक्ष अनिता वर्मा, रामकरण लड़सौली, रमेशनाथ, सुधीर धनखड़, अनुपम रापड़िया, सुनील लंबू, पार्षद नरेश वर्मा के अलावा अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

# 109वें योग जन्मोत्सव के चौथे दिवस पर ब्राह्मणों को करवाया भोज

अर्थ प्रकाश/सुरेश

**टोहाना, 25 सितंबर।** कुटिया शांत सरोवर में आयोजित 109वें योग जन्मोत्सव के चौथे दिवस ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के ब्राह्मणों को भोजन दक्षिणा एवं कंबल वितरित किए गए। संत सुखदेवानंद ने बताया कि किसी को भोजन खिलाकर जो आंतरिक आनंद की प्राप्ति होती है वो सिर्फ देने वाला या खिलाने वाला ही जान सकता है। इसलिए समय-समय पर जो भी समर्थ है उसे कुछ न कुछ दान अवश्य करते रहना चाहिए, चाहे वो अन्न का हो या धन का। इसी श्रृंखला में रविवार को यानी पंचम दिवस संत सर्वयोगानंद ने गायों को गौशाला जाकर चारा भी खिलाया और बताया कि अमावस्या वाले दिन गायों को चारा खिलाना विशेष हितकर होता है वैसे तो हम गायों या किसी भी बेजुबान को कभी भी भोजन करा के पुण्य के भागी बन सकते हे, लेकिन कुछ विशेष दिन होते है जिसमे विशेष फल मिलता है। योग जन्मोत्सव पर सभी संगते भक्तिरस में सम्पूर्ण रूप से रंगी हुई दिखाई पड़ रही है और नौ दिवसीय पाठ का टोहाना में आयोजन पर विशेष रूप से महाराज सुखदेवंद के प्रति कृतज्ञ भी है। मुख्य ज्योत प्रज्वलन का कार्य प्रात काल की वेला में मुकेश भाटिया तथा माता नाथो बाई द्वारा एवम संध्या समय में जसवंत भाटिया हिसार तथा निर्मल गेरा मलेरकोटला द्वारा किया।

# विधायक रामनिवास को चेयरमैन पद से हटाने पर समर्थकों में भारी रोष

**नरवाना (अप्रस)।** हल्के के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा को हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन पद से हटाने पर सर्व समाज में जजपा का विरोध देखने को मिल रहा है, रोजाना आए दिन विभिन्न समाज एवं संगठन के द्वारा विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। रविवार को गांव भाणा ब्राह्मणा में मनोज जैलदार के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज ने सभा आयोजित कर दुष्यंत चौटाला एवं जननायक जनता पार्टी के नेताओं का बहिष्कार किया। मनोज ने कहा विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा एससी समाज से आकर भी हर समाज के लिए पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं ऐसे में उन्हें दुष्यंत चौटाला के द्वारा अपमानित किया जाना ब्राह्मण समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

# प्रॉपर्टी डीलर एवं एडवाइजर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 25 सितंबर।** आज प्रोपर्टी डीलर एवं एडवाइजर्स एसोसिएशन रोहतक के पदाधिकारियों ने प्रधान रमेश खुराना के नेतृत्व में स्थानीय कैनाल रेस्ट हाऊस पर जाकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को मांग पत्र दिया। जिसमें लंबे समय से चली आ रही प्रॉपर्टी संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। प्रधान रमेश खुराना ने बताया कि प्रोपर्टी कि टुकड़ों में रजिस्ट्री में न होने, ब्लड रिलेशन की रजिस्ट्री, इंतकाल व जमाबंदी का ठीक से समायोजन न होने व तहसील व नगर निगम में भ्रष्टाचार के मुद्दों को विस्तार पूर्वक रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मांग की गई है कि वे प्रदेश की जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए टुकड़ों की रजिस्ट्री को खोलने का काम करें। प्रोपर्टी खरीदना व वेचना लोगों का संवैधानिक अधिकार है और सरकार इस संवैधानिक अधिकार का टुकड़ों की रजिस्ट्री को बंद करके हनन कर रही है। इससे एक तरफ तो सरकार के राजस्व में कमी आ रही है वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी की आईडी निगम के द्वारा समय पर न बनाए जाने से भी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनतंत्र के अंदर यदि सरकार लोगों की भावनाओं को नहीं समझती तो यह लोकतंत्र की मर्यादाओं का उल्लंघन है। इसलिए सरकार को इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने चाहियें।

# सांसद कौशिक ने किया सेक्टर-14 में पौधारोपण

**सोनीपत (अप्रस)।** लोकसभा सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से ज्वलंत समस्याओं का पूर्ण समाधान मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी अपने मन की बात में देश-दुनिया की समस्याओं व उल्लेखनीय घटनाओं की विश्लेषणात्मक चर्चा करते हैं। उनकी बातों से बहुत कुछ जानने-समझने को मिलता है। सांसद कौशिक रविवार को भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मदान के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए विस्तार से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम फुल पैकेज है, जिसमें समस्याओं को उठाने के साथ उनका समाधान भी सुझाया जाता है। लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाता है। इस कार्यक्रम में शामिल होने पर एक नई ऊर्जा का संचार होता है। सांसद रमेश कौशिक ने आम जनमानस को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुननी चाहिए। यह बेहतरीन कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री अपने देश के नागरिकों से सीधे जुड़ते हैं। ऐसा पहले कभी किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया।

# माईराम कौशिक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया पौधारोपण



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**राई, 25 सितंबर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर स्मृति सामारोह एक पौधा कार्यक्रम का आयोजन रविवार को हंस फिलिंग स्टेशन पर आयोजित किया गया। रविवार को जनसंघ की नींव डालने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106 वीं जयंती पर राई विधायक व प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बडौली के छोटे भाई माईराम कौशिक ने पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए यह दिन बेहद खास है। उपाध्याय की सोच को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और केंद्र सरकार की नीतियों के इम्प्लीमेंट होता बताकर लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए बीजेपी ने 'बूथ कमल उत्सव' के तहत नेताओं के बूथ दौरे तय किए हैं। कौशिक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस लेकर 2 अक्टूबर तक बीजेपी सेवा पखवा?ा मना रही है। इसी प्रोग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती समारोह भी उत्सव की तरह मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता माईराम कोशिक ने कहा कि देश के प्रखर मानवतावादी, चिन्तक और महान सपूत दीनदयाल उपाध्याय ने आजादी के बाद हीन भावना से मुक्ति दिलाने के लिए बौद्धिक चेतना जागृत की। उन्होंने एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय का एक विचार देश के सामने रखा जो पूरी तरह भारतीय था। आधुनिक, सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय दर्शन कैसे दुनिया का मार्गदर्शन कर सकता है, यह दीनदयाल जी ने हमें सिखाया। उनके विचार पूरे समाज के लिए प्रासंगिक एवं प्रेरणा स्रोत हैं।


## क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

### ज्योतिष

बाबा फरीद बंगाली! काले इल्म वाले महा वशीकरण, महा मुठकरनी , मनचाहा वशीकरण करवाए, मुकदमा, सौतन - दुश्मन छुटकारा, तलाक करवाए, किया - कराया , इंटर - कास्ट मैरिज . सम्पर्क करें 7618138838
F-ADVT

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
बाबा बंगाली
जैसे भूत प्रेत, जादू टोना, किराया कराया कारोबार में रूकावट,सौतन दुश्मन से छुटकारा वशीलकरण स्पेशलिस्ट
9536542428
AP-3487

फ्री सेवा फ्री सेवा फ्री सेवा
जिसको होगा ज्ञान वही करेगा समस्या का समाधान
गुरू शाहजी बंगाली
मनचाहा प्यार, लवमैरिज किया कराया सौतन दुश्मन से छुटकारा नौकरी कर्ज, कारोबार, ग्रह कलेश, संतान प्राप्ति, तलाक, वशीकरण व मुठकरनी स्पेशलिस्ट
रोहतक
Mb. 98121 54023

बार-बार धोखा खाए व्यक्ति एक बार सम्पर्क करें :-
गुरु दानिश जी
9634615099

### ऋण

आदित्य फाइनेंस
(1 लाख से 50 लाख तक)
राशनकार्ड, आधारकार्ड, पैनकार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, मछलीपालन सभी प्रकार के लोन कम समय 2% ब्याज पर (महिलाओं हेतू विशेष छुट)
9667885501

### आवश्यकता

Tata Capital Finance में पाएं 0 प्रतिशत ब्याज, 40 प्रतिशत छूट पर 24-48 घंटों में पर्सनल, होम, बिजनेस, एग्रीकल्चर, प्रॉपर्टी, मॉर्गेज लोन, टोल फ्री : 18001210478, हेल्पलाइन नं. 8102953964
F-ADVT

Vacancy for One Sales Woman on Temporary Basis Golden Arrow Tarini Shop Ferozepur Cantt Application form Golden Arrow Tarini Shop Last Date 18 July 2022 Interview 20 July 2022.
F-ADVT

ADVERTISING REGD कंपनी में SMS JOB करके लड़के-लड़कियां, ग्रहणी, स्टूडेंट, रिटायर्ड, घर बैठे कमाएं 21,400-31,400/-महीना मोबाइल+ सिम+ डाटा मुफ्त। Mob. 9643012536

कुवैत और कतर हेतु सिविल फोरमैन, सेफ्टी ऑफिसर, रिंगर, कुक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, कारपेंटर, स्टोर कीपर,पेंटर, जेसीबी ऑपरेटर, ड्राइवर, वेल्डर मेंशन, पाइप फिटर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन ईमेल-transasiainc92@gmail.com संपर्क- 8850061490, 8850865072

### मेडिकल

गुप्त रोग, कमजोरी ठीक, पाऊडर पहले दिन से ही फायदा, मोटापा घटाए, हर नशा छुड़वाए, आयुर्वेदिक दवाईयां से सेहत बनाए।
मो. 8837701402
AP-2176

### सार्वजनिक सूचना

#### नाम परिवर्तन

मैं, पुष्प पुत्र श्री राजपाल मकान नंबर 2684, अर्बन एस्टेट, नजदीक मोतीलाल स्कूल, जींद का स्थाई निवासी हूँ। मैंने अपना नाम पुष्प से बदलकर पुष्प कुंडू रख लिया है।

**मैं,** नीलम रानी पत्नी राकेश कुमार वासी 427/6, गुरुद्वारा गली, टोहाना, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर नीलम रखा है

**मैं,** Amanansh पुत्र जसमीत सिंह वासी मकान नं. 4, DC कोलोनी मेरठ रोड करनाल ने अपना नाम बदलकर Amanansh सिंह रखा है

**मैं,** अनिल कुमार पुत्र ओम प्रकाश वासी मकान नं. 59/10 आउट साइड जुंडला गेट करनाल ने अपना नाम बदलकर अनिल कुमार अरोड़ा रखा है

**मैं,** सलोचना पत्नी रमेश कुमार वासी Panghala करनाल ने अपना नाम बदलकर सलोचना देवी रखा है

**मैं,** विक्रम जीत सिंह पुत्र करनैल सिंह वासी थारी असंध करनाल ने अपना नाम बदलकर विक्रमजीत सिंह रखा है

**मैं,** कुलदीप कौर विर्क पत्नी विक्रमजीत सिंह वासी थारी असंध करनाल ने अपना नाम बदलकर कुलदीप कौर रखा है

**मैं,** सरोज बाला पत्नी सत्य नारायण शर्मा वासी मकान नं. 584 सैक्टर 7 करनाल ने अपना नाम बदलकर सरोज शर्मा रखा है

**मैं,** रीनू कुमारी पत्नी विजय कुमार, # 8358- C, पहली मंजिल, नाइन होम्ज, सनी एन्क्लेव, झुगियां रोड, खरड़ ने अपना नाम रीनू कुमारी से बदल कर रीनू देवी रख लिया है।

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 7986549657, 9888303520, 9988934664 पर संपर्क करें।

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।


# कविता-राजीव जैन ने उत्साहपूर्वक मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 25 सितंबर।** हरियाणा की पूर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न बूथों पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्द्धन किया।

भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के तत्वावधान में रविवार को बूथ नंबर-55,172 व 178 और बूथ नंबर-203 पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इनमें पूर्व मंत्री कविता जैन ने बूथ-55,172 व 178 तथा पूर्व मीडिया सलाहकार ने बूथ-203 बंदेपुर में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने जयंती समारोह में शामिल लोगों को प्रोत्साहित किया कि वे मानवतावाद विचारधारा के प्रस्तावक दीनदयाल उपाध्याय के संदेशों व शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़ें। इससे जीवन में सद्गुणों के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित होगी। किसी भी नागरिक के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि होना चाहिए।


इस दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन व पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने इन बूथों पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनकर अहसास होता है कि वे हमारे मन की ही बात कर रहे हैं, क्योंकि उनके मन की बात में राष्ट्र के विकास को सर्वोच्चता दी जाती है। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात देश की जनता के हितों को लेकर होती है, जिसमें नागरिकों की समस्याओं, सुविधाओं, अधिकारों का समावेश विशेष रूप से रहता है। मन की बात में शामिल होने पर अनुभव होता है कि प्रधानमंत्री हमारे हितों को लेकर कितने चिंतित रहते हैं। दिन-रात प्रधानमंत्री सिर्फ देश और नागरिकों के भले को लेकर ही समर्पित रूप से कार्यरत रहते हैं। ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व होता है, जिन्होंने पूरे विश्व में देश का डंका बजाते हुए भारत की ताकत का अहसास कराया है।

# जयराम अस्पताल में फ्री दंत चिकित्सक शिविर का आयोजन

**नरवाना (अप्रस/अनिल)।** कस्बे के जयराम अस्पताल में एक सप्ताह के लिए दंत चिकित्सक शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें दंत चिकित्सक डा. हितेशी कुंडू ने शिविर में आए लोगों के दांतों की जांच की। समिति के प्रधान कैलाश सिंगला व संयोजक विनोद मंगला ने बताया कि यह शिविर एक सप्ताह के लिए फ्री लगाया गया है। पिछले चार दिनों से शिविर चल रहा है और इस शिविर का काफी लोग फायदा उठा चुके हैं। अस्पताल में इस तरह के शिविरों का आयोजन माह में एक या दो बार किया जाता है। शिविर में आए मरीजों को डा.हितेशी कुंडू ने बताया कि मुंह में दांतों की बीमारियां शरीर में कई अन्य प्रकार की बीमारियां पैदा कर देती है। दांत में अगर किसी भी प्रकार की दिक्कत नजर आती है तो तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह ले लेनी चाहिए ताकि समय रहते उस बीमारी का सफल इलाज हो सके।

# 'ऐसा क्यों?'

डॉ. मुनिश्री प्रणामसागर जी द्वारा लिखित यह कृति 'ऐसा क्यों?' अनेक प्रश्नों के समाधान करने में सशक्त स्थान रखती है। सच्चाई है कि सामान्यजन हर रोज जो क्रियाएं करते हैं लेकिन इसके पीछे क्या कारण है, इसकी हमें जानकारी नहीं होती। मुनिश्री जी ने 'ऐसा क्यों?' कृति के माध्यम से स्पष्ट किया है कि जो सामान्यजन अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कार्य करता है उसका क्या मतलब है?


आचार्य 108 डा. श्री प्रणामसागर जी

## शंख का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महत्व क्यों है?

**शंख** की उत्पत्ति समुद्र से मानी गई है और समुद्र में कैल्षियम होता है, फॉस्फोरस व गंधक के गुण विद्यमान रहते हैं। इसी कारण से शंख बजाने के कारण नकारात्मक ऊर्जा का शमन, शरीर में हल्कापन, गले से संबंधित विकास एवं मस्तिष्क की कोशिकाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

मान्यता है कि शंख के स्पर्श मात्र



से सामान्य जल गंगा जल के समान हो जाता है। शंख में रखे पानी को पीने से हड्डियां भी मजबूत होती हैं। शंख में भरे जल को चारों ओर छिड़कने से वातावरण में शुद्धि एवं धार्मिक वातावरण का निर्माण होता है। शंख की ध्वनि जहां-जहां तक जाती है, वहां-वहां के कीटाणु अन्यत्र पलायन कर जाते हैं। शंखनाद सुख का सूचक है अतः यह शुभ सूचक यंत्र की भांति उच्च स्थान व पात्रता को प्राप्त होता है।

इन सभी कारणों से शंख धार्मिक क्रियाओं में प्रयुक्त किया जाकर मन के आनंद का कारण बनता है।द्ध

## माथे पर तिलक क्यों लगाया जाता है?

**व्यक्ति** के मस्तक के ठीक बीचों-बीच आज्ञा चक्र में ऐसी नसें होती हैं जिन्हें दबाने से शरीर और मन में एक परिवर्तन होना प्रारंभ होता है जो शांति और शीतलका की ओर ले जाता है। अतः मुख्यतः मस्तक पर तिलक लगाया जाता है।

पूजा विधि में नौ स्थानों पर तिलक लगाया जाता है। तिलक में मुख्यतः चंदन व केशर के साथ कपूर घिसकर प्रयोग में लाया जाता है और फिर ऐसा तिलक मस्तिष्क पर लगते ही व्यक्ति का चित्त शांत एवं एकाग्र होकर ध्यान मग्न होने लगता है।

नारी को चंदन-केशर की बिंदी रूप तिलक एवं पुरुष को मेरु के समान लम्बा तिलक लगाना शुभ माना जाता है।



## पंचांग

**सोमवार, सितम्बर 26, 2022**

सूर्योदय 06.21 ए एम सूर्यास्त 06.22 पी एम चन्द्रोदय 06.30 ए एम, चन्द्रास्त 06.50 पी एम, शक सम्वत 1944 शुभ कृत्विक्रम सम्वत 2079 राक्षस गुजराती सम्वत 2078 प्रमादी अमान्त महीना आश्विन, पूर्णिमान्त महीना आश्विन, वार सोमवार, पक्ष शुक्ल पक्ष तिथि प्रतिपदा - 03.08 ए एम, सितम्बर 27 तक, नक्षत्र हस्त - 06.16 ए एम, सितम्बर 27 तक, योग शुक्ल - 08.06 ए एम तक, करण किंस्तुघ्न - 03.19 पी एम तक, द्वितीय करण बव - 03.08 ए एम, सितम्बर 27 तक, सूर्य राशि कन्या, चन्द्र राशि कन्या, राहुकाल 07.51 ए एम से 09.21 ए एम, गुलिक काल 01.52 पी एम से 03.22 पी एम यमगण्ड 10.51 ए एम से 12.22 पी एम अभिजित मुहूर्त11.58 ए एम से 12.6 पी एमदुर्मुहूर्त 12.46 पी एम से 01.34 पी एमदुर्मुहूर्त 03.10 पी एम से 03.58 पी एमअमृत काल 12.11 ए एम, सितम्बर 27 से 01.49 ए एम, सितम्बर 27वर्ज्य 02.27 पी एम से 04.04 पी एम।

## सौभाग्य की देवी मां शैलपुत्री की उपासना का दिन प्रथम नवरात्र

मां दुर्गा के नौ रूपों में प्रथम रूप मां शैलपुत्री का है। मां शैल पुत्री ही प्रथम दुर्गा हैं तथा नवरात्र - पूजन में प्रथम दिन मां दुर्गा के इसी रूप की पूजा उपासना की जाती है। शैलपुत्री का शाब्दिक अर्थ होता है 'पर्वत (शिला) की पुत्री'। पर्वत राज हिमालय के घर पुत्रीरूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा।

प्रथम दिन की उपासना में योगी अपने मन को 'मूलाधार चक्र' में स्थिर कर इनकी योगसाधना का प्रारम्भ करते हैं।शैलपुत्री के रूप में मां दुर्गा के बालरूप (स्त्रीत्व के प्रथम चरण) की उपासना की जाती है। ज्योतिष के अनुसार मां शैलपुत्री चन्द्रमा को दर्शाती हैं अतः मां शैलपुत्री के पूजन से जीवन में चन्द्रमा के द्वारा पड़ने वाले दुष्प्रभाव भी निष्क्रिय हो जाते हैं।

मां शैलपुत्री को पार्वती, हिमावती व् वृष की सवारी करने के कारण वृषारूढ़ा आदि नामों से भी पुकारा जाता है।

**स्वरूप :** वृषभ पर आरूढ़ (सवार) मां शैलपुत्री अपने दाहिने हाथ में त्रिशूल धारण करती हैं जो कि पापियों का विनाश करता है और भक्तों को अभय प्रदान करता है। बाएं हाथ में सुशोभित कमल का फूल ज्ञान एवं शांति का प्रतीक है।



माथे पर अर्धचंद्र मां की शोभा बढ़ता है।

**श्लोक : वन्दे वंछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्। वृषारूढाम् शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ।। ॐ देवी शैलपुर्त्यै नमः॥**

भोग : मां को सफ़ेद रंग अत्यधिक प्रिय होने के कारण नवरात्री के पहले दिन सफ़ेद वस्त्र, सफ़ेद फूल तथा सफ़ेद भोग चढ़ाना चाहिए तथा सफ़ेद बर्फी का भोग लगाना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री को शुद्ध देशी घी चढाने से साधकों को विकारों / बीमारियों से मुक्त जीवन की प्राप्ति होती है।

**पूजन :** नवरात्रि के प्रथम दिन योग्य ब्राह्मण को बुलाकर विधिवत घटस्थापना करें तथा पुष्प, अक्षत, रोली व् चन्दन के साथ षोडशोपचार से मां शैल पुत्री की पूजा करें। यथासंभव 'दुर्गा सप्तशती' का पाठ करें।

**पं मुनीश तिवारी,**
**भृगु ज्योतिष केंद्र, चंडीगढ़।**
**7696560296**

## समाज में नैतिक व चारित्रिक माहौल से ही हो सकती है शांति: मुनिश्री आलोक

आज समाज में आधुनिकता और आजादी के नाम पर मर्यादा का हनन हो रहा है और चारों ओर कदाचार का बोलबाला है। आश्चर्यजनक बात यह कि सभ्य कहे जाने वाले समाज में कदाचार को प्रश्रय और बढ़ावा मिल रहा है, जबकि पवित्रता और मर्यादा की बात करने वालों को शंका की नजरों से देखा जा रहा है। किसी भी समाज में सुख-शांति बनी रहे, इसके लिए नैतिक और चारित्रिक माहौल का होना आवश्यक है। केवल कड़े कानून बना देने से बात नहीं बनती। अपने चरित्र का सनिर्माण करके और नैतिकता को अपनाकर ही कोई मनुष्य सभ्य-संस्कारी बन सकता है। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 में कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा हमारे समाज में दिनोंदिन बढ़ता कदाचार चिंतनीय और सोचनीय है। कदाचार मनुष्य के भ्रष्ट होने की पराकाष्ठा है। कदाचार का



मुख्य कारण भौतिकवाद है। आज जिस तरह पैसे की हनक मनुष्य के सिर पर सवार हो गई है उससे मनुष्य यह मान बैठा है कि पैसे से वह किसी को भी खरीद सकता है या उसका शोषण कर सकता है। यह मनुष्य की सबसे बड़ी भूल है कि जो पैसा उसके जीवन जीने का एक साधन मात्र था उसे उसने अपने जीवन में सबसे महत्वपूर्ण बना दिया है। जिसका परिणाम यह है कि मनुष्य पैसे का उपभोग कम और पैसा उसका उपयोग ज्यादा कर रहा है।

आधुनिक विज्ञान की शिक्षा के साथ बच्चों के मन में अच्छे संस्कार डाले जाएं और उनके चरित्र का निर्माण किया जाए ताकि अपराध, कदाचार, भ्रष्टाचार आदि पर अंकुश लग सके। हम जिस नजर से दुनिया को देखते हैं, दुनिया भी हमें वैसी ही नजर आएगी। जब हम दूसरे मनुष्य को अपनी तरह मानकर समानता की नजर से देखते हैं तो हर तरह के अपराधों पर अंकुश लग जाता है, लेकिन जब हम दूसरे को शोषित और उपभोग की वस्तु समझने लगते हैं तो उस व्यक्ति के प्रति हमारा नजरिया पूरी तरह बदल जाता है। इसलिए सबसे पहले हमें अपने मन की आंखों पर नियंत्रण करना पड़ेगा तभी हमारी विचार शक्ति और मन स्थिर हो पाएंगे। जब हमारी आत्मा शुद्ध हो जाती है तो फिर मोह-माया, लोभ और कदाचार से संबंधित विचारों से हम मुक्त हो जाते हैं। बहरहाल यहां विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर की बात याद आती है, 'जब भी किसी बच्चे के जन्म की सूचना मिलती है तो मैं आशावाद से भर जाता हूं कि परमात्मा मनुष्य से निराश नहीं हुआ है। वह रोज नई प्रतिमाएं गढ़े जा रहा है'। ऐसे में यही कहना होगा कि परमात्मा निराश हो इससे पहले मनुष्य तू सुधर जा।

### अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह आज से

अणुक्त आन्दोलन मानवीय मूल्यों के संबर्द्धन का एक जन आन्दोलन है। सात दशक पूर्व महान संत आचार्य तुलसी ने भारत की जनता को असली आजादी अपनाने का संदेश दिया था, वही संदेश आज विश्व मानव का पदर्शन कर रहा है। अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह 26 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसीसभागार मे मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक के सानिध्य मे मनाया जा रहा हैं।

अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का कार्यक्रम इस प्रकार है।

26 सितम्बर, साम्प्रदायिक सौहार्द्र दिवस, 27 सितम्बर, जीवन विज्ञान दिवस, 28 सितम्बर, अणुव्रत प्रेरणा दिवस

29 सितम्बर, पर्यावरण शुद्धि दिवस, 30 सितम्बर, नशामुक्ति दिवस, 01 अक्तूबर, अनुशासन दिवस, 02 अक्तूबर, अंहिसा दिवस

नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान आज से

मनीषीसंत मुनिश्री विनयकुमार जी आलोक के सानिध्य में नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान अणुव्रत भवन सक्टर 24सी तुलसीसभागार मे होगा।

मनीषीश्रीसंत ने आगे फरमाया कोई वस्तु या व्यक्ति जब तक पास है, आनंद देती है, परंतु दूर जाने पर कष्ट, यही मोह है। 'मोह' शब्द की व्याख्या विविध रूपों, अर्थों और विचारों से की गई है। किसी ने मोह का विवेचन एक निर्मूल 'मोह-बंध' मान कर किया, तो कोई ज्ञानवान व्यक्ति इसे मन का अमूर्त विकार ही मान बैठा। तो क्या यह मान लें कि मोह-बंध मात्र एक विकृत मन है जो मनुष्य का संतुलन खो देने में सक्षम है। सदियों से मान्य एक यथार्थ यह भी है कि मनुष्य होश बाद में संभालता है, मोह-माया के बंधन में पहले फंसने लग जाता है। इस सत्य को भी नकारा नहीं जा सकता कि बालक का अपनी माता से मोह-बंध उसके रक्तचाप प्रारंभ होते ही प्रारूप ले लेता है। अब इसे प्रेम कहें या मोह पर यह एक अवश्यंभावी सत्य है।

## जवानी की उम्र होती है संभलने के लिए

रुतबा वही ऊंचा है जहां पर ऊंची सोच है, जहाँ पर ये ज्योति जली हुई है, जहाँ पर भावनाओं में उत्तमता है, जहाँ पर मन की निर्मलता है, जहाँ पर आदर और सत्कार के भाव हैं वहां पर ही वो उँचाई हुआ करती है। भकतजन, महापुरुष-संतजन इस भाव से युक्त होकर परमार्थ के रास्ते पर चलते चले जाते हैं। बंदगी, उपासना करते चले जाते हैं, सच्ची प्रीत निभाते चले जाते हैं और यही प्रार्थना-अरदास करते हैं कि दातार ऐसी कृपा करना कि हम हमेशा आठों प्रहर तुझ संग मन का नाता जोड़े रखें। तेरे संग ही ये नाता हमेशा जुड़ा रहे। ये बाकी बचे ही न कोई स्थान रिक्त ही न रहे, कोई ऐसी खला बीच में न रहे, कोई बीच में ऐसी जगह ही न रहे जहां पर कुछ और भाव को स्थान दे पाऊं। मेरी प्राथमिकता, मेरा ध्यान इसी तरफ लगा रहे।


सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज | निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी

सूफी सन्तों के वचन भी हम निरंतर पढ़ते हैं कि-

**हज़ काबा जरुर जाये जे दर्शन पाण ते वेल मिले।**

कि दर्शनों से कहीं फुरसत मिले तभी तो हम कहीं और जायें। वही बात जो सरा और इश्क की लगातार चलती जा रही है। पहले भी इश्क हक़ीक़ी की बातें हुई हैं और दूसरी तरफ सरा की बातें हुई हैं। तो आओ साध संगत, वही बात कह रहे हैं कि :

**मैं नमाज़ नूं जावां किस वेले-**

कि मैं कब जाऊं, मैं तो पहले ही इसके रंग में रंगा हुआ हूँ। पहले ही इतना बड़ा कार्य है कि इसी को पूरा करने में लगा हुआ हूँ। कहने का तात्पर्य यही है कि जिनको ये लगन लग जाती है वो लगन कहीं पर भी उम्र की मोहताज नहीं होती है। ऐसी लगन छोटे-छोटे बच्चों में भी देखी जाती है, ऐसी लगन किशोरावस्था में भी देखी जाती है, ऐसी लगन नौजवानों में भी देखी जाती है। नौजवानों का जिक्र आता है तो उसी वक्त हमारा ध्यान चला जाता हे कि वो बहकी हुई चाल, वो भटकी हुई चाल, वो नशे, वो लड़ाई दंगे-फसाद इत्यादि और वाकई ही संसार में हमे ये देखने को मिलते हैं लेकिन वो भी नौजवानी की उम्र है जिनमें ऐसी लगन है सत्संग की तरफ, सेवा की तरफ, परोपकार की तरफ, प्रचार की तरफ हमेशा उत्साहित। तो ऐसी लगन वाले इस उम्र में भी हैं। इस उम्र को संसार में किसी और दृष्टि से देखा जाता है क्योंकि बहुत से ऐसे जवानी की उम्र में गुजरने वाले उस उम्र को भी कुछ और रुप देते चले जाते हैं। वही शायर का शेर ध्यान में आता है कि-

**जवानी की उम्र होती है सम्भलने के लिए।**
**लेकिन इसी उम्र में लोग फिसलत क्यों हैं।**

कि वाकई ही यही उम्र होती है सम्भलने के लिए जब ऐसे पड़ाव पर हम पहुँचते हैं जीवन के। यानि कि इस प्रकार से बाल अवस्था भक्त प्रह्लाद हों, सन्त ज्ञानेश्वर हों कितने ही ऐसे पात्र हमें मिलते हैं इतिहास के पन्नों में और आज के दौर में भी देखे जाते हैं कि छोटे-छोटे बच्चे भी इतना मन में सत्कार का भाव अदब का भाव, शब्दों का चयन इस कद्र कि जैसे कोई बुजुर्ग है।

## भविष्य फल



**मेष :** सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए नवीन अवसर प्राप्ति के लिए अच्छा समय है। भाग्यशाली संख्या : 3

**वृष :** आज घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा। भाग्यशाली संख्या : 8

**मिथुन :** धन लाभ हो सकता है। ऐसे काम से फायदा होगा जो लंबे समय तक चलेगा। भाग्यशाली संख्या : 3

**कर्क :** आज आपके पारिवारिक वातावरण में अनुकूलता रहेगी। परिवार संग आनन्द उठाएंगे। भाग्यशाली संख्या : 8

**सिंह :** आप सरकार से किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि आप समय पर अवसर का पूर्ण रूप से उपयोग कर लेते हैं। भाग्यशाली संख्या : 5

**कन्या :** आज जीवनसाथी के सहयोग से आपका कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से लाभ होगा। भाग्यशाली संख्या : 2

**तुला :** सोचे हुए पुराने काम शुरू करें। फायदा हो सकता है। आज आप अच्छा महसूस करेंगे। भाग्यशाली संख्या : 1

**वृश्चिक :** आज घर में परिवारजनों का आप के प्रति विरोध रहेगा। अधिक तेजी से वाहन नहीं चलाएं। भाग्यशाली संख्या : 5


**धनु :** भावनात्मक फैसलों के लिए बहुत अच्छा समय नहीं है, क्योंकि इस अवधि के दौरान आप जो भी निर्णय लेंगे, पूरा करना मुश्किल होगा। भाग्यशाली संख्या : 7

**मकर :** आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में रौनक का माहौल बना देगा। काम से जुड़ी कोई खुशखबरी मिलेगी। भाग्यशाली संख्या : 9

**कुंभ :** आज मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। दिनभर पैसों के बारे में ही सोचते रहेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। भाग्यशाली संख्या : 2

**मीन :** आज शरीर में स्फूर्ति कम रहने के कारण कार्य करने का उत्साह कम रहेगा। आपके प्रिय का आक्रामक मिजाज विवाद करा सकता है। भाग्यशाली संख्या : 4

**-पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला**




# नारनौल की पुरातन धरोहर 'बीरबल का छत्ता' की सुध ले रही हरियाणा सरकार

### बीरबल का छत्ता



**हरियाणा** में खट्टर सरकार पुरातन धरोहर 'बीरबल का छत्ता' की सुध ले रही है। जर्जर हो चुकी 500 साल पुरानी इस धरोहर के संरक्षण का काम पुरातत्व व संग्रहालय विभाग ने अपने हाथ में ले लिया है। मुग़ल सम्राट अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल के नाम पर बना यह छत्ता हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल शहर में है।

महलनुमा इस बहुमंजिली इमारत की खासियत यह है कि सूर्य की किरणें इसके तहखाने तक पहुंचती हैं। इसके अंदर की गुफाएं दिल्ली और जयपुर की तरफ जाती हैं। पर्यटकों को लंबे समय तक लुभाती रही यह इमारत अब नारनौल शहर के बीच में है और इसकी हालत लगातार खराब हो रही है।

बीरबल के छत्ते की टूट चुकी दीवारों को जोड़ कर उन्हें फिर से पुराने स्वरूप में लाने का काम शुरु कर दिया गया है। मरम्मत का काम इस तरह से किया जा रहा है कि इसका वास्तविक स्वरूप पहले की तरह ही बना रहे। इस पुरातन धरोहर का ढांचा आज भी बहुत मजबूत स्थिति में है। समय की मार से कमजोर पड़ चुके इमारत के जोड़ों को विशेषज्ञों की देख-रेख में दुरुस्त किया जाएगा।

पुरातत्व व संग्रहालय विभाग के सहायक निदेशक राघवेंद्र कुमार राय का कहना है कि इमारत की मरम्मत के लिए ईंटों का चूरा, चूना और बेलगिरी गोंद का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश में कटनी से स्पेशल पत्थर का चूना मंगवाया जा रहा है। इस इमारत के निर्माण के लिए पहले इसी तरह का मसाला इस्तेमाल किया गया था।

यह महलनुमा इमारत अनूठी कारीगरी का बेमिसाल नमूना है। ऐतिहासिक धरोहरों में से एक 'बीरबल का छत्ता' में कई हॉल और कमरे हैं। रानी निवास है। इसकी अंदरुनी साज-सज्जा पर बहुत मेहनत की गई थी। इसमें फव्वारे भी बनाए गए थे, जो कुएं के पानी से चलाए जाते थे। इसमें बड़ी-सी गुफा है, जो दिल्ली और जयपुर की दिशाओं में जाती है, लेकिन इस गुफा के भीतर जाने की किसी को भी इजाजत नहीं है।

### 35 किलो का हाथ



**अकबर** को इलाज के लिए चंडीगढ़ पीजीआई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में दाखिल करवाया गया है। हड्डी रोग विशेषज्ञों से भी इस मामले में राय ली जा रही है। काइफोस्कोलियोसिस बीमारी से ग्रसित अकबर की मां को उम्मीद है कि डॉक्टर उसके बेटे की जिंदगी बचा लेंगे।

बचपन में अकबर के हाथ में गांठ थी, जो उम्र के साथ बढ़ती चली गई। पिछले तीन-चार साल से हालत यह हो गई कि अकबर के लिए अपना हाथ उठाना भी मुश्किल हो गया है। डॉक्टरों ने वर्ष 2017 में उसके परिजनों को सर्जरी की सलाह दी थी, लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से वे ऐसा नहीं करवा पाए। पीजीआई में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. सुनील गाबा के मुताबिक हड्डी रोग विभाग से परामर्श के बाद अकबर का इलाज शुरु किया जाएगा।

डॉक्टरों के अनुसार काइफोस्कोलियोसिस बीमारी रीढ़ की हड्डी की असामन्यता है। इसमें रीढ़ की हड्डी असामान्य रूप से टेढ़ी हो जाती है। यह जन्म से लेकर किसी भी उम्र तक हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार ऐसी स्थिति के 80 फीसदी मामले अज्ञात होते हैं।

### बुजुर्ग की साइकिल यात्रा

क्या लोगों को किसी राजनीतिक पार्टी की रैली का निमंत्रण देने के लिए कोई बुजुर्ग साइकिल से पूरे राज्य का दौरा कर सकता है? क्या किसी पार्टी को आज के जमाने में ऐसा समर्पित कार्यकर्ता मिल सकता है? भले ही किसी को विश्वास नहीं हो, लेकिन उझाना गांव के रामपाल इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के ऐसे कार्यकर्ता हैं, जिसने एक महीने के भीतर साइकिल से हरियाणा के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में जा कर लोगों को रैली में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल की याद में इनेलो की यह रैली 25 सितंबर को फतेहाबाद जिले में आयोजित की गई थी।



हरियाणा के जींद जिले में नरवाना क्षेत्र के उझाना गांव के रामपाल की उम्र 73 साल है। लोगों को रैली के निमंत्रण देने के लिए 24 अगस्त को वे साइकिल पर अपने घर से राज्य के दौरे पर रवाना हुए थे। एक महीने के भीतर ही उसने राज्य का दौरा पूरा कर लिया। इस दौरान रामपाल रोजाना 80 से 90 किलोमीटर तक साइकिल चलाते रहे। अपने सिर पर तुर्रेदार हरी पगड़ी बांधे रामपाल जब किसी गांव में लोगों से मिलते थे तो उन्हें रैली के लिए निमंत्रण देने के साथ अक्सर वे एक ही गाना गुनगुनाते थे, 'हरी-हरी पगड़ी वाले की, सारी वोट चौटाला की, जिसने सुख के सांस दिए, जनता के उस रखवाले की।' साइकिल पर उसने पार्टी का एक बड़ा-सा झंडा भी लगाया हुआ था। इस झंडे पर चौधरी देवीलाल, पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला और इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला की फोटो थीं।

रामपाल ने साइकिल के कैरियर पर एक थैला रखा हुआ था, जिसमें वे तीन जोड़ी कपड़े और दाढ़ी बनाने का सामान रखते हैं। रात में वे किसी भी जगह रुक जाते थे। रामपाल को उम्मीद है कि अगले विधानसभा चुनावों में इनेलो को लोगों का समर्थन मिलेगा और पार्टी एक बार फिर सत्ता हासिल कर लेगी। उसने कहा कि चौधरी देवीलाल ने मुख्यमंत्री रहते हरियाणा में बुजुर्गों के लिए 100 रुपए महीना बुढ़ापा पेंशन शुरु की थी, जो अब बढ़कर 2500 रुपए महीना हो गई है। इस बुढ़ापा पेंशन की वजह से लोग अपने बुजुर्गों का सम्मान करते हैं, ऐसे में रैली का निमंत्रण देने के लिए साइकिल से राज्य का दौरा कर एक तरह से वे इनेलो के कर्ज का ब्याज उतार रहे हैं।

### अनोखा प्राकृतिक पार्क



पंजाब सरकार की यह अनोखी पहल है। गुरु नगरी श्री आनंदपुर साहिब में पहला ऐसा प्राकृतिक पार्क बनाया जा रहा है, जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब के श्लोकों के आधार पर पौधरोपण किया जाएगा। विरासत-ए-खालसा के साथ लगती 62 एकड़ जमीन पर एक ऐसे प्राकृतिक पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जो श्री आनंदपुर साहिब के लोगों और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए भगवंत मान सरकार का खास तोहफा होगा। दुनिया में अभी तक कहीं ऐसा कोई पार्क नहीं है।

करीब 12 करोड़ रुपए की लगत से बनने वाला यह पार्क इसी साल 31 दिसंबर तक पर्यटकों को उपलब्ध करवा दिया जाएगा। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु यहां आ कर प्रकृति का आनंद उठा सकेंगे। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस प्रयास कर रहे हैं कि इस प्राकृतिक पार्क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में जिन पेड़ों का उल्लेख किया गया है, वे सभी पेड़ इस पार्क में लगाए जाएंगे। यह पार्क शिवालिक की पहाड़ियों और भाखड़ा बांध से निकलने वाली नहरों के किनारे पर स्थापित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग की तरफ से तैयार करवाए जा रहे इस विशाल पार्क में वॉच टावर, बैठने के लिए झोंपड़ी, स्नान घर, कैफेटेरिया पीने के पानी और पैदल घूमने आदि की पूरी व्यवस्था होगी।

### बचपन का सपना



**पंजाब** में बठिंडा के यादविंदर सिंह खोखर बचपन में आसमान में जहाज उड़ते देखता था, अब खुद के बनाए जहाज उड़ाता है। खोखर 50 से ज्यादा जहाज बना कर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में दर्ज करवा चुका है। थर्माकोल से बनाए यह जहाज खोखर रिमोट के जरिए अपने खेतों में उड़ा रहा है। जहाज उड़ाने के लिए इस किसान ने अपने खेत में पचास फुट का रनवे भी तैयार किया है। उनके पास खेती लायक 80 एकड़ जमीन है।

करीब 50 साल के इस किसान का शुरु से ही जहाज बनाने का सपना रहा है। न केवल उसने अपने सपने को सच कर दिखाया है, बल्कि इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज करवा लिया है। अभी तक थर्मोकॉल की बॉडी वाले एयरक्राफ्ट बना रहे खोखर की इच्छा अब कार्बन फाइबर और ग्लास बॉडी वाले एयरक्राफ्ट मॉडल बनाने की है। इंग्लैंड में अपने एक रिश्तेदार की शादी में खोखर ने इस तरह के मॉडल्स का शो देखा था। वहीं से उसने एयरक्राफ्ट के दो मॉडल भी खरीदे थे। इसके बाद एयरक्राफ्ट मॉडल से संबंधित ऑन लाइन अध्ययन करने के बाद खोखर ने खुद जहाज बनाने शुरु कर दिए।

बठिंडा जिले में सरियावाला गांव के खोखर पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस हैं। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ सिविल एवियशन में उसने जहाज बनाने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन भी करवाया है। हाल ही में उसने सी-130 हरक्यूलिस का मॉडल बनाया है। यह साढ़े सात किलो वजनी और 94 इंच लंबा जहाज है। इसे तैयार करने में दो महीने का समय लगा है और करीब डेढ़ लाख रुपए की लागत आई है। इससे पहले वे एफ-16 जंगी जहाज और कई घरेलू एयरक्राफ्ट भी बना चुके हैं।

**प्रस्तुति : सुमित्रा**

## न्यूज ब्रीफ

### पितृ मोक्ष अवावस्या पर औषधीय पौधे किए वितरित



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** रविवार को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के पावन अवसर पर जय मधुसूदन जय श्री कृष्ण फाउंडेशन की ओर से राष्ट्र के युवा शक्ति के बीच पहुंचकर औषधीय पौधे वितरित करते हुए उनके उपयोग को बताया गया। समस्त पितरों को नमन करते हुए विश्व कल्याण की कामना की गई। भारतीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक,एकात्मवाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जीवन से हम सभी को अवश्य सीख लेनी चाहिए और उस महान मानवतावादी नेता को कोटि-कोटि नमन करते हुए फाउंडेशन के संस्थापक प्रभुनाथ शाही में बताया कि देश के राजनेताओं को और राजनीतिक पार्टियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जीवन से सीख लेते हुए जन कल्याण के लिए और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। शाही ने बताया की आज इस पावन अवसर पर युवाओं के बीच जाना और पर्यावरण से संबंधित गंभीर विषयों की चर्चा करना तथा औषधीय पौधों एवम योग को अपने दिनचर्या में आने के लिए प्रेरित करना है। युवा हमारे राष्ट्र की शक्ति हैं और भारत को विश्व गुरु बनाने में उनकी अहम भूमिका रहेगी। देश के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा अपने मन की बात कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों की रक्षा की चर्चा करने पर शाही ने उनका हृदय से धन्यवाद किया और चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने पर सभी को हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर उपस्थित नरेंद्र कुमार और सुमित मौर्य ने अपने सभी साथियों के साथ जय मधुसूदन जय श्री कृष्ण फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की और प्रभुनाथ शाही का सादर धन्यवाद किया।

### संत निरंकारी मिशन के शिविर में 164 ने किया रक्तदान



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** मानवमात्र के कल्याणार्थ हेतु सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा संत निरंकारी सत्संग भवन सैक्टर 15 डी में रविवार को ब्रांच सैक्टर 40 एरिया का संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें मिशन के 164 भक्तों द्वारा नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु पीजीआई चंडीगढ के ब्लड बैंक की टीम वहां उपस्थित हुई। शिविर का उद्घाटन आदरणीय नवनीत पाठक संयोजक चण्डीगढ़ ने अपने कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा करी। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह तभी संभव है जब इंसान इस निरंकार प्रभु को जान लेता है।

# प्रेम प्रसंग के चलते पत्नी और प्रेमी ने मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

- बलौंगी थाना पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी
- पत्नी और उसका प्रेमी फरार जबकि एक चढ़ा पुलिस के हत्थे
- पकड़ा गया आरोपी 7 दिन के पुलिस रिमांड पर
- पत्नी और उसके साथी को पकड़ने के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 25 सितंबर।** मोहाली के बलौंगी थाने के अंतर्गत आते टीडीआई में बीते दिनों एक प्रवासी आदमी की हत्या कर दी गई थी। थाना पुलिस के पास कोई ठोस सबूत नहीं था। जिसके चले इसे ब्लाइंड मर्डर के चलते मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी जिसके चलते थाना बालेंगी की पुलिस ने एक हफ्ते में इस हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया और आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे धकेल दिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की पहचान बिहार निवासी सुजीत के रूप में हुई है।

आला अधिकारी मामले को देखते हुए एक एसआईटी गठित कर थाना ब्लॉक बी के एसएचओ पीवीएस ग्रेवाल और एएसआई बविंदर शर्मा ने इस हत्या की गुत्थी को एक हफ्ते में सुलझा दिया। इस कत्ल में शामिल 1 प्रवासी को गिरफ्तार कर लिया ।

पुलिस जांच में यह हत्या प्रेम प्रसंग के चलते की गई थी फिलहाल इसमें दूसरा आरोपी फरार चल रहा है और पुलिस उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है पुलिस ने पकड़े गए दोषी को माननीय जिला अदालत में पेश किया जहां से कोर्ट ने उसे 7 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी वीडियो लीक मामले में सेना का बयान

## भारतीय सेना इस तरह के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी व जांच में पूरा सहयोगी देगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 25 सिततंबर।** पंजाब पुलिस द्वारा एक संवेदनशील मामले में चल रही जांच के दौरान, यह पता चला है कि एक सेवारत सेना के जवान पर आईपीसी और आईटी अधिनियम की धाराओं के तहत अपराधिक कृत्यों में शामिल होने की संभावना जताई गई है। पुलिस अधिकारियों से सूचना मिलने के तुरंत बाद पंजाब और अरुणाचल प्रदेश पुलिस को सैनिक को गिरफ्तार करने और आगे की जांच के लिए हिरासत में सौंपने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की गई। भारतीय सेना इस तरह के कृत्यों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती है और जांच के जल्द निष्कर्ष के लिए हर संभव सहायता जारी रखी जायेगी।

ज्ञात रहे पुलिस ने एक सैनिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को जिस सैनिक को गिरफ्तार किया गया वो अरुणाचल प्रदेश में पोस्टेड था। पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार सैनिक की पहचान संजीव सिंह के रूप में की है। संजीव पर आरोप है कि उसने संबंधित लड़की जिसका वीडियो लीक हुआ को ब्लैकमेल किया है। पंजाब पुलिस के प्रमुख गौरव यादव ने कहा कि संजीव को अरुणाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी लड़की के अलावा दो अन्य लोगों की इस मामले में पहले ही गिरफ्तारी की जा चुकी है। संजीव के अलावा तीन अन्य लोगों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया था।

जवान की गिरफ्तारी को लेकर सेना ने ऊपर वाला बयान जारी किया हे ।जिस में कहा गया है कि हमे जैसे ही पंजाब पुलिस से यह सूचना मिली की हमारा भी एक जवान शामिल है। सेना ने बोला की इसवतरह की घटनाओं को लेकर जीरो टॉलरेंस के नियम पर कायम है।

## सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने राजनाथ सिंह से की मुलाकात



**चंडीगढ़, 25 सितंबर (अप्रस)।** अभिनव शर्मा के नेतृत्व में समाज में अग्रणी सेवा देने वाली कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली में उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार मुलाकात की, राजस्थान परिवार सेवा संस्था और चंडीगढ़ ट्रांसपोर्टे के वाइस प्रेसिडेंट पवन शर्मा, देशहित फाउंडेशन के प्रधान संजीत सिंह, स्वास्थ्य सेवा में लोगों का सहयोग करने और समाज सेवा करने वाले अमित सिंह राधे राधे, और हरदीप सिंह अर्जुन सिंह ने मुलाकात की, पवन शर्मा ने बताया हमारी मीटिंग बहुत ही खुशनुमा माहौल में हुई राजनाथ ने हमारी संस्था के द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की सराहना की और मैंने उनको कुछ ट्रांसपोर्ट समस्याओं से भी अवगत कराया उन्होंने बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना, इस मीटिंग के लिए मैं, राधे, अभिनव शर्मा और संजीत सिंह का धन्यवाद करते हैं।

### नारायणा ने किया जेईई एडवांस 2022 टॉपर टॉक मीट का आयोजन

## प्रथम व दसवां रैंक हासिल करने वाले शिशिर और महेश ने किये अपने अनुभव सांझा

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल




**चंडीगढ़ 25 सितंबर।** हाल ही में जेईई एडवांस 2022 के परिणाम में नारायणा समूह के प्रथम और दसवां रैंक हासिल करने वाले शिशिर और महेश ने चंडीगढ़ में अपने अनुभवों को सांझा करते हुए समूह के अन्य छात्रों को तनावमुक्त होकर तैयारी करने का मूलमंत्र दिया। मोबाइल का इस्तेमाल केवल अपने स्टडी मैटीरियल को हासिल करने तक की सलाह देते हुए, कड़ी मेहनत करने और बहुत ज़्यादा उम्मीदें न लगाते हुए अपनी गलतियों से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रथम रैंक हासिल करने वाले शिशिर ने जहां देश के लिए कुछ करने का सपना संजो रखा है वहीं दसवां रैंक पाने वाले महेश उच्च शिक्षा ग्रहण कर स्वयं का इंस्टीटयूट चलाना पसंद करते हैं।

नारायणा समूह एशिया के सबसे बड़े शैक्षिक समूहों में से एक है जहां 50 हजार से अधिक शिक्षण और गैर शिक्षण फैकल्टी, 6 लाख से अधिक छात्रों के लिए विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। भारत के 23 राज्यों में फैला, नारायणा परिवार 650+ स्कूलों और कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों और पेशेवर कॉलेजों के साथ एक समृद्ध शिक्षा का घर है। वे कैरियर-उन्मुख छात्रों के व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सिविल सेवाओं और पत्राचार पाठ्यक्रमों के लिए पूर्ण संस्थान भी चलाते हैं। आज, नारायणा समूह अकादमिक उत्कृष्टता में पथ-प्रदर्शक मानक स्थापित करने के लिए गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

जेईई एडवांस 2022 परिणाम में नारायणा समूह ने अखिल भारतीय रैंक में 1, 2, 4, 8, 10, 11 और 12वां रैंक हासिल किया है। जिसमें 10 जनरल श्रेणी से नीचे 5 रैंक, 40 से नीचे सभी कैटेगरी के 18 रैंक, 100 से नीचे सभी कैटेगरी के 92 रैंक, 1000 से नीचे सभी कैटेगरी के 612 रैंक प्राप्त कर कुल उत्तीर्ण छात्र 3402 हैं।

इस अवसर पर नारायणा समूह ने शिक्षण की अच्छी तरह से शोध की गई सावधानीपूर्वक संगठित प्रणाली को सफलता की कुंजी बताया है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होने कहा कि पाठ्यक्रम और सुनियोजित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि छात्र हर वैचारिक भाग में परिपूर्ण हों और हर विषय के मूल सिद्धांतों की अच्छी समझ रखते हों। इससे उन्हें हर प्रतियोगी परीक्षा में उत्साह के साथ प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। इस टॉपर टॉक मीट को आयोजित करने का उनका उद्देश्य यह है कि इस क्षेत्र के छात्रों की अधिकतम सं या में टॉपर छात्रों के साथ सीधा संपर्क हो और उन्हे इसका लाभ मिले।



## न्यूज ब्रीफ

### निरंकारी मिशन के कैंप में 78 ने किया खूनदान



**डेराबस्सी (चौहान)।** संत निरंकारी मिशन की ब्रांच मुबारिकपुर की ओर से त्रिवेदी कैंप स्थित निरंकारी भवन में एक खून दान कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन निरंकारी मिशन चंडीगढ़ के जोनल इंचार्ज केके कश्यप ने किया। पंचकूला सेक्टर 6 जीएमसीएच से आई डॉक्टर्स की टीम में 78 रक्त यूनिट एकत्रित किए। खून दानियों में युवा व महिला श्रद्धालु भी शामिल हैं। मुबारिकपुर ब्रांच के प्रमुख मदनलाल ने बताया कि माता सुदीक्षा जी के निर्देशों से हर साल ब्रांच द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं और श्रद्धालुओं को इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। कैंप दौरान श्रद्धालुओं को रिफ्रेशमेंट के अलावा प्रशस्ति पत्र भी सौंपे गए।

### विजीलैंस ने किया 1 लाख की रिश्वत मांगने वाला क्लर्क काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में से भ्रष्टाचार को जड़ से ख़त्म करने के उद्देश्य से नगर पालिका कमेटी सुनाम, ज़िला संगरूर में तैनात क्लर्क किरनदीप सिंह को एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने के दोष के तहत गिरफ़्तार किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त क्लर्क को पवन कुमार निवासी सुनाम शहर की शिकायत पर काबू किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया है कि उसने अपने प्लाट पर बनने वाली रिहायशी इमारत के नक्शे की मंजूरी लेने के लिए म्युंसपल कमेटी में आवेदन दिया थी परन्तु उक्त क्लर्क उसकी फाइल सम्बन्धी मंजूरी के बदले एक लाख रुपए रिश्वत की माँग कर रहा है। शिकायतकर्ता की तरफ से दी गई जानकारी और प्राप्त सबूतों की पड़ताल के उपरांत विजीलैंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत विजीलैंस ब्यूरो के थाना पटियाला में मुकदमा दर्ज करके दोषी क्लर्क को गिरफ़्तार कर लिया है। इस सम्बन्धी आगे जांच जारी है।

### नदी के तेज बहाव में फंसी फॉर्च्यूनर, गांव वालों ने बचाया



**नयागांव (मलिक संजीव)।** शनिवार से लगातार हो रही बारिश से नयागांव के पहाड़ी क्षेत्रों में बसे गांव वासियों के लिए फिर से मुसीबत खडी हो गई है। बारिश के कारण बरसाती नदियां फिर से उफान पर है जिनके चलते नयागांव के गांव टांडा की बरसाती नदी में एक फॉर्च्यूनर गाड़ी फंस गई थी। जिसे वासियों की सूझबूझ से बाहर निकाला गया, और उसमें सवार दो लोगों की जान भी बचाई। नयागांव क्षेत्र में कई ऐसे गांव हैं जहां से बरसाती नदियां बहती है। पिछली बार श्री आनन्दपुर साहिब से सांसद मनीष तिवारी ने इन नदियों पर पुल बनाने का एलान तो कर चुके हैं, लेकिन अभी तक पुल के निर्माण कार्य का काम शुरू भी करवा पाये है। बरसात के दिनों में गांव वासियों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी के तेज बहाव के कारण कुछ गांव का एक दूसरे से संपर्क टूट जाता है और जब तक पानी का बहाव नीचे नहीं उतरता तब तक गांव वासियों को एक तरफ रहना पड़ता है। वहीं उनके बच्चों का स्कूल तक जाना तक छूट जाता है। इन गांवों के लोग अपनी रोटी रोजी कमाने के लिये भी कहीं नहीं जा पाते। इस बार की मानसून की हुई बरसात में गांव टांडा की नदी में डूबने से चार लोग डूब कर अपनी जान गवां चुके हैं।

### नवनियुक्त युवा अध्यक्ष नवजोत सिंह को किया सम्मानित



**जीरकपुर (मनिंदर मनौली)।** नगर परिषद जीरकपुर के अंतर्गत पडते गांव नाभा साहिब में युवा कांग्रेस जिला मोहाली के नवनियुक्त अध्यक्ष इंजीनयर नवजोत सिंह को सम्मानित किया। नवजोत सिंह वार्ड नंबर 26 के पार्षद भी है। नगर परिषद जीरकपुर के अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि नवजोत सिंह अपनी अथक मेहनत व स्वच्छ पहचान के कारण इस मुकाम तक पहुंचे है। यह पद हासिल कर उन्होंने शहर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हालांकि नवजोत सिंह की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है फिर भी इतनी कम उम्र में इस मुकाम तक पहुंचना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि नवजोत सिंह ने जिस तरह से परिषद चुनाव में जीत हासिल की थी, वह लोगों के बीच उनकी पहुंच को भी दर्शाता है। बड़े का सम्मान करना और छोटों के लिए प्यार नवजोत की विशेषता है। इस मौके पर बोलते हुए नवजोत सिंह ने कहा कि वह अपने सभी समर्थकों के शुक्रगुजार है, जिनके प्यार के दम पर वह इस मुकाम तक पहुंचे है। उन्होंने कहा कि वह इसी तरह अपने शहर के नागरिकों की सेवा करते रहेंगे। इस मौके पर उनके साथ नरिंदर सिंह, जसबीर सिंह, महेंद्र शर्मा, संजीव राय करमजीत सिंह, हरबंस सिंह, अवतार सैनी, अनंत गोयल और अमन आदि मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों और पार्षद लखबीर सिंह लकी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

# फूड सेफ्टी विंग ने मिलावटखोरी पर कसा शिकंजा: चेतन जौड़ामाजरा

■ घटिया दर्जे के खाद्य-पदार्थों की बिक्री पर रखी जा रही है पैनी नजर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 25 सितम्बर।** पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार की तरफ से घटिया दर्जे के खाद्य-पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध ज़ीरो टालरैंस नीति के अंतर्गत फूड सेफ्टी विंग की तरफ से खाने-पीने की वस्तुएं बेचने वालों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। त्योहारों के सीजन को मुख्य रखते हुए फूड सेफ्टी विभाग की तरफ से खाने-पीने का समान बेचने वाले विक्रेताओं पर पैनी नज़र रखी जा रही है जिससे कोई भी गलत या अखाद्य वस्तु लोगों तक पहुंचने से रोकी जा सके और लोगों का स्वास्थ्य तंदरुस्त रह सके।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इसको मुख्य रखते हुए फूड सेफ्टी विभाग की तरफ से अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं जिससे वह दूसरे जिलों में जाकर भी खाने-पीने का समान बेचने वाले विक्रेताओं की चैकिंग कर सकें। यदि कोई मानक से कम या न खाद्य वस्तु बेच रहा है तो उसके ख़िलाफ़ फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड एक्ट के अधीन जिले के अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर, कम ऐडजुकेटिंग अफ़सर (फूड सेफ्टी) की कोर्ट में फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड एक्ट 2006 की धाराओं के अधीन कार्यवाही करते हुए भारी जुर्माना किया जाता है और यदि कोई सैंपल अखाद्य पाया जाता तो उसका केस माननीय जुडिशियल कोर्ट में दायर किया जाता है। फूड एंड ड्रग ऐडमिनस्ट्रेशन पंजाब के फूड सेफ्टी विंग की तरफ से शुरु की बहु-आयामी मुहिम सम्बन्धी और जानकारी देते हुये स. जौड़ामाजरा ने कहा कि विंग ''अगर यह सुरक्षित नहीं तो यह भोजन नहीं'' स्लोगन के अंतर्गत लोगों को सुरक्षित और स्वास्थ्यमंद भोजन प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। इस तरह विभाग ''किसी भी किस्म की मिलावट के प्रति सचेत मानव ही बढिया ज़िंदगी जीयें'' के मंतव्य से पंजाब निवासियों को शुद्ध खाने-पीने वाली वस्तुएँ मुहैया करवाने की जागरूकता मुहिम में नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग की तरफ से कई नये प्रयास किये जा रहे हैं और इसके साथ ही फूड सेफ्टी और स्टैंडरडर्ज़ अथॉरिटी आफ इंडिया की तरफ से खाने-पीने की वस्तुओं के मानक में सुधार लाने के लिए कई नये प्रोजैक्ट शुरू किये गए हैं। जिसके अंतर्गत खाने- पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता चैक करने के लिए सैपलिंग, इंसपैक्शन की जाती है।

#### विद्यार्थियों के लिए 'इट राइट' मुहिम

स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने बताया कि 'इट राइट' मुहिम चलाई जा रही है जिसके अधीन स्कूलों के बच्चों को साफ़-सुथरा और पौष्टिक भोजन मुहैया करवाने के अंतर्गत जंक फूड बंद करने के लिए स्कूलों में चैकिंग की जा रही है और स्कूलों में सैमीनार करके बच्चों को जंक फूड के द्वारा होने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धी तकलीफ़ों के बारे भी जागरूक किया जा रहा है। उनको कम नमक और कम चीनी की मात्रा लेने और कम तेल बरतने सम्बन्धी भी अवगत करवाया जा रहा जिससे वह पौष्टिक भोजन की तरफ ही ध्यान दें।

## सड़कों पर गड्ढों से परेशान लोगों ने दिया धरना

### पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



अर्थ प्रकाश/कुनाल

**राजपुरा, 25 सितंबर।** पिछले कुछ महीनों से वार्ड की कच्ची सड़कों के न बनने से परेशान लोगों की मुसीबत उस समय और बढ़ गई जब पिछले 3-4 दिनों से चल रही वर्षा से कीचड़ व गड्ढों से परेशान वार्ड के सैकडों महिलाओं व पुरूषों ने पार्षद जगनन्द गुप्ता व रीटा रानी की अगुवाई में लिबर्टी चोक पर पहुंच धरना दे रोष प्रदर्शन शुरू कर दिया व पंजाब सरकार, मुख्यमंत्री भगवंतमान, विधायक नीना मित्तल के खिलाफ जम कर नारेबाजी की जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। इस मौके पर वार्ड के लोगों ने पत्रकारों को साथ ले जाकर सडक की दुर्दशा भी दिखाई। मौके पर पहुंचे नायब तहसील दार ने रोष प्रदर्शन कर रहे लोगों को दो दिन में समस्या का हल करने का आशवासन देने के बाद लोगों ने धरना समाप्त किया। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुये रीटा रानी वार्ड नम्बर 15 की पार्षद व वार्ड नम्बर 16 के पार्षद जगन्नदन गुप्ता सहित अन्य ने पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि वार्ड में सीवरेज आदि के पाईप तो डाले गये है पर पीने के पानी की पाईप नहीं डाली गई जिस वजह से सडके नहीं बनाई गई। इस मौक पर पहुंचे नायब तहसीलदार राजीव कुमार को रोष प्रदर्शन कर रहे लोगों की ओर से मांग पत्र देने के बाद नायब तहसीलदार ने वार्ड निवासीयों को विशवास दिलाया कि 2-3 दिन में समस्या का हल कर दिया जायेगा, उसके बाद वार्ड के लोगों ने रोष प्रदर्शन समाप्त कर धरना समाप्त किया।

## विजीलैंस ने बर्खास्त इंस्पेक्टर परमिन्दर बाजवा की तरफ से टैक्सी ड्राइवर से ज़ब्त किए 86 लाख में से 30 लाख रुपए किये बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 25 सितम्बर।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने रविवार को बर्खास्त पुलिस इंस्पेक्टर परमिन्दर सिंह बाजवा से उसके ससुराल घर मुक्तसर जिले के गाँव संमे वाली में छिपा कर रखे 30 लाख रुपए बरामद कर लिए हैं।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये विजीलैंस ब्यूरो के वक्ता ने बताया कि भगौड़े इंस्पेक्टर बाजवा को 22 सतम्बर को पंजाब पुलिस और विजीलैंस ब्यूरो के सांझे आपरेशन के दौरान राजस्थान के झालागड़ जिले के रायपुर कस्बे से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद फ़िरोज़पुर की अदालत की तरफ से उसका चार दिन का पुलिस रिमांड देने के बाद विजीलैंस ब्यूरो उससे पूछताछ कर रही है। और ज्यादा जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि भंवर लाल निवासी परिक बास, थाना कालू, बीकानेर, राजस्थान ने 20 जुलाई 2022 को पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई थी कि लुधियाना में रहते उसके भाई अशोक जोशी ने अपने गौतम नामक कर्मचारी को टैक्सी ड्राइवर कवलजीत सिंह के द्वारा मोगा से 86 लाख रुपए की अदायगी लेने भेजा था। परन्तु उस दिन उक्त इंस्पेक्टर बाजवा ( 348/ फिरोजपुर) ने सहायक सब- इंस्पेक्टर अंग्रेज सिंह ( 145/ फिरोजपुर) और राजपाल सिंह ( 1235/ फिरोजपुर) और हवलदार जोगिन्द्र सिंह ( 145/ फिरोजपुर) के साथ मिलकर उक्त टैक्सी को रोक कर उसके भाई के कर्मचारी और टैक्सी चालक से सारी रकम यानी 86 लक्ख रुपए ज़ब्त कर लिए। उन्होंने बताया कि उक्त रकम का दुरुपयोग करने के लिए उपरोक्त पुलिस मुलाजिमों ने कर्मचारी गौतम और टैक्सी ड्राइवर से 1 किलो हेरोइन और 5 लाख रुपए की ड्रग मनी की बरामदगी दिखाते हुए थाना फ़िरोज़पुर छावनी में एन. डी. पी. एस एक्ट के अंतर्गत झूठा केस दर्ज कर दिया। उन्होंने बताया कि शिकायत पर तुरंत कार्यवाही करते हुए पंजाब पुलिस ने उपरोक्त सभी पुलिस मुलाजिमों के ख़िलाफ़ अलग केस दर्ज करके ए. ऐस्स. आई. अंग्रेज सिंह और राजपाल सिंह और हवलदार जोगिन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया जो कि अब जेल में बंद हैं।

## नयागांव में जल्द ही सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा: अनमोल गगन मान

### मंत्री ने नयागांव के टंकी चौंक का नाम शहीद आजम भगत सिंह चौक रखा

■ शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के बुत्त का उद्घाटन भी किया

अर्थ प्रकाश/मलिक संजीव



**नयागांव, 25 सितंबर।** शहीद आजम भगत सिंह की 77वीं जयंती के अवसर पर नवांगांव-मुल्लांपुर-माजरी प्रेस क्लब के सदस्यों ने भगत सिंह की संगमरमर का बुत्त बनवाकर नगर परिषद कार्यालय के पास चौक पर स्थापित किया, जिसका उद्घाटन पंजाब के मंत्री ने किया। यात्रा एवं सांस्कृतिक मामले, श्रम, निवेश प्रोत्साहन एवं शिकायत निवारण, अनमोल गगन मान ने रविवार को हलका खरड़ के ग्राम नवां गांव स्थित समिति कार्यालय के समीप चौक में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा का शिलान्यास किया। भारी बारिश को नजरअंदाज करते हुए मंत्री वक्त पर पहुंच गए।

उन्होंने कहा कि आज से यह चौक भगत सिंह चौक के नाम से जाना जाएगा। शहीद-ए-आजम की प्रतिमा स्थापित करने के बाद उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा जल्द ही गांव नवां गांव में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया जाएगा. इससे पूर्व नवांगांव पहुंचने पर नयागांव-मुल्पुलांर-माजरी प्रेस क्लब के चेयरमैन तरसेम लाल शर्मा, प्रेस क्लब के प्रधान जेके बत्ता, संजीव मलिक समेत अन्य सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत किया. जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह जैसे वीर हमारे विचारों में हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी सोच और इतिहास को अपनी नई पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी तक ले जाएं।

इस अवसर पर नयागांव नगर काउंसिल प्रधान बीबी बलविंदर कौर मंड व उनके पति सरदार गुरध्यान सिंह मंड, नयागांव कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार, पार्षद अमनदीप कौर मंड, पार्षद गुरप्रीत सिंह पप्पी, बलवंत गिल, कांता शर्मा एवं प्रेस क्लब के अध्यक्ष तरसेम लाल शर्मा, वाइस चेयरमैन राजीव सिंगला, प्रेस क्लब के प्रधान जे के बत्ता, महासचिव संजीव मलिक, उप प्रधान सतनाम सिंह सत्तू सीनियर उप प्रधान चिंजव राजू वर्मा, खजांची परस राम, आडिटर-सचिव रविन्द्र भाटिया, प्रैस सचिव डी के शर्मा, ज्वाईंट सचिव नीना शर्मा, सचिव अतुल अरोडा,और अन्य आम आदमी पार्टी के सिनियर नेता जगतार सिंह नाडा, हजूरा सिंह बबला मोहाली जिला संयुक्त सचिव प्रमोद कपूर, जोगिंदर सिंह, मीना वर्मा, परमजीत कौर, देव सिंह टांडा, सुखी, दलजीत भगिन्डी, भगत जैक राम जयंती माजरी अजीत सिंह कांसल सहित विशेष रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बरवाला रोड की जर्जर हालत को लेकर स्थानीय लोगों ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

■ हलका विधायक ने बारिश के बाद मरम्मत कार्य करवाने का दिया आश्वासन

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 25 सितंबर।** डेराबस्सी बरवाला रोड की बद्दतर हालत को देखते हुए आसपास के लोगों ने मूसलाधार बारिश में धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते सड़क की मरम्मत की मांग की। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर विधायक मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को सड़क की स्थिति में सुधार का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरनाकारियों ने यहां से धरना हटा दिया।जानकारी अनुसार बरवाला रोड की जर्जर हालत को ठीक कराने की मांग को लेकर ब्लाक समिति सदस्य कुलदीप सिंह, बलकार सिंह हरिपुर, राजकुमार, तरसेम कुमार, सोनू समेत आसपास के गांव व स्थानीय कॉलोनियों के लोग एटीएस के समक्ष पहुंचे। धरना सुबह शुरू हुआ। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने पंजाब सरकार समेत प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बरवाला रोड की बदतर हालत के कारण आए दिन हो रहे हादसों पर चिंता व्यक्त करते बरवाला रोड की तत्काल मरम्मत की मांग की। सूचना मिलते ही विधायक कुलजीत सिंह रंधावा मौके पर पहुंचे। उन्होंने भारी बारिश का जिक्र करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में सड़क की मरम्मत का काम बहुत मुश्किल होता है। उन्होंने वहां मौजूद प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि बारिश थमने के दो दिन के भीतर सड़क के गहरे गड्ढों को ठीक कर दिया जाएगा और 70 लाख रुपये की लागत से बरवाला रोड को जल्द ही रिकार्पेट किया जाएगा। विधायक के आश्वासन के बाद दोपहर में प्रदर्शनकारियों ने धरना खत्म किया और कहा कि अगर वादा अनुसार सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो वे फिर से संघर्ष शुरू करेंगे।

## पावरकॉम खेड़ा गज्जू के बिजलीघर की जर्जर हालत से कर्मचारी परेशान

■ मुलाजिम जान जोखिम में डालकर दे रहे है बिजली सप्लाई

■ 6 माह पूर्व मांग पत्र देने के बावजूद नहीं हुई कोई कार्रवाई

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली



**बनूड, 25 सितंबर।** पावरकॉम के खेड़ा गज्जू अनुमंडल के बिजली घर की जर्जर हालत से कर्मचारियों में सहम का माहौल है। कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर खुद का पैसा खर्च कर क्षेत्र के लोगों को बिजली की निरंतर आपूर्ति दे रहे है। बिजली घर की जर्जर हालत दिखाते हुए कृष्ण कुमार, निर्मल सिंह, जगविंदर सिंह, नायब सिंह, बलजिंदर सिंह, रूपिंदर सिंह, जगरूप सिंह ने कहा कि बिजली घर के भवन की स्थिति काफी जर्जर है और बारिश का पानी छत से लीक होकर बिजली के ब्रेकरों पर गिरने लगता है, जिससे बिजली आपूर्ति में विघन पडता है।

उन्होंने कहा कि छह अप्रैल को पीएसईबी कर्मचारी महासंघ एटक के प्रदेश अध्यक्ष हरभजन सिंह पिलखनी के नेतृत्व में कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हलका विधायक नीना मित्तल और अपर निरीक्षक राजपुरा को बिजली संयंत्र भवन की मरम्मत और अन्य मांगों के संबंध में मांग पत्र सौंपा था। छह माह बाद भी उनकी मांग नहीं मानी गई। कर्मचारियों ने कहा कि अगर किसी कर्मचारी की जान जाती है या आर्थिक नुकसान होता है, तो इसके लिए राज्य सरकार और पावरकॉम के उच्च अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने राज्य सरकार व विभाग के उच्चाधिकारियों से उनकी मांगों को शीघ्र पूरा कर नए भवन का निर्माण करने की अपील की है।

HP PUBLIC WORKS DEPARTMENT
HPPWD TENDERS
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer, B&R Division, HPPWD Nahan, District Sirmaur, H.P. on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the item rates bids, in electronic tendering system from the eligible class of Contractors registered with HPPWD for the works detailed in the table.

| Sr.No. | Name of Work | Estimated Cost(Rs.) | Earnest Money (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | C/oKembdaKaniyariBalsar Pump House Road at RD 0/0 to 8/0 (SH:- C/o 10.00 meter Span RCC Slab Culvert at RD 7/890) | 29,50,425/- only | 51,800/- only |
| 2. | C/o Link Road Shivpuri to Talon Serta Km 0/0 to 2/500 (SH:- C/o 10.00 meter Span RCC Slab Culvert at RD 1/720) | 29,02,007/- only | 51,100/- only |
| 3. | C/oBalsarKhandaBohrlighat Road Km 0/0 to 8/0 (SH:- C/o 8.00 meter Span RCC Slab Culvert at RD 0/956 on BedgyarKhalla) | 22,43,030/- only | 41,200/- only |
| 4. | C/o BoxCell Bridge on Shambhuwala to MattarBhedon Road Km 0/0 to 7/120 (SH:-C/o 11.40 meter Span RCC BoxCell Bridge at RD 3/120) | 19,74,312/- only | 37,200/- only |
| 5. | C/o Link Road Sambhalka, Agdiwala to Kodewala Km 0/0 to 4/600 (SH:- C/o 4.00 meter Span RCC Slab Culvert at RD 1/375 and 1/975) | 19,33,639/- only | 36,600/- only |

Starting Date for Downloading Bid:- 06.10.2022
Deadline for Submission of Bid:- 10.10.2022 up to 10:00 AM

NOTE:-Interested Bidders are requested not to quote their rates below 30% of the Estimated Cost as per instructions issued by the Engineer-in-Chief, HPPWD Shimla vide his office letter No. PW/CTR/32-20/Genl. Inst. CPWD/2020-19111-210 dated 25.10.2021 in compliance of the Principal Secretary (PW) to the Government of Himachal Pradesh guidelines dated 07.10.2021. The bidders are also advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

Executive Engineer
HPPWD (B&R) Division Nahan
Tel/Fax: 01702-222260
E-mail: ee-nah-hp@nic.in
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

RO No. 4485/2022-2023



## जागरुकता — बच्चों व अभिभावकों को किया सेहत व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

# एनजीओ तमन्ना ने कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए लगाया कैंप

■ टूथपेस्ट, टूथब्रश, शैम्पू व साबुन जैसी बुनियादी स्वच्छता किट वितरित की



**डेराबस्सी, 25 सितंबर।** चंडीगढ़ ट्राई सिटी की एनजीओ तमन्ना ने हंस राज धर्मशाला, पीजीआई, सेक्टर 12 में रह रहे कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए एक 'मिलान' (मीट एंड ग्रीट) कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों और उनके अभिभावकों से मिलकर उनको सेहत और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना था।

सदस्य रुचि कपूर ने साझा किया कि 'टीम के सदस्यों ने अलग अलग समूहों में बच्चों को व्यक्तिगत रूप से स्वच्छता और स्वच्छ परिवेश के महत्व पर परामर्श देकर उनको जागरूक किया। सदस्यों ने बच्चों को बेहतर हाइजीन के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए टूथपेस्ट, टूथब्रश, शैम्पू और साबुन जैसी बुनियादी स्वच्छता किट वितरित की । बच्चों के अटेंडेंटस को बेहतर हाइजीन के लिए सेनेटरी पैड्स भी वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने किसी भी संक्रमण से बचने के लिए उचित स्वच्छता बनाए रखने के साथ साथ सर्जिकल मास्क भी पहने थे।'

इवेंट एसपीओसी और सदस्य चंदन प्रीत ने बताया कि 'बच्चों के लिए स्वच्छता विषय पर एक पेंटिंग एक्टिविटी भी आयोजित की गयी जिसका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। टीम की कोशिश थी की इन एक्टिविटीज के जरिये इन बच्चों को उनकी बीमारियों के साथ होने वाले संघर्ष से थोड़ा निजात दिलाया जाए और उनके साथ मस्ती भरे कुछ पल बिताये जाए।'

स्टेट अवार्ड से सम्मानित, संस्थापक अध्यक्ष ईशा ककारिया ने साझा किया की 'इस धर्मशाला में 81 कमरे हैं जो हर समय भरे रहते हैं और बच्चों और उनके परिचारकों के लिए यहां एक हॉल है, जो कैंसर जैसी लंबी बीमारियों के इलाज के दौरान रहने के लिए दैनिक न्यूनतम शुल्क पर मिलता है।

जिन बच्चों का इलाज चल रहा होता है या जिनकी सर्जरी होती हैं उन्हें डॉक्टर बार बार आने जाने की सलाह नहीं देते और वे सभी लोग यहाँ रहते हैं।

इस आयोजन के पीछे का विचार उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना, उन्हें कुछ सकारात्मक ऊर्जा देना और प्यार बांटना था।'

#### 15वें वर्ष की शुरुआत करते हुए एनजीओ ने किया 132वां आयोजन

अपने 15वें वर्ष की शुरुआत करते हुए, यह एनजीओ का 132वां आयोजन था। एनजीओ तमन्ना अपने विभिन्न सामाजिक पहलों के तहत वंचितों की मदद करने का प्रयास करती है और आप भी www.tamanna.org.in पर जाकर एनजीओ तमन्ना के साथ जुड़ सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उनके पसंद के खिलौने बांटे गए और बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए रिफ्रेशमेंट का भी प्रबंध किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**अम्बाला (अप्रस/राकेश मक्कड़)।** नेहरू युवा केंद्र अम्बाला युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी अर्शदीप के दिशा निर्देशनुसार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रेखा रानी द्वारा गांव अंधेरी में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया और पंडित जी की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित किए गए। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रेखा रानी व युवा मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार द्वारा गांव के युवाओं को पंडित जी के जीवन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और बताया कि स्वतंत्रता तभी सार्थक हो सकती है यदि वो हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति का साधन बन जाये। पंडित जी की जयंती के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें लड़कों में अभिषेक और लड़कियों में पालक प्रथम स्थान पर रही। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, दूसरे व तीसरे आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रिज लाल, राजेश कुमार, अमर सिंह, जसपाल, चमन लाल, गगनदीप, सुखदेव, गुरमीत कौर, सुमन, अमित का अहम योगदान रहा।

### ट्यूबवेल से दो मोटर चोरी

**रादौर (अप्रस)।** गांव नागल से एक किसान के खेत में बने टयूबवैल से दो मोटर चोरी हो गई। सुबह जब किसान खेत में पहुंचा तो उसे चोरी की जानकारी हुई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस शिकायत में नाहरपुर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उसने नागल में जमीन ठेके पर ली हुई है। जहां बने टयूबवैल के कमरे में दो मोटर लगी हुई थी। रात के समय किसी ने दोनों मोटर चोरी कर ली। जिससे उसे हजारो का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### जिला परिषद के वार्डों का आरक्षण ड्रा 28 सितंबर को

**यमुनानगर/बिलासपुर (अप्रस)।** उपमडलाधीश बिलासपुर जसपाल सिंह गिल ने कहा कि जिला परिषद (जिप) के वार्डों के आरक्षण का ड्रा 28 सितंबर को जिला सचिवालय के सभागार में सुबह 10 बजे निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा पंचायती राज (निर्वाचन) नियम–1984 के नियम 5(1)(2) में किए गए प्रावधान अनुसार जिला परिषद के वार्डों में महिला, अनुसूचित जाति तथा बी.सी(ए) के लिए सीटें आरक्षित की जानी हैं।

### शिविर में 150 से अधिक ने किया रक्तदान



**अम्बाला छावनी (अप्रस/रवि पाहुजा)।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मना रही है जिसमें जनता के सेवा के लिए कार्य किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत रविवार को गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी अंबाला छावनी द्वारा सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के तीनों मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिंपल अजय पराशर व किरण पाल चौहान के नेतृत्व में शिविर लगाया गया जिसमें स्वेच्छा से अंबाला छावनी के लोगों ने अपना रक्तदान कर किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के लिए सेवा की गई है बता दे आज के इस रक्तदान शिविर में 150 से अधिक लोगों ने अपना रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से ललित चौधरी , जबीर सिंह जस्सी , दीपक भासीम , संजीव सोनी , नरेंद्र राणा , बी एस बिन्द्रा , सुरिंदर तिवारी , अजय बवेजा , आशीष अग्रवाल , वियज गुप्ता , सुनीता अरोड़ा , आरती सहगल , ज्योति मीत , सुरिंदर कौर , राजकुमार राजा , अजय बवेजा , चंद्र शेखर , विकास बतरा , उमेश साहनी , सुनील बतरा , प्रमोद लकी ,अनिल कौशल , प्रवेश शर्मा , विकास चौहान , राजू प्रिंस , इकबाल ढांडा , विजय कुमार , साहिल राज अग्रवाल , परविंदर शर्मा, दीपक ओबराय , भारत कोछड़, अनूप चोपड़ा , रणधीर धीमान , पारस मानी , साहिल प्रभाकर , जंग बहादुर , आदि उपस्थित रहे।

### बारिश के कारण खराब हुई धान की फसल

**रादौर (अप्रस)।** विधायक डा. बीएल सैनी ने कहा कि सरकार व कुदरत की मार से इस वर्ष किसानों को धान की फसल में भारी नुकसान उठाना होगा। बारिश व बिमारी के कारण किसानों की फसलें खराब हो चुकी है। जिसके लिए सरकार को तुरंत गिरदावरी करवाने के आदेश जारी करने चाहिए और किसानों को 40 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा देना चाहिए। बीएल सैनी अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से बरसात हो रही है। पहले धान की फसल में कई प्रकार की बिमारी आने से किसान नुकसान उठा चुका है और अब बरसात से धान खराब हो रही है। इससे पहले गेंहू की सीजन में भी किसान हजारों का नुकसान उठा चुके है। लेकिन सरकार ने तब भी किसानों के लिए कोई घोषणा नहीं की थी और अब भी सरकार चुप है। सरकार को चाहिए कि किसानों की हालत को देखते हुए उनकी मदद की जाए। इसलिए सरकार विशेष गिरदावरी की घोषणा करे और किसानों को 40 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा दे। ताकि किसानों को अधिक नुकसान न उठाना पड़े।

# उच्चतर शिक्षा विभाग ने सीसीएल सहित 10 सेवाओं को किया ऑनलाइन

- प्रधान सचिव ने राजकीय कॉलेजों के प्रिंसिपल को जारी किया पत्र
- एसोसिएशन की मांग, हर सेवा की तय समय सीमा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 25 सितंबर।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग ने चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) सहित 10 तरह की सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है। उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव की तरफ से शुक्रवार को सभी राजकीय कॉलेजों के प्रिंसिपल को पत्र भी जारी कर दिया है। अब मंगलवार से कॉलेजों में कार्यरत असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसरों को इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए विभाग के एमआईएस पोर्टल पर आवेदन करना होगा। जिस पर के बाद संबंधित शिक्षक को उस सेवा का लाभ मिल पाएगा।

दूसरी तरफ हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित चौधरी ने सरकार के इस फैसले को सराहनीय बताते हुए सेवाओं को समयबद्ध करने की मांग की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हालही में उच्चतर शिक्षा विभाग की बैठक में इन सेवाओं को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए चाइल्ड केयर लीव, मातृत्व अवकाश, गर्भपात अवकाश, पितृत्व अवकाश, अतिरिक्त साधारण अवकाश, पासपोर्ट के लिए एनओसी, विदेश भ्रमण के लिए एनओसी, संपत्ति की खरीदो-फरोख्त के लिए एनओसी, घर और वाहन लोन के लिए एनओसी, यूनिवर्सिटी में प्रतिनियुक्ति की अनुमति आदि की सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है।

विभाग द्वारा ऑनलाइन की गई इन दस सेवाओं में से कोई भी प्राध्यापक किसी भी सेवा के लिए एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करेगा। जिस पर सबसे पहले कॉलेज का प्रिंसिपल अपनी सहमति देगा या उसे खारिज करेगा। प्रिंसिपल की सहमति के बाद उस आवेदन को संबंधित ब्रांच में भेजा जाएगा। फिर वहां से वह ब्रांच के उप निदेशक या संयुक्त निदेशक के पास जाएगी। इन सभी चैनलों से मंजूरी के बाद उस आवेदन को पोर्टल के जरिए उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक के पास भेजा जाएगा। अंत में उस आवेदन पर विभाग के एसीएस या पीएस की अंतिम मोहर लगेगी।

हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित चौधरी के अनुसार यह एसोसिएशन की पुरानी मांग थी। क्योंकि व्यवहारिक रूप से दफ्तरी बाबू इस प्रक्रिया को पूरा करने में लंबा समय लगाते थे। जब तक सक्षम अधिकारियों के स्तर पर आवेदन के निपटान की समय सीमा तय नहीं होती, तब तक ऑनलाइन आवेदन भी किसी न किसी स्तर पर पहले की तरह लंबित ही रहेंगे। इसके अलावा किसी भी तरह के आवेदन को मंजूर या न मंजूर करते हुए उसका कारण दिया जाए।

# उपायुक्त ने जगाधरी व यमुनानगर में जलभराव की स्थिति का लिया जायजा

अर्थ प्रकाश/आरके जैन

**यमुनानगर, 25 सितंबर।** बरसात के मौसम के चलते हुए उपायुक्त राहुल हुड्डा ने जगाधरी एवं यमुनानगर शहर के विभिन्न हिस्सों में जल भराव एवं जल निकासी की स्थिति का जायजा लेने के लिए संत थॉमस स्कूल जगाधरी, त्रिमूर्ति कमेटी चौंक जगाधरी, मटका चौंक जगाधरी, नाला सैक्टर-17 हुड्डा जगाधरी, विश्वकर्मा चौंक यमुनानगर, बस स्टैण्ड यमुनानगर, बाईपास अग्रसैन चौंक यमुनानगर व जम्मू कॉलोनी आदि क्षेत्रों का दौरा किया जहां पर उन्होंने बरसात में जल भराव व जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ जन स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

उपायुक्त राहुल हुड्डा ने संत थॉमस स्कूल जगाधरी के पास से गुजरते नाले व त्रिमूर्ति कमेटी चौंक जगाधरी के पास से गुजरते नाले तथा सैक्टर-17 हुड्डा जगाधरी से गुजरते नाले के निरीक्षण के साथ-साथ अन्य स्थानों पर नालों का निरीक्षण किया व जन स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग को निर्देश दिए कि बरसात के चलते कहीं पर भी जल भराव न हो और पानी की निकासी के लिए सभी प्रकार के प्रबंध किए जाए और पानी की निकासी के लिए हर तरह के उपकरण काम में लाए जाए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बरसात के मौसम में शहर में कहीं भी जल भराव न हो और पानी की निकासी के सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को जल भराव से कहीं भी परेशानी न हो और नालों से जल निकासी सहीं ढंग से हो, यह सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है और इसके लिए सभी प्रकार के प्रबंध तुरंत किए जाए।

# मैं पॉजिटिव सोच लेकर राजनीति में आया हूं: कार्तिकेय

## काली माता मंदिर कालका में मां का लिया आशीर्वाद

अर्थ प्रकाश/हरजीत सिंह जग्गी



**कालका, 25 सितंबर।** भगवान परशुराम धर्मशाला पिंजौर में रविवार को ब्राह्मण सभा की और से हरियाणा से राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का नागरिक अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को श्री ब्राह्मण सभा एचएमटी की ओर से सम्मानित किया गया। सांसद कार्तिकेय शर्मा पहली बार सांसद बनने के बाद पिंजौर में पहुंचे थे। भारी बारिश के बावजूद भी लोगों की भीड़ को देखकर कार्तिकेय शर्मा गद् गद् थे।

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि पिंजौर कालका की पावन धरा को नमन करता हूं। मेरा और मेरे परिवार का यहां कालका पिंजौर एरिया से खास लगा रहा है। मेरे दादा पंडित केदार नाथ यहां आते थे, मेरे पिता विनोद शर्मा का भी इस एरिया से खास लगा है। जैसे मेरे पिता विनोद शर्मा ने ईमानदारी से लोगों की प्रॉब्लम पर काम किया, वैसे ही में करूंगा। मैं हमेशा हर समय पर आप लोगों के साथ हूं, मुझे आप अपने साथ पाओगे। जैसे मेरे पिता ने लोगों के हकों की लड़ाई लड़ी, वैसे ही मैं भी करूंगा। हरियाणा के सीएम भी पारदर्शिता के तौर पर काम कर रहे है, पोस्टिंग से लेकर अन्य तरह के काम मेरे पिता ने शुरू किया था, जिस पर हरियाणा सरकार काम कर रहीं है। मैं एक पॉजिटिव सोच लेकर राजनीति मे आया हूं।

बाद में माननीय राज्यसभा सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा जी श्री काली माता मंदिर कालका में माँ कालका के दर्शन हेतु पधारे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**रादौर (अप्रस)।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ीकी अध्यक्षता में गांव मंसूरपुर, छारी, नागल, रादौर, रतनगढ़, चमरोड़ी, खेड़ी लक्खासिंह में मनाई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान गांवो में पौधारोपण भी किया गया। जिसके तहत छायादार व फलदार पौधे लगाकर उनके सरंक्षण का प्रण लिया गया। साथ ही जल बचाओं का संदेश भी दिया गया। हैप्पी खेड़ी ने कहा कि भाजपा की ओर से युगपुरूष पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया है। जिसके तहत लोगों को पर्यावरण व जल बचाओं का संदेश देते हुए उन्हें पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया है। क्योंकि यह एक गंभीर समस्या है। जिसे हमें मिलकर दूर करना होगा।

# भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत भूमिगत जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड़

**बराड़ा, 25 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आज भाजपा जिला संयोजक भूमिगत जल संरक्षक विभाग संदीप अरोड़ा मोंटी के नेतृत्व में जिलाभर में जल सरक्षक प्रदेश संयोजक नरेंद्र खट्टर जी के दिशा निर्देश अनुसार सभी बूथों पर पांच नलों पर टूटी लगाकर जल संरक्षण के विशेष कार्यक्रम चलाए गए। जिसमें सभी बूथों पर साहा , नारायणगढ़,उगाला,बराड़ा में नल लगाये गये पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई। सभी बूथों पर कार्यक्रम के तहत बूथ स्तर पर जल संरक्षण अभियान के तहत पांच टूटियां भी लगाई गई। इसी कड़ी में अंबाला जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा के दिशा निर्देश से आयोजित उक्त कार्यक्रम में सभी बूथ अध्यक्षों ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा अपने अपने विचार व्यक्त किए।व जल संरक्षण हेतू टूटियां भी लगाई गई। अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने कहा कि जल का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है जल संरक्षण हर व्यक्ति की नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है, जल नहीं जो कल नहीं, इन्हीं विचारों के साथ हम सबको जल को व्यर्थ बहने से बचाना चाहिए। आवश्यकतानुसार ही जल का प्रयोग करना चाहिए। राजेश बतौरा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी हाई कमान द्वारा मिलने वाली जिम्मेदारियों को सेवा का मौका समझकर निभाएं। यही निष्ठा राष्ट्र सेवा का प्रतीक है।

# बराड़ा नगरपालिका कर वसूलने तक सीमित: वरुण चौधरी

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 25 सितंबर।** नगर पालिका बराड़ा द्वारा बराड़ावासियों से सालों साल से अग्नि कर के नाम पर हर साल लाखों रुपए वसूले जा रहे है।लेकिन अग्निशमन केंद्र के भवन का शिलान्यास साढ़े तीन साल पहले होने के बाद भी आज हालात ये कि इस भवन में अग्निशमन के यंत्र खड़े होने की बजाय कूडा-कर्कट भरा पड़ा है और अग्निशमन यंत्र के नाम पर यहां मात्र एक रेहड़ी खड़ी है।इस भवन में न तो अग्निशमन का कोई यंत्र है और न ही कोई कर्मचारी है केवल भवन बना कर छोड़ दिया गया है।

एक ख़ाली भवन किस प्रकार से अग्निशमन का कार्य या किसी आपात स्तिथि में बराड़ा वसियों की मदद कर सकता है जब इस स्टेशन में कोई सुविधा नाम की चीज ही नही है तो किस बात का अग्नि कर जो सम्पत्ति कर का 10 प्रतिशत है बराड़ा नगर पालिका क्षेत्र की जनता से वसूला जा रहा है।ये बात विधायक वरुण चौधरी ने बराड़ा (मौजगढ़) में अग्निशमन के निर्मित भवन का निरीक्षण करने उपरांत कही।उन्होंने कहा कि बराड़ा नगर पालिका का पहले भी कुंडी कनेक्शन लगा कर स्ट्रीट लाइट जगाने का मामला उजागर हुआ है।स्ट्रीट लाइटों के नाम पर बराड़ा वासियों की जेब से टैक्स वसूला जाता रहा और स्ट्रीट लाइटे कुंडी लगाकर जगाई जाती रही। जिस कारण बिजली विभाग ने नगरपालिका की इस चोरी को पकड़कर लाखो रुपए का जुर्माना भी किया था।अब ऐसा ही कार्य अग्निशमन के नाम पर कर वसूलने पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बराडा वासियों से नगरपालिका द्वारा विशिष्ट सुविधा देने के लिए टैक्स वसूला जा रहा है और सुविधा के नाम पर कुछ भी नही है।बराड़ा नगर पालिका वासी जानना चाहते हैं कि जब सुविधा नहीं तो कर कैसे वसूला जा रहा है।

# डेयरी कॉम्प्लेक्स से पानी की निकासी के लिए अवैध कब्जे हटाकर बनाया अस्थाई नाला, गोबर से अटे सीवरेज कराए साफ

अर्थ प्रकाश/आरके जैन



**यमुनानगर, 25 सितंबर।** दडवा डेयरी कॉम्प्लेक्स से पानी की निकासी कराने के लिए मेयर मदन चौहान बारिश के बीच मौके पर पहुंचे। कॉम्पलेक्स से पानी की निकासी के लिए उन्होंने सफाई कर्मचारियों को बुलाकर गोबर से अटे सीवरेज की सफाई करवाई। वहीं, अस्थाई नाला बनाने के लिए कॉम्प्लेक्स के पास किए गए अवैध कब्जे हटवाएं। जिसके बाद निगम की जेसीबी के माध्यम से अस्थाई नाला बनाकर पानी की निकासी कराई गई। मेयर मदन चौहान ने कहा कि कॉम्प्लेक्स से पानी की निकासी के लिए स्थाई इंतजाम करने को जल्द ही टेंडर लगाया जाएगा। ताकि भविष्य में कॉम्प्लेक्स में पानी की निकासी की समस्या न रहें। इस दौरान उन्होंने डेयरी संचालकों को भी नालों में गोबर न बहने के निर्देश दिए।

कई दिन से हो रही बारिश से दडवा डेयरी कॉम्प्लेक्स में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। समस्या का पता चलते ही मेयर मदन चौहान रविवार को निगम के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। यहां उन्होंने देखा कि जिन सीवरेज के माध्यम से कॉम्प्लेक्स से पानी की निकासी हो रही थी, वे गोबर से अटे हुए पड़े है। जिसके बाद मेयर चौहान ने सफाई कर्मचारियों को सीवरेज से गोबर साफ करने के निर्देश दिए। मेयर चौहान ने मौके पर ही खड़े होकर सीवरेज की सफाई करवाई। इसके बाद मेयर चौहान ने अधिकारियों को कॉम्प्लेक्स से तुरंत पानी की निकासी के लिए अस्थाई नाला खुदवाने के निर्देश दिए। अस्थाई नाला बनवाने के लिए मेयर चौहान व अधिकारियों ने जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां अवैध कब्जे मिले। मेयर चौहान ने अवैध कब्जे हटाकर नाला खुदवाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिसके बाद जेसीबी की मदद से निगम अधिकारियों ने पहले अवैध कब्जे हटाए, इसके बाद अस्थाई नाला बनाया जाएगा। जिसके माध्यम से डेयरी कॉम्प्लेक्स से पानी की निकासी कराई गई। मेयर चौहान ने कहा कि अभी पानी की निकासी के अस्थाई इंतजाम कराया गया है। स्थाई इंतजाम के लिए निगम द्वारा जल्द ही टेंडर लगाया जाएगा। जिसके बाद बड़े पाइप डालकर यहां से पानी की निकासी कराई जाएगी। मेयर चौहान ने डेयरी संचालकों को निर्देश दिए कि वे गोबर नालों में न बहाए। गोबर से नाले व सीवरेज जाम हो जाते है। जिससे पानी की निकासी रुक जाती है और जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है।

## खेल

# पश्चिम क्षेत्र ने जीता दलीप ट्रॉफी खिताब

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**कोयंबटूर, 25 सितंबर।** पश्चिम क्षेत्र ने यशस्वी जायसवाल (265) के दोहरे शतक और जयदेव उनडकट (छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से हराकर रविवार को दलीप ट्रॉफी खिताब जीत लिया।

पश्चिम ने दक्षिण को 529 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में दक्षिण 234 रन पर ऑलआउट हो गयी।

टी रवि तेजा और रविश्रीनिवासन साई किशोर ने पांचवें दिन दक्षिण की पारी को 154/6 से आगे बढ़ाते हुए सराहनीय संघर्ष किया। दोनों ने पहले एक घंटे में 49 रन जोड़े, लेकिन ड्रिंक ब्रेक के बाद साई किशोर (07) का विकेट गिरते ही अगले तीन बल्लेबाज भी तेजी से आउट हो गये।

रोहन कुन्नुमल (93) के बाद रवि तेजा ने दक्षिण के लिये सर्वाधिक 53 रन बनाये। उन्होंने 97 गेंदों की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। साई किशोर ने भी 82 गेंदें खेलकर विकेट पर बहुमूल्य समय बिताया।

पांचवें दिन रवि तेजा और जायसवाल के बीच मैदान में बहस भी हुई, जिसके बाद पश्चिम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जायसवाल को चेतावनी देकर मैदान से बाहर भेज दिया और खेल को 10 फील्डरों के साथ आगे बढ़ाया।

पश्चिम की ओर से शम्स मुलानी ने दूसरी पारी में चार विकेट लिये, जबकि अतीत सेठ ने दो और चिंतन गज ने एक विकेट लिया। पहली पारी में चार विकेट चटकाने वाले उनडकट ने यहां भी दो विकेट निकाले। तनुष कोटियान ने 71वें ओवर की दूसरी गेंद पर कृष्णप्पा गौतम (17) के रूप में दक्षिण के आखिरी बल्लेबाज को आउट किया और पश्चिम ने 294 रन की जीत के साथ दलीप ट्रॉफी उठायी।

इससे पहले, पश्चिम ने पहली पारी में 57 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में 585 रन बनाकर दक्षिण को 529 रन का लक्ष्य दिया था। पश्चिम के लिये जायसवाल ने दूसरी पारी में 323 गेंदों पर 30 चौकों और चार छक्कों की मदद से 265 रन बनाये जिसके लिये उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। साथ ही सरफराज खान ने 178 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों के साथ 127 रन की पारी खेली।

पश्चिम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जीत के बाद कहा, हम जिस तरह खेले उससे खुश हूं। आगे के घरेलू सीजन को लेकर उत्हासित हूं। कोरोना के बाद पहली बार पूरा सीजन खेला जा रहा है, इसलिये मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिये उत्सुक हूं। यहां प्रबंधन बहुत अच्छा है, प्रैक्टिस विकेट भी शानदार हैं। मेरे अनुसार क्षेत्रीय क्रिकेट उन खिलाड़ियों के लिये महत्वपूर्ण है जो अपने राज्यों के लिये अच्छा प्रदर्शन करते आये हैं। रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी भारत के भविष्य के सितारों को चुनने के लिये बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# नडाल ने लेवर कप से नाम वापस लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लंदन, 25 सितंबर।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने शनिवार को 'निजी कारणों' का हवाला देते हुए लेवर कप के शेष बचे मैचों से नाम वापस ले लिया। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि उनकी जगह टीम यूरोप में कैमरून नॉरी शामिल होंगे।

नडाल ने टीम यूरोप के लिए युगल मैच में दोस्त और प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर के साथ उनके आखिरी मैच में भागीदारी की। यह जोड़ी हालांकि टीम वर्ल्ड के जैक सॉक और फ्रांसिस टियाफो के हाथों 4-6, 6-2, 11-9 से हार गयी।

नडाल ने बाद में कहा कि उनका एक महत्वपूर्ण हिस्सा फेडरर के सन्यास के साथ टूर छोड़ रहा था। फेडरर की जगह टीम यूरोप में इटली के मैटियो बेरेटिनी को शामिल किया गया है।

नडाल की पत्नी मेरी पेरेलो जल्द ही उनके पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं, लेकिन वह अपने स्विस प्रतिद्वंदी के अंतिम मैच में उनका साथ देने के लिए लंदन गये थे।

22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने विंबलडन सेमीफाइनल से पहले हटने के बाद केवल पांच एकल मैच खेले हैं। उन्होंने यूएस ओपन से जल्दी बाहर हो गए।

नडाल के पास वर्ल्ड नंबर वन बनने का मौका था। 1 यूएस ओपन के बाद, लेकिन वह चौथे दौर में यूएसए के फ्रांसेस टियाफो से हार गए।

# भारत ने शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**ओसेजिक, 25 सितंबर।** शार्दुल विहान, शपथ भारद्वाज और आर्य वंश त्यागी की भारतीय तिकड़ी ने यहां आयोजित शॉटगन विश्व चैंपियनशिप की ट्रैप टीम जूनियर पुरुष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारतीय टीम ने शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में इटली को 6-4 से मात दी। भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के लिये अमेरिका को शूटऑफ में 2-0 से हराया था जबकि इटली की टीम क्वालीफिकेशन राउंड में 206 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर रही थी।

स्वर्ण पदक मुकाबले में भी इमैनुअल एज़ी, गियरमार्को बारलेता और एडोआर्डो एंतोनिओली की टीम ने 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन भारतीय टीम ने अगले तीन मुकाबले 13-12, 15-14 और 14-12 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि पांच शॉट के एक राउंड में बेहतर स्कोर वाली टीम को दो अंक दिये गये। भारतीय टीम के नायक आर्य वंश रहे जिन्होंने मैच के दौरान 25 में 24 शॉट सही लगाये। इसके अलावा शार्दुल ने 22 और शपथ ने 21 बार सही निशाना लगाया। इसी बीच, सबीरा हारिस, प्रीति रजक और आद्या त्रिपाठी की भारतीय टीम ने 172 अंकों के साथ प्रतियोगिता में सातवां स्थान प्राप्त किया।

# सिटको पूरे जोश व उत्साह से विश्व पर्यटन दिवस नवरात्रि खाद्य, डांडिया उत्सव मनाने के लिए तैयार

- पर्यटन दिवस 2022 की थीम 'पर्यटन पर पुनर्विचार'
- सिहोटल माउंटेन व्यू में विशेष आकर्षण
- अहमदाबाद के प्रामाणिक लोकगीत कलाकारों द्वारा डांडिया महोत्सव




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 25 सितंबर।** सिटको विश्व पर्यटन सप्ताह और नवरात्रि फूड एंड डांडिया फेस्टिवल को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाने के लिए तैयार है। पर्यटन दिवस 2022 की थीम 'पर्यटन पर पुनर्विचार' है। सभी पर्यटकों के लिए कॉम्प्लिमेंट्री सिटी टूर विश्व पर्यटन दिवस यानी 27 सितंबर के एक भाग के रूप में, सिटको सभी पर्यटकों के लिए अपने लोकप्रिय हॉप ऑन हॉप ऑफ टूरिस्ट कोच पर मानार्थ सवारी की व्यवस्था करेगा। इस वर्ष सिटको ने जीएमएसएसएस-10-पर्यटन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए एक शहर निर्देशित दौरे की व्यवस्था की है। गुरुकुल स्कूल आईटी पार्क के बच्चे भी शहर की सैर करेंगे। गुब्बारों से सजी यह बस दिन भर शहर भर के सैलानियों और सैलानियों को ले जाएगी।

विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में, सिटको होटल माउंटव्यू ने राउंड द क्लॉक कॉफी शॉप में ला कार्टे पर 25 प्रतिशत की छूट देकर विश्व पर्यटन दिवस को चिह्नित करने के लिए विशेष प्रस्तावों के साथ उत्सव में आकर्षण जोड़ा है। होटल एक विशेष विदेशी बहु-व्यंजन बुफे के साथ आया है, जहां भोजन प्रेमी विदेशी शुरुआत का आनंद ले सकते हैं, अंतरराष्ट्रीय सलाद, डेसर्ट के अनूठे संयोजन के साथ दुनिया भर में तेज मसालेदार गर्म और हल्के स्वाद का एक आश्चर्यजनक मिश्रण। इसने विश्व पर्यटन दिवस में एक रंग जोड़ा।

समारोह की शुरुआत सोमवार 26 सितंबर से अहमदाबाद गुजरात के कलाकारों द्वारा डांडिया उत्सव के उद्घाटन के साथ होगी। चकाचौंध भरे परिधानों, लोक और समकालीन संगीत के अविश्वसनीय मिश्रण के साथ ये 15 गुजराती कलाकार गुजरात के प्रामाणिक लोक नृत्य को यहां चंडीगढ़ ला रहे हैं।

नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का स्वागत सुखना झील पर नवरात्रि के विशेष भोज और गरबा और डांडिया के पारंपरिक रूपों पर नृत्य की शाम के साथ होगा। त्योहार के माध्यम से, पर्यटक और आगंतुक गुजरात की भूमि से पारंपरिक कपड़े पहने हुए सबसे रंगीन पोशाकों में सजे कलाकारों को देख सकते हैं। कपल्स के लिए एंट्री पास 300 रुपये और हरिण के लिए 200 रुपये है। यदि आप उपवास कर रहे हैं या कुछ मनोरम प्रसादों में शामिल होना चाहते हैं जो सामान्य नहीं हैं, तो होटल माउंटव्यू में साबूदाना खीर, कचलू के कोफ्ते, काजू मखाना करी और आपकी नवरात्रि की भूख को शांत करने के लिए बहुत कुछ है। एक तृप्तिदायक और संतोषजनक भोजन के लिए उनकी साबूदाना खीर के साथ एक मीठे नोट पर भोजन समाप्त करें। यह 400 रुपये से अधिक करों पर उपलब्ध है।

होटल पार्कव्यू में आपके लिए कुछ अद्भुत उत्सव की पेशकशें हैं। पाम रेस्तरां अपने असाधारण सत्त्व मेनू परोस रहा है, जिसमें अरबी, कद्दू की सब्जी, साबूदाना खीर, समक चावल जैसे कुछ मनोरम प्रसाद शामिल हैं। इस सबका मजा 275 रुपये के नेट में लिया जा सकता है।

### होटल शिवालिक ने तैयार किया विशेष मैनू

होटल शिवालिकव्यू अपने मनोरम भारतीय व्यंजनों के लिए जाना जाता है, और रेस्तरां इस उत्सव के मौसम में उत्साह फैलाने और आनंद को बढ़ाने के लिए एक विशेष मेनू तैयार करता है। नाइन नाइट्स मेन्यू में त्योहार के लिए कुछ सावधानी से तैयार किए गए व्यंजनों की विशेषता है, जिसमें पारंपरिक पसंदीदा जैसे कद्दू की सब्जी, साबूदाना आलू टिक्की, साबूदाना खीर आदि शामिल हैं, जो 300 रुपये से अधिक करों पर हैं।

### उत्सव माहौल के लिए तैसार की विशेष नवरात्रि थाली

सिटको के होटलों में विशेष नवरात्रि पर्व त्योहार में आनंद जोड़ने के लिए, शेफ लेकव्यू सुखना झील की टीम ने स्वाद से समझौता किए बिना, उत्सव के माहौल के साथ एक विशेष नवरात्रि थाली बनाई है। 250 रुपये के नेट पर साबूदाना पापड़, कुट्टू पुरी, मीठी और नमकीन लस्सी, शाही कोफ्ता, समक और बहुत कुछ खाएं।

# चंडीगढ़ पुलिस ने ताइक्वांडो व पैनिक स्लॉट में बाजी मारकर गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल पर किया कब्जा

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 25 सितंबर।** चंडीगढ़ पुलिस कर्मियों ने पुलिस विभाग और अपने परिवार का नाम रोशन करते हुए ताइक्वांडो और पैनिक स्लॉट में बाजी मार कर गोल्ड,सिल्वर, और ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। ऑल इंडिया पुलिस गेम्स ताइक्वांडो 7वीं जुडो क्लस्टर गेम्स 2022 आईजी इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में सीआईएसएफ द्वारा 19 सितंबर से 24 सितंबर तक आयोजित की गई। जिसमे महिला कांस्टेबल पिंकी ने गोल्ड, हेड कॉन्स्टेबल अमित सिल्वर, महिला कांस्टेबल बलविंदर कौर सिल्वर, महिला कांस्टेबल पूजा सिल्वर, महिला कांस्टेबल कविता ब्रॉन्ज, कॉन्स्टेबल संदीप कुंडू ने ताइक्कांडो में सिल्वर, और वुशु में ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किया।

# तीन दिन से लगातार हो रही बरसात का कहर जारी

- ड्रेनेज़ व सीवरेज सिस्टम हुआ ब्लॉक, घरों में पानी घुसा
- बरसात के साथ-साथ बिजली की समस्या से जूझ रहे शहर वासी
- भारी बरसात के कारण धान की फसल गिरी

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली



जीरकपुर । तीन दिन से लगातार हो रही बरसात लोगों पर कहर बनकर बरस रही है। शहर का ड्रेनेज़ व सीवरेज सिस्टम ब्लॉक हो चुका है और हर तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है और अब हालात यह हो गए है कि पानी लोगों के घरों में घुस गया है। सड़कों, गलियों, खुले प्लाटों, बेस्मेंट, पार्क, श्मशानघाट, स्कूल आदि सब पानी से लबालब भरे हुए है। इसके लिए लोग नगर काऊंसिल को कोस रहे है। लोगों का कहना है कि इस सब के लिए नगर काऊंसिल के अधिकारी जिम्मेवार है, यदि नगर काऊंसिल के अधिकारी समय रहते इस ओर ध्यान देते, तो आज जीरकपुर के यह हालात न होते।

वैसे तो पूरे शहर में पानी ही पानी है लेकिन शिवालिक विहार के हालात बद से बदतर नजर आ रहे है। शिवालिक विहार में हाउस नंबर 11 के आसपास बहुत सारे घरों में पानी घुस गया है। लोग बाल्टीयों, डिब्बों से पानी बाहर फेंक रहे है लेकिन लगातार बरसात होने के चलते वह नाकाम है। वहीं शिवालिक विहार में सीवरेज मिला पानी गलियों में बह रहा है, जिस कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भबात रोड पर बडे बडे गड्डे बन चुके है। गाजीपुर गांव के रेलवे अंडरब्रिज में पानी भरा होने के कारण वहां से निकलना मुश्किल है। वहीं शहर के वीआईपी रोड की दर्जनों सोसाइटीयों में लोग टुलु पंप लगाकर पानी बाहर निकाल रहे है। शहर में इतना पानी हो चुका है कि लोग गाड़ियों की बजाए जूते उतार कर पैदल चल रहे है। पानी जायदा होने के कारण व्हीकल खराब हो रहे है और दो पहिया वाहन पानी में ही बंद हो रहे है। पानी के कारण खराब हो रहे व्हीकलों की समस्या से लोग दो दिन में ही परेशान हो चुके है। शहर में ड्रेनेज़ सिस्टम नहीं है और बरसात का पानी सीवरेज लाइनों में डाला हुआ है। जिस कारण लोड बढ़ने से सीवरेज सिस्टम ब्लॉक हो चुका है। जिसके लिए सीधे सीधे नगर काऊंसिल के अधिकारी जिम्मेदार है।

### बरसात के साथ-साथ बिजली की समस्या से जूझ रहे लोग

पिछले तीन दिनों से लगातर हो रही बरसात से तो लोग परेशान है ही, इसके साथ साथ बिजली से भी परेशान है। बीती कल शनिवार की शाम से बिजली बार बार जाने की समस्या आ रही है। रात को लोहगढ वीआईपी रोड जीरकपुर में कई सोसाइटीयों में पूरी रात बिजली गुल रही। जिस कारण इन्वर्टर भी खत्म हो गए। लोगों को मोबाईल व लैपटॉप आदि चार्ज करने में भी समस्या आ रही है। इसके साथ ढकोली क्षेत्र में कई जगह बरसात के कारण पेड़ भी गिर गए है। एक दो जगहों पर तो बिजली की तारें भी टूट कर गिर गई है। हालांकि बरसात के दिनों में पावरकाम विभाग पूरी तरह सतर्क रहता है, जिस कारण कोई करंट लगने जैसी खबर सामने नहीं आई है। वहीं किसानों को भी इस भारी बरसात का खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। बरसात के कारण धान की फसल पूरी तरफ गिर गई है। जिसे काटने में मुश्किल होगी और झाड़ भी बहुत कम हो जाता है, जिसका भारी नुकसान किसानों को आने वाले दिनों में भुगतना पड़ेगा।

हमारा स्टॉफ आज पूरा दिन पानी की निकासी में लोगों की मदद करने में लगा रहा। बाकी गलत प्लानिंग की वजह से शहर का यह हाल है, फिलहाल हम जो बेस्ट कर सकते थे, वह अपनी ओर से कर रहे है। इस बार हॉउस की मीटिंग में मैं अपनी तरफ से मता डालकर भेजूंगा कि कोई भी नई बनाई हुई सड़क कम से कम दो साल तोड़ी न जाए। बहुत हैरानी की बात है कि हम सड़क बनाकर निकलते है और पीछे से तोड़ दी जाती है। इसके लिए हम जल्द सख्त कार्रवाई शुरू कर देंगे। बाकी जहां भी पानी खड़े होने की समस्या आ रही है, वहां मोटर लगाकर पानी निकाला जा रहा है।

–रवनीत सिंह
कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर

### वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी पर नई सीरीज़ - द जर्नी ऑफ इंडिया

**मोहाली 24 सितंबर (अप्रस)।** जहां भारत अपनी स्वतंत्रता के 75वें साल में आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी 10 अक्टूबर को अपनी नई सीरीज़ - द जर्नी ऑफ इंडिया के साथ देश की विरासत, नई खोज और मौजूदा चमत्कारों की ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने जा रहा है, जिसने देश की अभूतपूर्व प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। अतुल्य भारत का चेहरा एवं बॉलीवुड लेजेंड अमिताभ बच्चन इस सीरीज के सूत्रधार होंगे, जिसमें प्रतिष्ठित हस्तियों एवं नेताओं के योगदान से भारत की संस्कृति का ताना-बाना बुना गया है। अपनी तरह की इस अनूठी सीरीज़ में अलग-अलग विषयों को टटोला गया है, जो पिछले 75 वर्षों के दौरान देश की प्रगति, प्रभावों और उपलब्धियों में गहराई से झांकती है। इनमें विज्ञान और टेक्नोलॉजी में हमारी तरक्की से लेकर हमारे महत्वाकांक्षी एवं सफल अंतरिक्ष अभियान और सिनेमा की दुनिया तक, सबकुछ शामिल है, जो न सिर्फ हमारा मनोरंजन करती है बल्कि हमें प्रेरित भी करती है। देश के कोने-कोने में पल रही आस्था की रोचक कहानियों से लेकर दुनिया भर में सराही जाने वाली हमारी विविध खानपान संस्कृति तक, पिछले 75 वर्षों में भारत ने धीरे-धीरे लेकिन समान रफ्तार से कदम बढ़ाए और वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस सीरीज़ में इतिहास से ली गई फुटेज के विशाल संग्रह के साथ-साथ जानी-मानी हस्तियों और विषय विशेषज्ञों की बातें भी शामिल की गई हैं। अर्जुन नोहवार, जनरल मैनेजर - साउथ एशिया, वॉर्नर ब्रदर्स. डिस्कवरी ने कहा कि जहां भारत आज़ादी के 75 वर्षों का उत्सव मना रहा है, वहीं यह यादगार नई सीरीज़ ऐसी अनोखी कहानियों को साकार करने की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

# वर्करों को नौकरी से निकालने पर किसान जत्थेबंदी ने किया बेस्ट प्राइस मॉल के खिलाफ रोष प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली



**जीरकपुर, 25 सितंबर।** चंडीगढ़-अंबाला हाइवे पर स्थित बेस्ट प्राइस में काम करने वाले दो पंजाबी कर्मचारियों को परेशान करने और अभद्र भाषा का प्रयोग कर नौकरी से निकालने के रोष स्वरूप किसान जत्थेबंदी ने माल के बाहर रोष प्रदर्शन किया और बेस्ट प्राइस प्रबंधकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन बढ़ता देख बेस्ट प्राइस के प्रबंधको ने निकाले गए दोनों युवकों को नौकरी पर दुबारा रख लिया। मामले के सबंध में बताते हुए बेस्ट प्राइस कर्मचारी रीना और सतवीर ने बताया कि बेस्ट प्राइस में लोकल व पंजाबी कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है, जिस कारण वह पंजाबी कर्मचारियों के साथ वितकरा करते है और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि उनके सीनियर भी दूसरे राज्यों से है, वह भी उनकी बात कम सुनते है और उनके खिलाफ इकठे होकर साजिस के तहत जबरन और भारी बोझ वाला काम करवाया जाता है। यदि वह विरोध करते है, तो उनकी शिकायत कर उन्हें या तो चुप करवा दिया जाता है या फिर नौकरी से निकलवा देने का कहा जाता है। पिछले दिनी भी उनके साथ ऐसा ही हुआ, जिस कारण दोनों को नौकरी से निकाल दिया था। जिसके बाद उन्हें किसान जत्थेबंदी का सहारा लेना पड़ा। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी कोई गलती है, तो वह सजा भुगतने के लिए तैयार है लेकिन बिना वजह साजिश के तहत उन्हें नौकरी से निकाला गया, जो बर्दाश्त नहीं हुआ है, जिस कारण यह स्टेप लेना पड़ा।

इस दौरान रोष प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान जत्थेबंदी पुआध के प्रधान तरलोचन सिंह और रुषतम शेख ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी, जिसके बाद हमने रोष प्रदर्शन किया। हमारी जत्थेबंदी उन सभी किसानों मजदूरों व ईमानदार कर्मचारियों के साथ खड़ी है जो अपना काम मिहनत व ईमानदारी से करते है। किसी भी व्यक्ति को यह अधिकार नहीं है कि वह जात पात या फिर राज्य के आधार पर किसी के साथ वितकरा करे। हमारे विरोध के बाद दोनों बच्चों को काम पर दुबारा रख लिया गया है और आगे से ऐसा न होने की बात कही गई है।

मैं उनका सीनियर हूं, स्टॉक चैकिंग को लेकर कुछ गलतफहमी हुई थी, वह दूर हो गई है और दोनों कमार्मचारियों को दुबारा काम पर रख लिया गया है।

–भुवनेश शर्मा,
स्टोर हेड बेस्ट प्राइस जीरकपुर

### बिजली के अघोषित कटों से परेशान धनास निवासी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** धनास चंडीगढ में बिजली की सप्लाई बद से बदत्तर हो गई है। 5 से 6 घंटे तक के रोज बिजली के कट लग रहे हैं। ना तो इस समस्या की तरफ आम आदमी पार्टी के पार्षद का कोई धयान है और न ही भाजपा की सांसद का। वे तो वैसे ही चंडीगढ के कालोनी निवासियो के खिलाफ ही रहती हैं। कांग्रेसी नेता धर्मवीर सिसोदिया ने प्रशासन से अपील की है कि गरीब मजदूरों के साथ भेदभाव न किया जाए जैसे सेक्टरों में बिजली की सप्लाई होती है। वैसे की मजदूर कालोनियों को भी बिजली दी जाए। नहीं तो कालोनी निवासियों के साथ मिलकर बड़ा जन आंदोलन छेड़ा जायेगा। इस सबकी जिम्मेदारी चंडीगढ़ प्रशासन की होगी।

### आउटफिट प्रदर्शनी में लगे हैं 80 स्टॉल

**आउटफिट** यानि पिछले कुछ दिनों से चंडीगढ़ में विभिन्न परिधानों की प्रदर्शनी लगी हुई है। जिसमें 80 स्टाल अलग-अलग सूट के डिजाइन लगाए हुए है। सभी देशों के लोग आते हैं। यहां आधुनिक से आधुनिक डिजाइन के कपड़े (परिधानों) की प्रदर्शनी लगी हुई है। आकर्षक ज्वैलरी, होम फनिशिंग, जूते-चप्पल सभी की नई से नई किस्म लगी है। किसान भवन की परिधान प्रदर्शनी दिल्ली के विभिन्न बुटिकों से सम्बन्धित है।

यहाँ पर कार्यरत व उपस्थित राजेश कुमार ने बताया, 'पाँच सौ रूपये से लेकर करीब पन्द्रह हजार तक के सूट है। अलग-अलग रेडीमेंट, ड्रेस मेटिरियल है।

उन्होंने बताया, 'पब्लिक का काफी अच्छा सम्पर्क और रेस्पास रहा है, लोग काफी आ जा रहे है, किसान भवन काफी समय बाद खुला है यहां पर मरम्मत चल रही थी हार्ट ऑफ द सिटी माने जाना वाला किसान भवन काफी समय बाद खुला है, तो सोच सकते है कितना अच्छा लग रहा होगा।

शादी-विवाह की शॉपिंग करने लोग काफी आएं। पूछने पर कि क्या घरेलू महिलाएं आती है या कामयाबी महिलाएं यहाँ पर शोपिंग कर रही है? तो उन्होंने वर्किंग (कामकाजी) महिलाओं की काफी प्रशंसा की। कहाँ कामकाजी तो रोजाना ही नये वस्त्र परिधान इस्तेमाल करती है। वो ज्यादा यहां पर कपड़े खरीद रही है, घरेलू महिलाएं कम है। किसान भवन आउटफिट में खान-पीन का विशेष प्रबन्ध किया हुआ था। महिलाएं काफी जोर-शोर से स्वादिष्ट खाना खा रही थी। नौं सूट गाड़ी में रख दो ऐसा आदेश देकर एक अंग्रेज महिला शोपिंग करने लगी।

–पारुल शर्मा रूपल


## HPPWD TENDERS

Sealed item rate tenders on forms 6 & 8 are hereby invited by the Executive Engineer, Dharamshala Division, HP.PWD., Dharamshala for the below mentioned works from the approved and eligible contractors enlisted in HPPWD so as to reach in his office on or before 04.10.2022 upto 11:00 AM and the same shall be opened on the same day at 11:30 AM in the presence of the tender opening committee and intending contractors/firms or their authorized representatives. The tender documents can be had from this office against cash payment/Non refundable) up to 4:00 P.M. on 03.10.2022.The applications for issue of tender forms shall be received upto 3:00 P.M. on 01.10.2022.

The Earnest Money in the shape of NSC's / FDR's Deposit/Bank Guarantee at Call of any of the Post office/Bank duly pledged in favour of XEN HPPWD., Dharamshala must be accompanied with the tender documents. Please note that no exemption orders of earnest money will be entertained. Conditional tenders and the tenders received without earnest money as mentioned above will summarily be rejected. The offer of the tenders shall be kept open for 90 days. The Executive Engineer reserves the right to reject any tender or all tenders without assigning any reasons. The contractors should be registered as a dealer under H.P. Sales Tax Act, 1962 and also produce the clearance certificate from the Excise and Taxation department. The tender documents shall only be issued to those contractors/firms who will produce the photo copy of their enlistment/renewal, if it happens to be a holiday on the day of opening of tenders the same will be opened on the next working day at the same time and venue:-

| Sr. No. | Name of Work | Estimated cost in Rs. | EMD | Time limit | Cost of Tender form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A/R & M/O under HPPWD Sub Division No. II Dharamshala on various Road in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- C/O Drain including M.S grating) | 498942.00 | 10000.00 | Three Months | 350/- |
| 2. | A/R & M/O various roads under Sidhbari and Dari Section, HPPWD Sub Division No. II in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- P/L Patch work at various RDs) | 499072.00 | 10000.00 | Three Months | 350/- |
| 3. | Restoration of rain damages on Dharamshala to Jule via Aghanjar Mahadev Slate Godown road km 0/000 to 22/500 in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- Shoulder at RD 13/251 to 19/500) | 450000.00 | 9000.00 | Three Months | 350/- |
| 4. | Construction of Dharamshala to Jule via Aghanjar Mahadev Slate Godown road km 0/000 to 22/500 in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- Laying thermoplastic at RD 13/501 to 15/500) | 497600.00 | 10000.00 | Three Months | 350/- |
| 5. | Construction of Dharamshala to Jule via Aghanjar Mahadev Slate Godown road km 0/000 to 22/500 in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (S H:- Laying thermoplastic at RD 15/501 to 17/500) | 497600.00 | 10000.00 | Three Months | 350/- |
| 6. | C/O Link road from Upper Sukker to Lower Sukker km 0/000 to 1/000 in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. under MNP (SH:- C/O 450mm dia Hume pipe culvert at RD 0/010 to 0/045) | 160500.00 | 3300.00 | Three Months | 350/- |
| 7. | Restoration of rain damages on Yol Banordu Barwala Road km 0/000 to 8/000 in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- C/O R/wall at RD 0/055 to 0/065) | 129903.00 | 2600.00 | Two Month | 350/- |
| 8. | A/R & M/O Darnu Cholla road KM 0/0 to 2/700 in Tehsil Dharamshala, Dsistt. Kangra, H.P. (SH:- C/O U- shape drain at various RDs.) | 252525.00 | 5100.00 | Three Months | 350/- |
| 9. | Restoration of rain damages on link road to village Chattair in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- C/O R/wall at RD 1/800 to 1/820) | 181666.00 | 3650.00 | Three | 350/- |
| 10. | Annual Repair and maintenance to approach road from NH 503 to Circuit House in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- Tarring work on roads connecting to Circuit House Chilgari) | 487440.00 | 9800.00 | Three Months | 350/- |
| 11. | C/O Dharamshala to Jule via Aghanjar Mahadev Slate Godown road km 0/000 to 22/500 in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH: -P/F cat eyes at RD 11/334 to 15/166) | 482230.00 | 9700.00 | Three Months | 350/- |
| 12. | C/O Dharamshala to Jule via Aghanjar Mahadev Slate Godown road km 0/000 to 22/500 in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH: -P/F cat eyes at RD 15/167 to 16/999) | 480150.00 | 9700.00 | Three Months | 350/- |
| 13. | Restoration of Rain damages on Link Road Narawana Khas km 0/000 to 1/000 (Deposit work) (SH:- C/O R/wall at RD 0/375 to 0/390) | 218616.00 | 4400.00 | Three Months | 350/- |
| 14. | C/O Jeepable road & pully & Addl. Upto land of Sh. Bhag Singh near DAV School Narwana in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- Balance work for the construction of concrete pavement Km 0/360 to 0/395 & repair of pulli) (Deposit work) | 317808.00 | 6400.00 | Three Months | 350/- |
| 15. | Construction of Warehouse for storage of Electronic Voting Machines (Evms) and VVPATs at Dari, Dharamshala in Distt. Kangra HP (Deposit work) (SH:- Balance work of Retaining wall) | 436435.00 | 8800.00 | Three Months | 350/- |
| 16. | Modification of Sound proof hall in Administrative Block (B) of H.P. Board of School Dharamshala in Distt. Kangra H.P. (SH:- Repair of Toilets in Administrative Block (B) inclduing stainless steel etc,) (Balance work) | 335550.00 | 6800.00 | Three Months | 350/- |
| 17. | Modification of Sound proof hall in Administrative Block (B) of H.P. Board of School Dharamshala in Distt. Kangra H.P. (SH:- Providing and fixing Hard wooden flooring over steel frame work) (Balance work) | 420446.00 | 8500.00 | Three Months | 350/- |
| 18. | C/O Govt. Senior Secondary School Dari in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (Deposit work) (SH:- C/O Toilet ) | 185550.00 | 3800.00 | Three Months | 350/- |
| 19. | C/O Gorkha Bhawan at Shamnagar at Shamnagar in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (Deposit work) (SH:- C/O Coulmns and brick wlrk first floor) | 240500.00 | 4900.00 | Three Months | 350/- |
| 20. | Construction of War Museum at Dharamshala in Tehsil, Distt. Kangra HP (Under MPLAD Deposit) (SH :- P/F water storage tank) | 420000.00 | 8400.00 | Three Months | 350/- |
| 21. | Construction of Parking on Dharamshala Khanyara road km 0/000 to 8/000 in tehsil Dharamshala, Distt. Kangra HP (Deposit work) (SH:-Balance work Side Earth cutting for widending of road & construction of P.C.C. Breast wall at RD 1/670 to 1/730) | 499951.00 | 10000.00 | Three Months | 350/- |
| 22. | Modification of sound proof hall in Administrative Block (B) of HP Board of School Education Dharamshala in Distt. Kangra, H.P. (SH:- Providing wooden chairs) (Balance work) | 300300.00 | 6100.00 | Three Months | 350/- |
| 23. | C/O & M/T Indru Nag Chohla road in Tehsil Dharmashala, Distt. Kangra H.P Under MNP (SH:- Balance work for the C/O R/wall at RD 1/354 to 1/373.70) | 497359.00 | 10000.00 | Two Months | 350/- |
| 24. | C/O of Shikshak Sadan Evam Pustak Vitaran for HP Board of School Education at Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- C/O Site Development) | 499116.00 | 10000.00 | Two Months | 350/- |
| 25. | Imp. of Camel Track road 0/000 to 2/600 in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- P/L Cobble stone pavement at RD 0/315 to 0/440) | 495600.00 | 10000.00 | Two Months | 350/- |
| 26. | Construction of Smart road from Meclodganj to Dharamkot km 0/000 to 0/900 in Teshil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (Deposit work)(SH:- C/O R/wall & P/L Underground HDPE pipe 300 mm and 150mm at RDs 0/150) (Balance work) | 471195.00 | 9500.00 | Two Months | 350/- |
| 27. | Construction of Smart road from Meclodganj to Dharamkot km 0/000 to 0/900 in Teshil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (Deposit work) (SH:- C/O R/wall & P/L Underground HDPE pipe 300 mm and 150mm at RD 0/300)(Balance work) | 475831.00 | 9600.00 | Two Months | 350/- |
| 28. | Repair of old building of RTO office at Dharamshala in Distt. Kangra HP (Deposit work) (SH:- C/O 1 No. Hall in 2nd floor and repair of building (CGI sheet roofing and other minor repair work) (Balance work) | 485000.00 | 9700.00 | Three Months | 350/- |
| 29. | Repair of roof in Administrative Block-A in Board of School Education at Dharamshala (SH:- P/F G.I. sheet roofing, gutter and paint)(Deposit work-Balance work) | 310424.00 | 6250.00 | Two Months | 350/- |
| 30. | Construction of / upgradation of various roads under Dharamshala Division (SH:- P/F W-metal beam crash barrier in Ramnagar Shamnagar area at RD 0/285 to 0/345) | 214560.00 | 4300.00 | Two Months | 350/- |
| 31. | Special repair of the building of Superintending Engineer, 2nd Electrical Circle, HPPWD Dharamshala (SH:- Painting, distempering, tiles flooring and other minor repair work) | 241500.00 | 4850.00 | Two Months | 350/- |
| 32. | Repair of toilets work in Govt. Sr. Secondary School at Dari Dharamshala (SH:- Repair work of toilets) | 135500.00 | 2750.00 | Three Months | 350/- |
| 33. | A/R & M/O various roads under HPPWD Sub Division No. II in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- P/L Patch work at various RDs) | 497865.00 | 10000.00 | Two Months | 350/- |
| 34. | Construction of / upgradation of various roads under Dharamshala Division in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- P/F Crash barrier, C/O P.C.C. , Parapets and P/L Thermoplastic yellow line in Ramnagar Shamnagar area) | 353542.00 | 7100.00 | Three Months | 350/- |
| 35. | Restoration of rain damages on Darnu to Indrunag road 0/000 to 2/700 in Tehsil Dharamshla, Distt. Kangra H.P. (SH:- C/O P.C.C Retaining wall at RD 1/820 to 1/835) | 242619.00 | 4900.00 | Three Months | 350/- |
| 36. | A/R & M/O various roads under Sidhbari and Dari Section, HPPWD Sub Division No. II in Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra H.P. (SH:- P/L Patch work at various Raches) | 499072.00 | 10000.00 | Two Months | 350/- |

HIM SUCHNA AVAM JAN SAMPARK.

Executive Engineer,
Dharamshala Division,
HP.PWD., Dharamshala.
On behalf of Governor of Himachal Pradesh.

RO No. 4453/2022-2023

AP-3088





# मुख्यमंत्री ने रोहतक के गुरुद्वारा बंगला साहिब में टेका माथा



अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 25 सितंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को रोहतक के गुरुद्वारा बंगला साहिब में माथा टेका और प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने संगत के बीच बैठकर शब्द कीर्तन सुने और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से बातचीत भी की।

मुख्यमंत्री के गुरुद्वारा बंगला साहिब में पहुंचने पर प्रबंधक कमेटी ने सर्वप्रथम पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाया। मुख्यमंत्री ने यहां संगत के बीच बैठकर शब्द कीर्तन सुने और प्रसाद चखा। इसके पश्चात उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से बातचीत की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सिरोपा और कृपाण भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सिखों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, उपायुक्त यशपाल, पुलिस अधीक्षक उदय सिंह मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्रपाल, मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर राजकुमार कपूर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय सिंह मलिक, सांपला के एसडीएम सुभाष चन्द, सीनियर डिप्टी मेयर राजकुमार कपूर, हेड ग्रंथी महेंद्र रूबी चावला, अजीत सिंह, परमजीत सिंह, दिलबाग सिंह, रणजीत सिंह, अमरीक सिंह, प्रिंस टक्कर व महेंद्र सिंह धींगड़ा सहित सिख प्रतिनिधिमंडल व सिख संगत मौजूद रही।

# ताऊ देवीलाल की जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित : दमदमा



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका, 24 सितंबर।** जननायक चौधरी देवी लाल जी के 109 वें जन्मदिवस पर जननायक जनता पार्टी पंचकुला द्वारा हलका कालका के कालका/पिंजौर शहर में के.के.फार्म में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारंभ स्वामी श्याम सखा वृंदावन के कर कमलों द्वारा किया गया। श्यामजी सखा ने सदमार्ग और दान के बारे अपने मुखार बिंद से वर्णन किया।

भारी बारिश के बावजूद शिविर में कुल 81 व्यक्तियों ने रक्तदान किया।डॉक्टर निकिता सूर्य सेक्टर 16 चंडीगढ़ की टीम द्वारा रक्तदान शिविर में प्रशंसनीय कार्य किया!

पिंजौर कालका में डेंगू के बढ़ते प्रभाव के चलते इस कैंप का आयोजन किया गया। जननायक जनता पार्टी जिला पंचकुला ने ताऊ देवी लाल जी की जयंती सामाजिक कार्य करके मनाई, जिसमे पहले सुबह 8 बजे ताऊ देवी लाल स्टेडियम में स्तिथ ताऊ जी की प्रतिमा को पुष्प अर्पण किया,पश्चात फलवित्रण कर व रक्तदान कर ताऊ देवी लाल जी की जयंती मनाई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ग्रामीण भाग सिंह दमदमा, प्रदेश महासचिव दिलबाग नैन,ब्लॉक अध्यक्ष पिंजौर निर्मल नानकपुर, ब्लॉक अध्यक्ष रायपुररानी कपिल अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोरनी बलदेव गवाही, हलका अध्यक्ष अजय गौतम, जिला कार्यालय सचिव गुरबचन पुंज, बुद्धिजीवी सेल संयोजक केसी भारद्वाज व अन्य मौजूद रहे।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी करेंगे प्रदेश का नाम रोशन : ज्ञानचंद गुप्ता

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर चलने का किया आह्वान
- चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने की घोषणा पर प्रधानमंत्री का आभार जताया



अर्थ प्रकाश/ सुनील सिंघई

**पंचकूला, 25 सितंबर।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर सेक्टर-17 स्थित अपने निवास स्थान पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्पांजली अर्पित कर नमन किया और लोगों से उनके द्वारा दिए गए एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से जुड़कर देश के नाम उनके संबोधन को भी सुना।

श्री गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय हम सबके प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनकी जयंती के उपलक्ष्य में जिले के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने बूथों पर पांच-पांच कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर चलते हुए गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाएं लागू की हैं। उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 3 करोड़ महिलाओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए गए। इसके अलावा देश में करोड़ों लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों को फसलों का उचित मूल्य देने के लिए अनेक घोषणाएं की है। उन्होंने कहा कि आज हम सब को मिलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर प्रण लेने की आवश्यकता है कि उनके द्वारा एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर चलते हुए समाज हित के लिए कार्य करेंगे।

## चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने की घोषणा कर हरियाणावासियों का किया सम्मान

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर रखे जाने की घोषणा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों की इच्छा को देखते हुए हरियाणा विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर रखा जाए। श्री नरेंद्र मोदी ने आज उस मांग को पूरा किया है। श्री गुप्ता ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जीवन में योग और खेलों को अपनाने का भी आह्वान किया है। इस पर हम सभी को अमल करने की आवश्यकता है।

# युवाओं का प्रशासन के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन

**कालका (अप्रस/जग्गी)।** आज पिंजौर के स्थाई युवाओं ने भारी बारिश के बावजूद भी पिंजौर गार्डन पर एकत्रित हो कर पिंजौर कालका के क्षेत्र में बढ़ रही युवाओं की मौत के प्रकोप के संबंध में प्रशासन के विरुद्ध रोष प्रदर्शन किया। समाजसेवी सचिन शर्मा ने बताया कि दिन प्रतिदिन युवाओं की मौत की सूचना प्राप्त हो रही है जिनके कारणो का अभी तक पता नहीं चल पाया है वह और उनकी टीम अपनी तरफ से मिलकर ज़रूरत मंद मरीज़ों को प्लेटलेट डोनर का इंतेजाम करवाने में लगे है काबिले गौर है कि अब तक समाजसेवी सचिन शर्मा अपने मेहनत और स्थानियों युवाओं के साथ से 60 से अधिक लोगों को प्लेटलेट्स डोनेट करके उनका जीवन बचा चुके है।





















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@yahoo.com, arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)